राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

उज्ज्वल दुनिया

खबरों की बुलंद आवाज

रांची, दिल्ली और यूपी से एक साथ प्रकाशित

आज का दिन

देश-दुनिया के इतिहास में 20 अप्रैल की तारीख तमाम ऐतिहासिक घटनाओं के लिए महत्वपूर्ण है। उसमें से एक है हिटलर का जन्म। इसके साथ ही यह तारीख अंतरिक्ष के इतिहास में भी अहम है। इसी तारीख को 1972 में अपोलो-16 अभियान चंद्रमा पर पहुंचा था।

वर्ष, 09 | पृष्ठ 12 | अंक 290 | रांची, शनिवार, 20 अप्रैल 2024 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwalduniyapress@ gmail.com

पहले चरण में 60 प्रतिशत से अधिक मतदान, प. बंगाल में सबसे ज्यादा 77% और बिहार में सबसे कम 47%

नई दिल्ली, 19 अप्रैल (हि.स.)। लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण में शुक्रवार को 21 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में हुआ मतदान छिटपुट घटनाओं को छोड़कर लगभग शांतिपूर्ण रहा। मतदान का आंकड़ा 60 प्रतिशत से अधिक रहा। आंकड़ों का मिलान किया जा रहा है और यह आंकड़ा आधा-एक प्रतिशत तक बढ़ सकता है। त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल और असम में 70 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। मतदान सुबह 7 बजे से शुरू होकर शाम 6 बजे तक चला। इसके साथ ही सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश की राज्य विधानसभाओं और 18वीं लोकसभा के लिए 10 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में मतदान प्रक्रिया पूरी हो गई।

चुनाव आयोग के अनुसार पहले चरण में अरुणाचल प्रदेश की सभी दो सीटों पर 66.21, असम की 14 सीटों पर 71.56, बिहार की चार सीटों पर 47.74, छत्तीसगढ़ की 11 सीटों पर 63.41, मध्य प्रदेश की छह सीटों पर 63.50, महाराष्ट्र की पांच सीटों पर 55.35, मणिपुर की दो सीटों पर 68.81, मेघालय की सभी दो सीट पर 73.89, मिजोरम की एक सीट पर 54.23, नगालैंड की एक सीट पर 56.91, राजस्थान की 12 सीट पर 52.43, तमिलनाडु की सभी 39 सीटों पर 62.32, त्रिपुरा की एक सीट पर 80.84, उत्तर प्रदेश की आठ सीटों के लिए 57.90, लक्षद्वीप की एकमात्र सीट पर 59.02, पुदुचेरी की एकमात्र सीट पर 73.37, उत्तराखंड की सभी पांच सीटों पर 53.77, पश्चिम बंगाल की तीन सीट पर 77.57, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की एकमात्र सीट पर 56.87 और जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर 65.08 प्रतिशत मतदान हुआ है।

इसके अलावा अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के लिए 68.24 प्रतिशत और सिक्किम विधानसभा के लिए 68.04 प्रतिशत मतदान हुआ है। उपचुनाव की बात की जाए तो तमिलनाडु की एक विल्वनकोड सीट पर 56.68 और त्रिपुरा की रामनगर सीट पर 67.81 प्रतिशत मतदान हुआ है। उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, मेघालय, नागालैंड, मिजोरम, तमिलनाडु और केंद्र शासित प्रदेश पुदुचेरी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप सहित 10 राज्यों ने अपनी मतदान प्रक्रिया पूरी कर ली।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्तों- ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के नेतृत्व में आयोग ने निर्वाचन सदन में सभी निर्वाचन क्षेत्रों में पहले चरण में मतदान की प्रगति की लगातार निगरानी की। इस उद्देश्य के लिए मुख्यालय में एक अत्याधुनिक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया था। राज्य व जिला स्तर पर भी ऐसे ही नियंत्रण कक्ष बनाये गये थे।

चुनाव आयोग के अनुसार आज मतदान केंद्रों के दृश्यों में समावेशी चुनाव सुनिश्चित करने के प्रयासों के सफल परिणाम देखने को मिले। विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने की खुशी से झूमते हुए देश भर के मतदान केंद्रों पर आए। दक्षिण अंडमान में स्ट्रेट द्वीप से ग्रेट अंडमानी जनजाति ने भी उत्साहपूर्वक मतदान में भाग लिया।

लोकसभा चुनाव में बस्तर के 56 गांवों के लोगों ने पहली बार अपने ही गांव में बने मतदान केंद्र पर वोट डाला। गढ़चिरौली चिमुर, महाराष्ट्र से एक अन्य उदाहरण में, हेमलकसा बूथ पर स्थानीय जनजातीय बोली का उपयोग किया गया था, जिसमें सभी प्रासंगिक जानकारी शामिल थी। बिहार के बोधगया में बौद्ध भिक्षुओं को मुस्कुराते हुए और अपनी उंगलियों पर गर्व का प्रदर्शन करते हुए देखा गया। पश्चिम बंगाल और मणिपुर में हिंसा की कुछ छिटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान काफी हद तक शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से जारी है। पश्चिम बंगाल में कूचबिहार और जलपाईगुड़ी में कुछ स्थानों पर भाजपा और टीएमसी के कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़पें हुईं।

क्विक न्यूज

सलमान खान को फिर से लॉरेंस बिश्नोई नाम पर धमकी देने वाला उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार

मुंबई। सलमान खान को फिर से गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर फिर से धमकी देने वाले को मुंबई पुलिस ने उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लिया है। बांद्रा पुलिस स्टेशन की टीम रोहित त्यागी से गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के साथ संबंधों के बारे में पूछताछ कर रही है।

पुलिस के अनुसार रोहित त्यागी ने लॉरेंस बिश्नोई के नाम से ओला कैब बुक की। ओला कैब को सलमान के गैलेक्सी अपार्टमेंट का पता दिया था। बुकिंग के बाद ओला ड्राइवर सलमान के गैलेक्सी अपार्टमेंट पहुंचा। अपार्टमेंट के गेट के पास कार रोकने के बाद ओला ड्राइवर ने वहां मौजूद सिक्योरिटी गार्ड से पूछा कि क्या वहां लॉरेंस बिश्नोई नाम का कोई शख्स रहता है, क्योंकि कार उसी नाम से बुक की गई थी।

ओला ड्राइवर ने जैसे ही लॉरेंस बिश्नोई का नाम पुकारा तो गैलेक्सी अपार्टमेंट के सुरक्षा गार्ड सतर्क हो गए। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने ओला कैब ड्राइवर से गहन पूछताछ की तो रोहित त्यागी के बारे में पता चला। इसके बाद पुलिस ने ट्रेस करके गाजियाबाद जाकर रोहित त्यागी को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले सलमान खान के घर पर फायरिंग करने वाले सागर पाल और विक्की गुप्ता को गुजरात के भुज से गिरफ्तार किया गया था। अदालत में पेश करने के बाद दोनों को पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

लू की चपेट में झारखंड अधिकतम पारा 43 डिग्री पार

रांचीः राजधानी रांची समेत राज्यभर में लगभग हिस्सा गर्म हवाओं की चपेट में है। अधिकतम तापमान हर दिन बढ़ता ही जा रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र के रिपोर्ट के अनुसार पिछले 24 घंटे में मौसम शुष्क रहा है। इस बीच जिले का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। शुक्रवार को 43.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान 23.07 डिग्री रहा। मौसम विभाग ने अपने पूवार्नुमान में कहा है कि जिस तरह का मौसम अभी चल रहा है, ऐसी स्थिति पूरे माह रहने वाली है। मई से 15 जून तक गर्मी बढ़ेगी ही।

मौसम विज्ञान केंद्र के रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर पश्चिम से चल रही शुष्क हवा के कारण करीब करीब इलाका लू की चपेट में आ गया है। अधिकतम तापमान बढ़ रहा है और गर्म हवाएं चलने से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। दोपहर दो बजे जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के कोयल नदी पुल पर गर्म से लोग अपने चेहरे को ढककर चलते पाए गए। पूरा बदन झुलस रहा था। हालांकि मौसम विभाग ने अपने पूवार्नुमान में मौसम के बदल जाने की बात कही है। 22 अप्रैल को हल्के बादल छाए रह सकते हैं। मौसम में यह परिवर्तन थोड़ा राहत दे सकता है।

जैक 10वीं का रिजल्ट घोषित, 90.39 फीसदी परीक्षार्थी सफल, ज्योत्सना ज्योति राज्य टॉपर

रांची, उज्ज्वल दुनिया सं

फर्स्ट, सेकेंड और थर्ड टॉपर रहीं लड़कियां

इस बार 20 दिन पहले रिजल्ट आया : अनिल महतो

झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने शुक्रवार को माध्यमिक बोर्ड परीक्षा (10वीं बोर्ड) का रिजल्ट जारी कर दिया है। मैट्रिक परीक्षा में 90.39 फीसदी बच्चों ने सफलता हासिल की है। मैट्रिक परीक्षा में 4,21,678 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें से 3,38,398 (90.39 फीसदी) पास हुए हैं।

परीक्षा में 2,05,110 परीक्षार्थी (54.20 फीसदी) फर्स्ट डिवीजन जबकि 1,53,733 (40.65 फीसदी) सेकेंड डिवीजन और 19,555 (5.17 फीसदी) थर्ड डिवीजन से पास हुए हैं। एक बार फिर झारखंड की बेटियों ने बाजी मार ली है। परीक्षा में 91 प्रतिशत लड़कियां और 89.7 प्रतिशत लड़के सफल हुए हैं। जमशेदपुर का रिजल्ट सबसे अच्छा 94 प्रतिशत रहा जबकि 84.5 फीसदी के साथ देवघर का सबसे खराब प्रदर्शन रहा। पिछले साल (2023) मैट्रिक की परीक्षा में 95.38 फीसदी रिजल्ट रहा था।

झारखंड शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह, माध्यमिक शिक्षा निदेशक उत्कर्ष गुप्ता, झारखंड एकेडमिक काउंसिल के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार महतो और सचिव एसडी तिग्गा ने संयुक्त रूप से रिजल्ट जारी किया। झारखंड टॉपर हजारीबाग की रहने वाली और इंदिरा गांधी विद्यालय की छात्रा ज्योत्सना ज्योति को 99.2 प्रतिशत नंबर मिले हैं। सेकेंड टॉपर सना संजरी 98.6 प्रतिशत और थर्ड टॉपर करिश्मा सृष्टि सौम्या को 98.4 प्रतिशत नंबर मिले हैं।

जैक 10वीं की परीक्षा छह फरवरी से 26 फरवरी तक आयोजित की गयी थी। इस बार बोर्ड परीक्षा में चार लाख 21 हजार 687 परीक्षार्थी शामिल हुए। बोर्ड परीक्षा को लेकर कुल 1,238 परीक्षा केंद्र बनाये गये थे। साल 2023 की बात करें जैक मैट्रिक की परीक्षा 14 मार्च से तीन अप्रैल तक आयोजित की गयी थी। मैट्रिक की परीक्षा के लिए 1225 परीक्षा केंद्र बनाये गये थे। इस परीक्षा में 4.34 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे।

जैक अध्यक्ष डॉ. अनिल महतो ने कहा कि आम चुनाव को देखते हुए हम लोग इस बार जल्दी रिजल्ट जारी कर रहे हैं। अन्य सालों के मुकाबले इस बार 20 दिन पहले रिजल्ट हुआ है।

मुख्यमंत्री ने मैट्रिक की परीक्षा में सफल हुए सभी विद्यार्थियों को बधाई दी

रांची। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने शुक्रवार को माध्यमिक बोर्ड परीक्षा (10वीं बोर्ड) का रिजल्ट जारी कर दिया है। मैट्रिक परीक्षा में 90.39 फीसदी बच्चों ने सफलता हासिल की है। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने मैट्रिक की परीक्षा में सफल हुए सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परीक्षा में बेटियों का शानदार प्रदर्शन देख कर खुशी हुई, जो छात्र किसी कारणवश सफल नहीं हो पाये, उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है। वे अभी से तैयारी में लग जायें ताकि अगली बार बेहतर परिणाम मिले। आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश महतो ने जैक बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की ढेरों शुभकामनाएं दी।

जनजातियों के संगठन का बहिष्कार, नगालैंड के छह जिलों में नहीं पड़ा एक भी वोट

कोहिमा। पूर्वी नगालैंड के छह जिलों के जनजातियों के संगठन के बहिष्कार के चलते 20 विधानसभा क्षेत्र में शुक्रवार को पहले चरण के मतदान में एक भी वोट नही डाला गया। मतदान केंद्रों पर सन्नाटा छाया रहा। यहां तक कि इस क्षेत्र के 20 विधायकों ने भी मतदान नहीं किया। नगालैंड के मुख्य चुनाव अधिकारी ने इन संगठन को नोटिस जारी किया है। दरअसल, नगालैंड के म्यांमार की सीमा से सटे सभी छह जिलों के जनजातियों के संगठन पूर्वी नागालैंड पीपल्स ऑर्गेनाइजेशन (ईएनपीओ) ने फ्रंटियर नगालैंड नाम से पृथक राज्य की मांग पूरी न होने लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने की घोषणा की थी। इसके चलते 20 विधानसभा क्षेत्रों के किसी भी मतदान पर एक भी वोट नहीं डाला गया। शुक्रवार दोपहर 1 बजे तक एक भी वोट नहीं पड़ने पर नगालैंड के मुख्य चुनाव अधिकारी ने इन संगठन को नोटिस जारी किया है। चार लाख से अधिक मतदाताओं वाले इस क्षेत्र में सात जनजातीय समूहों का प्रतिनिधित्व करने वाले ईएनपीओ की ओर से बहिष्कार का आह्वान किया गया था। यह संगठन सन् 2010 से एक अलग राज्य की मांग कर रहा है। ईएनपीओ क्षेत्र का गठन करने वाले नगालैंड के मोन, तुएनसांग, लॉन्गलेंग, किफिरे, शामतोर और नोकलाक जिले इसमें शामिल हैं।

कांग्रेस देशहित में विश्वास रखने वाली पार्टीः खड़गे

कटिहार (बिहार)। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शुक्रवार को बिहार के कटिहार जिला पहुंचे। उन्होंने राजेन्द्र स्टेडियम में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और बिहार में एनडीए की सरकार होने के बावजूद सीमांचल का क्षेत्र काफी पिछड़ा हुआ है। यहां के कल कारखाने बंद हो गए और शेष बंद होने के कगार पर हैं। यहां के लोग रोजगार को लेकर पलायन कर रहे हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कुछ लोग कल तक हमारे साथ थे लेकिन आज वे बीजेपी और एनडीए गठबंधन के साथ हैं लेकिन जनता अभी भी आईएनडीआई एलायंस के साथ मजबूती से जुड़ी है। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस सिद्धांत वाली पार्टी हमेशा से रही है। हमेशा देशहित में विश्वास रखने वाली पार्टी है। कांग्रेस के दो बड़े नेता इंदिरा गांधी एवं राजीव गांधी ने देश की सेवा करते हुए जान दे दी। कांग्रेस का उसूल होता है, जिनके लिए हम लड़ते रहते हैं और बीजेपी का क्या है आरएसएस के एजेंडे को आगे ले जाना।

खड़गे ने जनसभा में मौजूद लोगों से पूछा कि क्या आप चाहते हैं कि इस देश में आरएसएस का एजेंडा चले? यदि नहीं तो कटिहार से कांग्रेस प्रत्याशी तारिक अनवर को भारी बहुमत देकर देश में आईएनडीआई एलायंस को मजबूत करते हुए केंद्र में सरकार बनाये।

मप्र के गुना में लव जिहाद, हिंदू लड़की को घर में बंधक बनाकर दरिंदगी करता रहा अयान पठान

भोपाल, एजेंसी

पिटाई के बाद जख्मों पर डाली मिर्च, होठों को फेवीक्विक से चिपकाया

मध्य प्रदेश के गुना जिले से लव जिहाद का खौफनाक मामला सामने आया है। एक मुस्लिम युवक ने लिव इन रिलेशनशिप में रहने वाली हिंदू युवती के साथ हैवानियत की सारी हदें पार दी। उसने युवती पर जबरन शादी और मकान की रजिस्ट्री का दबाव बनाया और जब युवती ने इनकार किया तो उसे बेरहमी से पीटा और उसके बाद जख्मों एवं आंख में मिर्च डाली। इतना ही नहीं चीखने पर उसके होंठों पर फेवीक्विक डाल दी।

मामला गुना जिले के कैंट थाना क्षेत्र के नानाखेड़ी इलाके का है। यहां एक हिंदू लड़की को मुस्लिम युवक अयान पठान ने अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। लड़की की मां को इस रिश्ते से आपत्ति थी लेकिन वह मां से लड़कर अयान के पास पहुंच गई।

रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में हॉकी लीग आज से

रांची, उज्ज्वल दुनिया सं

लीग में पुरुषों की 12 व महिलाओं की छह टीमें हिस्सा ले रही

रांची के हॉकी प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। 20 साल बाद एक बार फिर से हॉकी रांची लीग शुरू होनेवाली है। इस लीग से उभरते खिलाड़ियों को अपना कौशल निखारने का मौका मिलेगा। शनिवार से मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में लीग शुरू होगी। इसके लिए तैयारी पूरी कर ली गयी है। लीग में कुल 18 टीमें भाग ले रही हैं। इनमें पुरुषों की 12 और महिलाओं की छह टीमें शामिल हैं। इसके लिए हॉकी रांची की ओर से कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। पुरुषों की टीम को दो अलग-अलग पूल में रखा गया है। लीग का पहला चरण 26 अप्रैल तक चलेगा। इसके बाद 30 अप्रैल से पहली राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग रांची में होगी, जो 10 मई तक चलेगी। इस टूनार्मेंट के बाद हॉकी रांची लीग का दूसरा चरण शुरू होगा। हालांकि दूसरे चरण की तिथियों की घोषणा नौ मई के बाद की जायेगी।प्रतिदिन दो मैच खेले जायेंगे। शनिवार को दोपहर दो बजे से पुरुष वर्ग के पहले मैच में बापू क्लब व रेलवे की टीम आमने-सामने होगी।

हमारी सरकार न किसी से दबती है और न किसी के सामने झुकती हैः मोदी

दमोह,एजेंसी

यह भारत को दुनिया की बड़ी शक्ति बनाने का चुनाव हैः प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को मध्य प्रदेश के दमोह में लोकसभा प्रत्याशी राहुल लोधी के समर्थन में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस समय केन्द्र में जो भाजपा की सरकार है वह न किसी दबाव में आती है और न ही किसी के सामने झुकना जानती है। उन्होंने भाजपा सरकार की पिछले 10 वर्षों की अहम उपलब्धियों को गिनाते हुए फिर एक बार प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकार बनाने की अपील की। उन्होंने

कहा कि 2024 का लोकसभा चनाव केवल सांसद चुनने का नहीं, बल्कि देश की आने वाली पीढ़ी के भविष्य को सुनिश्चित करने का चुनाव है। यह चुनाव आने वाले पांच वर्ष में भारत को दुनिया की बड़ी शक्ति बनाने का चुनाव है। जब दुनिया भर में युद्ध का माहौल हो तो भारत में युद्ध स्तर पर काम करने वाली मजबूत सरकार का होना आवश्यक है। यह काम केवल पूर्ण बहुमत वाली भाजपा की सरकार ही कर सकती है।

उन्होंने कहा कि बीते 10 वर्षों में देश ने देखा है कि एक स्थिर सरकार विपरीत परिस्थियों में भी कुशल कार्य कर सकती है। कोरोना काल में पूरी दुनिया में हाहाकार मच गया था, मगर देश की मजबूत भाजपा सरकार ने पूरी दुनिया से भारतीयों को देश में सुरक्षित वापस लाई। भाजपा सरकार ने करोड़ों भारतीयों को निःशुल्क राशन प्रदान किया और कोरोना से बचाव के लिए वैक्सीन की खुराक भी लगवाई। भाजपा ने राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत पर कार्य करते हुए देशहित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज विश्व में बहुत से देशों की हालत खराब है, कई देश दिवालिया होने की कगार पर खड़े हैं। भारत का एक पड़ोसी देश, जो आतंक का सप्लायर था, वह अब आटे की सप्लाई के लिए तरस रहा है। ऐसे वैश्विक हालातों में भारत, विश्व में सबसे तेजी से विकसित हो रहा है। आज दुनिया में भारत की वाह-वाही हो रही है, जिस पर हर भारतीय को गर्व हो रहा है। यह सब देश की जनता के वोट के कारण ही हो पाया है। देश के कोने-कोने में फिर एक बार मोदी सरकार के नारों की गूंज सुनाई दे रही है।

कांग्रेस ने देश को कमजोर करने का काम कियाः उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने भारत के रक्षा क्षेत्र को दशकों तक कमजोर बनाए रखा। कांग्रेस की सरकारों ने सेना के लिए हथियार खरीदने में भी अपना फायदे पर ज्यादा ध्यान दिया। इन लोगों ने पूरी ताकत लगाकर देश की वायुसेना को कमजोर करने और राफेल विमान से वंचित रखने का प्रयास किया। अगर आज देश में कांग्रेस की सरकार होती भारत में निर्मित तेजस फाइटर प्लेन आकाश की बुलंदियों की नहीं छू रहा होता। भाजपा सरकार ने भारतीय सेना को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाया है। आज भारत की पहचान, दूसरे देशों को हथियार निर्यात करने वाले देश के रूप में बन रही है। पिछले वर्ष में भारत ने 21 हजार करोड़ रुपए के हथियार दूसरे देशों को बेचे हैं। भारत ब्रह्मोस मिसाइल को भी निर्यात करने की ओर आगे बढ़ रहा है।

गर्मियों के मौसम में रिकॉर्ड 9,111 अतिरिक्त फेरे लगा रही हैं ट्रेन : रेल मंत्रालयं

नई दिल्ली। रेल मंत्रालय के अनुसार, यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने और गर्मियों के दौरान यात्रा की मांग में अपेक्षित वृद्धि को प्रबंधित करने के लिए भारतीय रेलवे इस सीजन के दौरान रिकॉर्ड 9111 फेरों का संचालन कर रही है।

मंत्रालय ने शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि यह 2023 की गर्मियों की तुलना में पर्याप्त वृद्धि दशार्ता है, जहां कुल 6369 फेरों की पेशकश की गई थीं। यह 2742 फेरों की वृद्धि दशार्ता है, जो यात्रियों की मांगों को प्रभावी ढंग से पूरा करने के प्रति भारतीय रेल की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

प्रमुख रेल मार्गों पर निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने के लिए देश भर के प्रमुख गंतव्यों को जोड़ने के लिए अतिरिक्त ट्रेनों की सावधानीपूर्वक योजना बनाई गई है। समस्तर जोनल रेल द्वारा देश भर में गर्मियों के मौसम में तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, झारखंड, मध्य प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली जैसे राज्यों से यात्रियों की भीड़भाड़ को कम करने के लिए इन अतिरिक्त फेरों को संचालित करने की तैयारी कर ली गई है।

16 जोनल रेलवे में कुल 9111 फेरे अधिसूचित हैं। इनमें मध्य रेलवे 488, पूर्वी रेलवे 254, पूर्व मध्य रेलवे 1003, पूर्वी तट रेलवे 102, उत्तर मध्य रेलवे 142, पूर्वोत्तर रेलवे 244, प्रूवोत्तर सीमा रेलवे 88, उत्तर रेलवे 778, उत्तर पश्चिम रेलवे 1623, दक्षिण मध्य रेलवे 1012, दक्षिण पूर्व रेलवे 276, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे 12, दक्षिण पश्चिम रेलवे 810, दक्षिणी रेलवे 239, पश्चिम मध्य रेलवे 162 और पश्चिमी रेलवे 1878 अधिसूचित फेरे हैं। अतिरिक्त ट्रेनों की योजना बनाना और संचालित करना एक सतत प्रक्रिया है जिसके लिए किसी मार्ग विशेष पर चलने वाली रेलगाड़ियों की मांग का आकलन करने के लिए पीआरएस प्रणाली में प्रतीक्षा सूची वाले यात्रियों का डाटा मिलता है।

लोकसभा चुनाव को लेकर मुख्यालय डीएसपी ने चितरपुर में बूथ पर सुरक्षा का लिया जायजा

रजरप्पा। हजारीबाग लोकसभा 2024 चुनाव की तैयारी को देखते हुए मुख्यालय डीएसपी चंदन कुमार वत्स ने विभिन्न मतदान केंद्र और बूथों का निरीक्षण कर जायजा लिया। इस मौके पर वे चितरपुर महाविद्यालय पहुंचे। और वहाँ विभिन्न कमरा,पानी, बिजली, वॉशरूम आदि का निरीक्षण कर स्थलों को चिन्हित किया गया। वहीं पुलिस बल के जवानों को मतदान केंद्र पर ठहरने की समुचित व्यवस्था के मद्देनजर भी जांच पड़ताल की गई।साथ में आए पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।इस मौके पर रामगढ़ सार्जेंट मंटू यादव, रजरप्पा इंस्पेक्टर नवीन प्रकाश पांडेय ।

स्वीप अंतर्गत वोटर अवेयरनेस को लेकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

रामगढ। आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है।इसी क्रम में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती कनक तिर्की के द्वारा शुक्रवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आंगनबड़ी सहिया, सेविका(बीएलओ) के द्वारा आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित किया गया यथा रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता सहित कई विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही जेएसएलपीएस डीपीएम श्रीमती रीता सिंह के नेतृत्व में जेएसएलपीएस दीदियों द्वारा रैली के माध्यम बनाए गए मतदाता जागरूकता को लेकर पोस्टर के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र में वोट करेगा रामगढ़, 20 मई चुनाव का पर्व देश का गर्व आई एम रेडी टू वोट थीम के तहत मतदाता जागरूकता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में जो रामगढ़ जिलें में 20 मई को मतदान करने हेतु मतदाता शपथ भी दिलाई गई ।इस दौरान बीएलओ द्वारा घर घर घूम कर वैसे मतदाता जिनका अभी तक मतदाता पहचान पत्र नहीं बना है वैसे मतदाताओं को चिन्हित कर फ्रॉम 6 भर कर नया मतदाता पहचान पत्र बनाया जा रहा है साथ ही जिन मतदाताओं का मतदाता सूची में नाम नहीं जुड़ा है उन सबको जानकारी देते हुए बताया गया कि 24 अप्रैल 2024 तक वोटर हेल्पलाइन 1950 में कॉल कर अपना नाम मतदाता सूची में जोड़ सकते हैं।इस दौरान आंगनबाड़ी सहिया सेविका ने अपने-अपने क्षेत्र में सभी मतदाताओं को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में सभी मतदाताओं को जागरुक करते हुए बिना लोग लालच या दबाव में आए हुए 20 मई को अपने नजदीकी मतदान केदो में जाकर अपना बहुमूल्य मतों का उपयोग को लेकर ।

मारवाडी महिला समिति रामगढ ने लगाया अरिहंत होटल में कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर

कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण सह कान मशीन वितरण कार्यक्रम संपन्न

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

रामगढ। मारवाड़ी महिला समिति रामगढ़ शाखा के तत्वाधान में स्थानीय होटल अरिहंत पैलेस के सभागार में कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही सूनने में अक्षम करिब 80 मरीजों की जांच कर उन्हें कान की मशीन उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रसिद्ध समाजसेवी एवं झारखंड प्रांत मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष वसंत मित्तल द्वारा किया गया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी ने भी भाग लिया। विस्तृत जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष निशा जैन ने बताया कि मारवाड़ी महिला समिति का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्तियों तक समिति की कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाना है।

इसी के तहत समिति द्वारा शुक्रवार को करीब 50 विकलांगों को आधुनिक किस्म के अंग प्रदान किए गए।साथ ही श्रीमती जैन ने आए हुए आगंतुकों के समक्ष समिति के पूर्व में किए गए कार्यों तथा समिति द्वारा आने वाले समय में किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम में मंच संचालन सरिता जैन ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन समिति की सचिव ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तथा आए हुए आगंतुको ने समिति के समाजसेवी कार्यों की जमकर सराहना की तथा समिति के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

डीएवी गिद्दी में मनाई गई महात्मा हंसराज कि जयंती, विशेष प्रार्थना सभा और हुआ वैदिक हवन

गिद्दी। डीएवी पब्लिक स्कूल गिद्दी ए में विशेष वैदिक हवन एवं प्रार्थना सभा आयोजित कर महात्मा हंसराज की जयंती मनाई गई। इस दौरान प्राचार्य, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं ने तप, त्याग व बलिदान की प्रतिमूर्ति कर्मयोगी महात्मा हंसराज जी की जयंती पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा हंसराज के चित्र पर प्राचार्य मनप्रीय चटर्जी ने पुष्प अर्पित कर किया।इसके पश्चात एक विशेष हवन का आयोजन किया गया। जिसमें आर्य समाज एवं विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना की गई तथा महात्मा जी के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया गया।इस विशेष समारोह में प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों को महात्मा हंसराज के आदर्श जीवन के बारे में बताते हुए कहा कि वे एक महान कर्मयोगी थे। इस संसार में जो महान पुरुष होते हैं, वे प्रेरणा के अमर दीप बनकर लोक समुदाय की आंखों में समाएं रहते है। ऐसे ही महापुरुष थे महात्मा हंसराज। उनका जन्म 19 अप्रैल 1864 को पंजाब के होशियारपुर जिले के भारत के विख्यात संगीतज्ञ बैजू वावरा के गांव बजवा?ा में हुआ था। स्वामी दयानंद सरस्वती के देहावसान के बाद उन्होंने आर्य समाज और वैदिक संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए डीएवी विद्यालय कि स्थापना की तथा आजीवन इस संगठन के विभिन्न पदों पर रहते हुए अवैतनिक सेवा प्रदान किए। अपनी धैर्य व लगन, परोपकार, उच्च विचार, सादगी एवं स्वावलंबन के बल पर महात्मा जी आज भी जन-जन के कंठ में समाए हुए हैं। उनका संपूर्ण जीवन साधना, संघर्ष एवं समन्वय पर आधारित था।इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद थे।.

अवैध महुआ शराब का धंधा जोरों पर

गुमला – गुमला जिले में अवैध शराब का धंधा जोरों पर है और प्रशासन इस पर रोक लगाने में अनदेखी कर चुप्पी साधे हुए हैं, कारण है, अवैध महुआ दारू शराब और हंडिया नशीला पदार्थ छोटा नागपुर - झारखंड की राजधानी सहित गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच है अवैध शराब (दारू) हडिया का , क्योंकि आदिवासी समाज के जन्म से लेकर मृत्यु संस्कारों में इसे प्रयोग किया जाता है और तो और न्यायालय में अवैध महुआ शराब दारू और हडिया पीते या घर में बनाकर बेचते पाए जाने के बावजूद और अपराध न्यायालय के समक्ष स्वीकार करने बावजूद मात्र और मात्र जुर्माना लेकर उन्हें दोष मुक्त कर दिया जाता है , फलस्वरुप सुदूर ग्रामीण क्षेत्रो में घर घर में अवैध जावा महुआ से चुलईया शराब दारू तैयार कर धड़ल्ले से बेचा जा रहा है, शराब दारु और हडिया दशकों से कुटीर उद्योग का रूप ले लिया है , गुमला लोहरदगा सिमडेगा सहित मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में कुटीर उद्योग रूप धारण कर चुकी है फलस्वरुप खुले आम बेची जा रही है अवैध शराब दारू हडिया जिसे और नशीला बनाने के लिए और तैयार करने में सल्फेट , यूरिया , रानू, नौसादर ,सहित अन्य अनेक जहरीली दवा और और कीटनाशक रासायनिक पदार्थो का भी जमकर प्रयोग और उपयोग किया जाता है , और क्वांटिटी अधिक पढ़ने पर उक्त शराब और हड्डियां जहरीले हो जाते हैं फल स्वरुप उक्त जहरीले अवैध महुआ जावा शराब एवं हडिया पदार्थ पीने से लोगों की मृत्यु भी हो जाती है , उक्त मादक पदार्थों की वजह से प्रत्येक दिन अपराधिक घटनाएं मारपीट , हत्या, बलात्कार, चोरी , डकैती आदि घटनाएं घटती रहती है, उक्त मादक पदार्थो की वजह से सैकड़ो परिवार यहां कंगाली के कगार पर पहुंच चुके हैं, साथ ही साथ कई परिवार शराब दारु हडिया और जुआ के कारण बुरी तरह बर्बाद हो चुके हैं, और तो और सरकार की दोहरी नीति ने तो इस क्षेत्र की गरीब जनता को कंगाली के कगार पर पहुंचने में कोई कसर नहीं छोड़ी है , एक तरफ सरकार लाखों करोड़ों रुपया खर्च कर , शराब जहर है , शराब गरीबी बीमारी और तबाही लाती है , शराब का जो हुआ शिकार उजड़ा उसका घर संसार आदि अनेक आकार प्रकार के विज्ञापनों और जागरूकता फैलाने में खर्च करती है, और इसके बचाव के लिए क्षेत्रीय भाषा में (एन्दरा अखदय नीन) आदि नशाखोरी रोकने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के आकर्षक एवं लुभाने विज्ञापन पत्र पत्रिकाओं में , पंपलेट पोस्टर आदि में प्रकाशित कर समय-समय पर जनसंपर्क विभाग एवं एनजीओ ।

इस बार मैट्रिक परीक्षाओं में 91.86 फीसदी छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए

गुमला– आज झारखण्ड अधिविद्य परिषद रांची द्वारा राज्य के सरकारी और सम्बद्ध निजी विद्यालयों में वर्ष 2023-24 के दौरान मैट्रिक (कक्षा 10) में पंजीकृत छात्र-छात्राओं के लिए इस साल 6 से 26 फरवरी 2024 तक आयोजित बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम आज घोषित किए गए। इस बार की मैट्रिक परीक्षाओं में 90.39 फीसदी छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं। वहीं गुमला जिले के छात्र छात्राओं के परिणाम ने पिछले वर्ष की तुलना में झारखंड राज्य में 17वीं रैंक से 7वे रैंक का सफर तय करते हुए राज्य में शिक्षा के स्तर में एक बेहतर उपलब्धि हासिल की है। इस बार की मैट्रिक परीक्षाओं में गुमला जिले में 91.86 फीसदी छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए हैं जो की राज्य के औसतन अंक से अधिक है, एवं गुमला जिले ने राज्य में 7वां स्थान हासिल किया।

इस वर्ष जिले में 6557 छात्रों एवं 7373 छात्राओं ने मैट्रिक की परीक्षा में भाग लिया जिसमें से कुल 2879 छात्र एवं 3679 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी प्राप्त किया। तथा 47.078 प्रतिशत विद्यार्थियों ने इस बार मैट्रिक की परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। वहीं 2759 छात्र एवं 3021 छात्राएं द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए तथा 255 छात्र एवं 459 छात्राएं तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

गुमला जिले में 2023 में उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी के दिशा निर्देश से प्रारंभ हुए ÷सिकछा कर भेंट गतिविधि के तहत मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा में सुधारात्मक परिणाम हेतु लगातार कई गतिविधि करते हुए विद्यार्थियों के शिक्षा के स्तर को बेहतर करने का प्रयास किया गया ।

इस बार दिन भर मतदान

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

गुमला– 12 लोहरदगा (अ. ज.जा.) लोकसभा आम चुनाव के तहत 13 मई 2024 को मतदान की तिथि निर्धारित है। इसे लेकर जिले के स्वीप कोषांग के द्वारा जिले के मतदाताओं को जागरूक करने हेतु लगातार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करते हुए मतदाताओं को चुनाव के इस महापर्व में भाग लेने हेतु प्रेरित किया जा रहा है, एवं प्रत्येक श्रेणी के मतदाताओं को जागरूक करने हेतु अलग अलग गतिवधि का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुमला जिले के प्रवासी मजदूरों को भी जिले में 13 मई को होने वाले मतदान दिवस में आने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। जिसके तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर स्वीप कोषांग के द्वारा सभी प्रवासी मजदूरों के लिए जो जिले से बाहर जाकर कार्य कर रहें है के लिए आमंत्रण पत्र बनाएं गए हैं जिसे सभी प्रवासी मजदूरों के पास वाट्सअप, ईमेल एवं उनके परिजनों एवं उनके एड्रेस पर आमंत्रण पत्र भेजे जाएंगे।

जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी ने जानकारी दी कि इस वर्ष प्राप्त सूचना के अनुसार जिले में कुल 9093 प्रवासी मजदूरों की सूची है जो जिले के बाहर एवं अन्य प्रखंडों में जाकर काम कर रहें है, ऐसे में चुनाव की तिथि के बारे में उन्हें अवगत कराना एवं जिले में 13 मई को मतदान के महापर्व में आमंत्रित करने हेतु आमंत्रण कार्ड बनाए गए हैं, जिसे सभी प्रखंड में भेज दिया गया है। बीएलओ के सहयोग से उक्त कार्ड को जिले के प्रवासी मजदूरों तक विभिन्न माध्यमों से पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य है कि जिले के प्रवासी मजदूर भी मतदान की तिथि में जिला वापसी करें एवं अपने मतदान कर सकें।

लोकसभा आम चुनाव 2024 से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

गुमला – जिला प्रशासन के उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी एवं जिला पुलिस प्रशासन के गुमला पुलिस कप्तान शंभू कुमार सिंह ने लोकसभा आम चुनाव 2024 से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई , नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 25 अप्रैल 2024 से प्रतिदिन 11ः00 अपराह्न से 3ः00 बजे अपराह्न तक (सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़कर) नाम वापसी की अंतिम तिथि 29 अप्रैल 2024 के अपरहण 3ः00 बजे से , चुनाव चिन्ह (प्रतीक आवंटन) 29 अप्रैल अपराह्न 3ः00 बजे से , मतदान की तिथि - 13 मई 2024 को प्रातः 7ः00 बजे से 5ः00 बजे अपराह्न तक , मतगणना की तिथि (चुनाव परिणाम) 4 जून 2024 को, नाम निर्देशन के साथ अभ्यर्थी द्वारा समर्पित किया जाने वाले दस्तावेज इस प्रकार से जमा करना होगा, (1) - प्ररूप - 2 क पूर्ण रूप से भरा हुआ । (2) प्ररूप - 26 में शपथ - पत्र) प्रथम श्रेणी दंडाधिकारी अथवा नोटरी पब्लिक से । (3) नाम - निर्देशन शुल्क जमा किए जाने की नजीर रशीद की मूल प्रति । (4) सक्षम पदाधिकारी से निर्गत जाति प्रमाण - पत्र ।(5)) एवं क्क(मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दालों के अभ्यर्थियों के लिए)। (6) मतदाता सूची की सत्यापन प्रति (12 - लोहरदगा (अ 0 ज0 जा 0) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से भिन्न अभ्यर्थियों के लिए । (7) मकान किराया , बिजली बिल , एवं टेलीफोन बिल का बकाया रहित प्रमाण - पत्र जो पिछले 10 वर्षों में से किसी भी समय सरकारी आवास का उपयोग किये हो । लोकसभा आम चुनाव 2024 से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई (8) रंगीन फोटोग्राफ 15 प्रतियों में अधतन 3 माह के अंदर का । (9) निर्वाचन के निमित्त खोले गये नवीनतम खाता की विवरणी (खाताधारी का नाम , बैंक का नाम ,द्यस्नस्ष्ट ष्ठह्लष्ठश्च खाता नंबर) (10) निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में अभ्यर्थी सहित 5 (पांच) सदस्य एवं 100 मीटर परिधि के अन्दर तीन वाहन प्रवेश की अनुमति दी जा सकेगी।

एक-नजर

जैक रांची ने दसवीं बोर्ड की परीक्षा का रिजल्ट किया जारी

पतरातू। जैक रांची द्वारा 19 अप्रैल को मैट्रिक का रिजल्ट घोषित कर दिया गया। जिसमें रामगढ़ जिला अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका प्लस टू विद्यालय पतरातु की छात्राओं ने मैट्रिक परीक्षा में शत प्रतिशत अंक लाकर शानदार प्रदर्शन किया है। स्कूल की छात्रा सुनेमा कुमारी ने मैट्रिक की परीक्षा मे 418 अंक यानी 83.60त्न अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप बनने का गौरव प्राप्त किया है। वहीं स्कूल की छात्रा कविता कुमारी 417 अंक यानी 83.40त्न अंक लाकर दूसरे स्थान पर, मनीषा कुमारी 391 अंक अंक यानी 78.20त्न अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर अपनी जगह बनायी है। कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय पतरातु की वार्डेन सह फिजिकल टीचर पुष्पा कुमारी ड्ढह्र5ने कहा कि इस बार हमारे स्कूल से 42 बच्चियाँ प्रथम श्रेणी तथा द्वितीय श्रेणी से 28 बच्चियाँ उतीर्ण हुई है। स्कूल की वार्डन पुष्पा कुमारी ने कहा कि यह छात्राओं की कड़ी मेहनत का परिणाम है।उन्होंने छात्राओं से भविष्य में इसी तरह मेहनत करते हुए आगे बढ़ने का आह्वान किया। वार्डन पुष्पा कुमारी सहित विद्यालय की सभी शिक्षिकाओं ने छात्राओं को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।..

पवन क्रूस स्कूल भुरकुंडा की मेघा 10वीं बोर्ड की परीक्षा में बनी रामगढ जिला की द्वितीय टॉपर

भुरकुंडा (रामगढ)।पटेलनगर भुरकुंडा स्थित पावन क्रूस स्कूल की छात्राओं ने दसवीं जैक बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय व अपना नाम रोशन किया है। परीक्षा में विद्यालय के कुल 119 छात्राएं शामिल हुई थी। जिसमें 115 ने प्रथम श्रेणी, 3 ने द्वितीय श्रेणी से उर्तीण हुई है। विद्यालय की मेघा कुमारी ने 96 प्रतिशत 480 अंक लाकर जिले में दूसरा स्थान प्राप्त की है। वहीं विद्यालय की नैन्सी 469, आलया आफरीन व तनवी शर्मा 465, मिली 462, अंशु व माही कुमारी 461, अनामिका व सुधा सिमरन 456, प्रतिमा 452, सोनाक्षी 445, साक्षी 444 एवं अलविया किंडो ने 438 अंक लाकर विद्यालय के टॉप टेन की सूची में शामिल है। छात्राओं की सफलता पर विद्यालय की प्राचार्या सुमंती टोप्पो व सचिव सिस्टर अग्नेस ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।.....

पूरबडीह गोला में सैकड़ो महिला पुरुषों ने निकाली कलश यात्रा

रजरप्पा।श्री श्री राधा कृष्णा हरि मन्दिर पुरबडीह मे पंचदिवसीय अखंड हरि संकीर्तन कलश यात्रा निकाला गया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।सैकड़ो महिला पुरुष गेरुआ वस्त्र धारण किए हुए धार्मिक हरे रामा हरे कृष्णा राधे राधे का उद्घोष के उच्चारण से भक्ति में पूरा गांव डूब गया है।बताया गया कि प्रत्येक वर्ष 5 दिनों तक अखंड हरी कीर्तन का आयोजन किया जाता है। जिसमें लगातार 24 घंटा तक हरि कीर्तन किया जाता है। कीर्तन मंडली में दर्जनों टीम बंगाल के विभिन्न क्षेत्र से पहुंचे हैं। जिनके द्वारा अलग-अलग पाली में कीर्तन मंडली द्वारा हरि कीर्तन गायन व भजन प्रस्तुत किया जाएगा।भैरवीं नदी से पुरबडीह हरिमन्दिर तक पद यात्रा किया गया।महिला पुरूष श्रर्द्वालूओ का ताँता लगा हुआ है।मौके पर राधा, बिनोद प्रजापति, दीप नारायण महतो, नित्यानंद महतो, अशोक कुमार महतो, उप मुखिया श्रीमती फुल कुमारी, सीमा देवी, प्रीति कुमारी, मंजू देवी, पूनम कुमारी, राहुल कुमार, मनोज महतो, संजय महतो, बिक्की कुमार, राजू कुमार महतो, नील कमल, सुर्य नारायण महथा, शंकर राम, आशीत करमाली, पूर्व मुखिया कामेश्वर महतो, सचीन राम, चमन महतो, पर्वत राम, अनिकेत कुमार, उतम, लालू कुमार, लीलन कुमार महतो आदि सेकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे!.

श्रमिक हाई स्कूल अरगड्डा की छात्राओं ने मैट्रिक की परीक्षा में लहराया परचम

गिद्दी। श्रमिक हाई स्कूल अरगड्डा का जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक का परीक्षा फल शुक्रवार को प्रकाशित हुआ। इसमें लड़कियों ने अपना परचम लहराया है। मैट्रिक परीक्षा में स्कूल की टॉपर पायल कुमारी को 83.4त्न नंबर,सोनम कुमारी 83त्न और करीना कुमारी 81त्न नंबर के साथ विद्यालय में दूसरा एवं तीसरा स्थानीय प्राप्त किया। प्रथम श्रेणी में 42 छात्र, द्वितीय श्रेणी में 90 छात्र, तृतीय श्रेणी में तीन छात्र व मार्जिनल 58 छात्र रहे। कुल 193 छात्र मैट्रिक की परीक्षा में शामिल हुए थे। सफलता पर स्कूल के प्राचार्य आनंद प्रकाश पांडे ने छात्रों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए शुभकामनाएं दी है। इसके अलावे अन्य शिक्षकों ने भी छात्रों की सफलता को उनके परिश्रम का फल बताया है। साथ ही अन्य छात्रों को लगन के साथ पढ़ाई करने की बातें कही गई।.

न्याय और अधिकार के लिए प्रभात तारा मैदान रांची में शुरू होगा झामुमो का उलगुलान

रामगढ। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव फागू बेसरा ने कहा है कि न्याय और अधिकार के लिए उलगुलान होगा। जन नेता हेमंत सोरेन को एक षड्यंत्र के तहत जेल में बंद कर दिया गया है। जिससे जनता में भारी आक्रोश है।लोकसभा चुनाव में जनता इसका जबाब देगी।केंद्रीय जाँच एजेंसियों का दुरूपयोग करते हुए एक चुनी हुई सरकार को उनके मुख्यमंत्री को झूठे मामले में गिरफ़्तार किया गया है।संविधान और लोकतंत्र खतरे में है।21अप्रैल को प्रभात तारा मैदान राँची में आहूत उलगुलान न्याय महारैली ऐतिहासिक होगा। जिसमें भाजपा की तानाशाही का विरोध किया जाएगा।जननेता हेमंत सोरेन की रिहाई,झारखंडियों को अधिकार देश की संविधान और लोकतंत्र की रक्षा,जल जंगल और ज़मीन की रक्षा के लिए आवास बुलंद किया जाएगा। देश के लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए, संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता के लिए,अन्यायपूर्ण तरीके से जेल में बंद जननेताओं की रिहाई के लिए, जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए, झारखण्ड और झारखण्डियत की रक्षा के लिए, 1932 खतियान के लिए, सरना आदिवासी धर्म कोड के लिए झारखण्ड में आदिवासी, पिछडों और दलित के आरक्षण में बढोत्तरी के लिए, झारखण्ड के पिछड़े वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण के लिए,हो, मुंडारी और कुडख भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करवाने के लिए, झारखण्ड के 1 लाख 36 हजार करोड रुपए बकाया राशि के लिए,विधवा, बुजुर्ग, दिव्यांगजनों की सामाजिक सुरक्षा के लिए, गरीब, वंचित और शोषित के हक-अधिकार के लिए, महिला, युवा, किसान, मजदूर के स्वाभिमान के लिए, युवाओं को नौकरी, रोजगार और स्वरोजगार के लिए, कृषि ऋण माफी के लिए, कृषि एवं वन उत्पाद के सही मूल्य के लिए, आदिवासी, दलित, पिछडा और अल्पसंख्यक वर्ग के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति बचाने के लिए, मनरेगा में मजदूरी दर में वृद्धि के लिए, सरकारी कर्मचारियों के लिए, संघीय ढांचे की रक्षा के लिए,अपनी आवाज बुलंद करने और उलगुलान शुरू करने को लेकर 21 अप्रैल 2024 को प्रभात तारा मैदान रांची चलने का आह्वान किया गया।

बाइक दुर्घटनाग्रस्त होने से दो भाईयों की स्थिति गंभीर

गुमला -गुमला जिला अंतर्गत पालकोट थाना स्थित पेटशेरा ग्राम निवासी (दो भाई) , जोसेफ एक्का और जॉनसन एक्का , अपने मामा के घर से मेहमानी कर , वापस अपने घर लौट रहे थें , इसी क्रम में नाथपुर ग्राम के समक्ष , बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और दोनों भाई हुए गंभीर रूप से घायल , जिन्हें ग्रामीणों द्वारा आनन-फानन में इलाज के लिये पालकोट उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया , जहां स्वास्थ्यकर्मियों ने दोनों भाइयों को प्राथमिक उपचार के बाद , उन्हें गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया , जहां गुमला सदर अस्पताल के डॉक्टरों ने भी प्राथमिक उपचार के बाद , उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए ।

बेहतर इलाज के लिये , रांची रिम्स रेफर कर दिया गया हैं , परंतु पारिवारिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण , फिलहाल उन्हें रांची रिम्स नहीं ले जाया जा सका है , फलस्वरूप गुमला सदर अस्पताल के डॉक्टरों के देखरेख में उनका इलाज चल रहा है ।

अयोध्या रामलला का दर्शन नहीं करने वालों को सनातन के बारे में बोलने का अधिकार नहीं: आदित्य साहू

रांची,। भाजपा प्रदेश महामंत्री और राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग काफी बौखलाहट में हैं। देश की जनता जानती है कि इंडी गठबंधन के लोग सनातन विरोधी है। ये लोग समय समय पर सनातन विरोधी बात बोलकर देश के सनातन समाज की भावना को आहत को ठेस पहुंचाते एवं चिढ़ाते रहते हैं। आदित्य साहू शुक्रवार को पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

साहू ने कहा कि 500 वर्षों से प्रभु श्रीरामलला एक झोपड़ी में विराजमान थे। राम मंदिर निर्माण की उम्मीदों में 500 वर्षो में कितनी पीढियां खप गईं। इतने वर्षों के संघर्षों के बाद एक गरीब मां का बेटा, चाय वाला का बेटा भारत मां का बेटा नरेन्द्र मोदी ने देश का प्रधानमंत्री बना और रामलला का भव्य एवं दिव्य मंदिर बनने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

साहू ने कहा कि देश-दुनिया के सनातनी समाज के लोग अयोध्या रामलला का दर्शन करने लाखों की संख्या में प्रतिदिन जा रहे है लेकिन इंडी गठबंधन के लोगो को आमंत्रण देने के बाद भी अयोध्या रामलला का भव्य मंदिर दर्शन करने नहीं जा रहे हैं। इंडी गठबंधन के लोग राम मन्दिर नहीं जा सकते तो उनको सनातन के बारे में बोलने का कोई अधिकार नहीं है।साहू ने कहा कि सनातन धर्मावलंबियों ने इंडी गठबंधन के लोगों को पहले भी औकात बता चुके हैं। लोकसभा चुनाव में सनातन समाज इन लोगों को फिर इनकी औकात बताने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि रांची में होने वाली इंडी गठबंधन की महारैली में मैदान भरने की इनकी ताकत नहीं है, तो बगल के राज्यों बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, बिहार सहित कई राज्यों से लोगों को बुलाकर मैदान भरने का प्रयास किया जा रहा है। महारैली में इन लोगों को झारखंड के लोगों पर भरोसा नहीं है। वे जानते हैं कि इस महारैली में जनभागीदारी बिल्कुल भी नगण्य रहेगी।

साहू ने कहा कि झारखंड के लोगों को झूठ, लूट और फरेबी सरकार ने सिर्फ ठगने का काम किया है। यह सिर्फ एक घोषणावीर सरकार के रूप में कार्य किया है। पांच लाख युवाओं को नौकरी, बेरोजगार युवाओं को भत्ता, किसानों का ऋण माफी, 100 यूनिट बिजली मुफ्त, पेट्रोल में 25 रुपये सब्सिडी देने का वादा ढकोसला साबित हुआ है।

रांची में तस्करी का आरोपित गिरफ्तार, ब्राउन शुगर बरामद

रांची। राजधानी की सुखदेव नगर थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ तस्करी के आरोपित पिन्टू साह को गिरफ्तार किया है। इसके पास से 26 ग्राम ब्राउन शुगर और एक मोबाईल फोन बरामद हुआ है।एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बिहार के सासाराम से एक व्यक्ति ब्राउन शुगर (मादक पदार्थ) लेकर रांची के सुखदेवनगर क्षेत्र में सप्लाई करने आ रहा है। सूचना के बाद कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। आकाशवाणी रातू रोड के पास पुलिस टीम को देखकर कुछ लोग भागने लगे। इस दौरान टीम ने एक व्यक्ति को पकड़ लिया। उसके पास से ब्राउन शुगर बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपित ने बताया कि वह सासाराम से रांची में ब्राउन शुगर सप्लाई करता है और बीच-बीच में रांची लाकर भी देता है।

सार-संक्षेप

अमेरिकन पब्लिक स्कूल मांडर का शानदार प्रदर्शन

मांडर प्रखण्ड स्थित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 202324में अमेरिकन पब्लिक स्कूल पुनगी मोड़ का शानदार प्रदर्शन रहा। मंजीत भगत ने 445 अंक प्राप्त करके स्कूल टॉपर बने। द्वितीय टॉपर, शोएब अंसारी ने 443 अंक प्राप्त किया। तृतीय टॉपर आयान अंसारी ने 435 अंक प्राप्त किया।120 विद्यार्थियों में से 110 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। शेष 10 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। इस अवसर स्कूल के निदेशक नौशाद आलम, प्रधानाचार्य जावेद अहमद एवं सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना किए।

मैट्रिक परीक्षा में चान्हो और मांडर प्रखण्ड के स्कूल का शानदार प्रदर्शन

चान्हो/मांडर। मैट्रिक परीक्षा में चान्हो और मांडर प्रखण्ड के विद्यालय का रिजल्ट शानदार रहा। शुक्रवार को जैक बोर्ड का रिजल्ट प्रकाशित हुआ जिसमे आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल टांगर के विद्यार्थी तारिक अनवर और नवसबा प्रवीन दोनों ने 452 अंक (90.40%) लाकर स्कूल का टॉपर बने। वही प्रियंका कुमारी 433 अंक (86.60%) लकार दूसरा स्थान और खुशी कुमारी 421 अंक (84.20%)लाकर तीसरा स्थान प्राप्त की ।इस स्कूल से कुल 39 छात्र छात्राओं ने मैट्रिक की परीक्षा में सामिल हुवे थे जिसमें 35 छात्र छात्राएं प्रथम श्रेणी से और 4 छात्र छात्राएं द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। स्कूल के निदेशक व प्रधानाध्यापक अमीन अंसारी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सनराइज पब्लिक स्कूल टांगर का रिजल्ट भी शत प्रतिशत रहा। आयुष राज विद्यालय टॉपर रहा जिसे 94.4% अंक प्राप्त हुआ। वहीं मांडर स्थित अमेरिकन पब्लिक स्कूल पुनगी मोड़ का शानदार प्रदर्शन रहा। मंजीत भगत ने 445 अंक प्राप्त करके स्कूल टॉपर बने। द्वितीय टॉपर, शोएब अंसारी ने 443 अंक प्राप्त किया। तृतीय टॉपर आयान अंसारी ने 435 अंक प्राप्त किया।120 विद्यार्थियों में से 110 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। शेष 10 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल का भी रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। निदेशक अलोक विपिन टोप्पो ने विद्यार्थियों को बधाई दिया।

भाजपा उम्मीदवार 22 अप्रैल से दाखिल करेंगे नामांकन पर्चा

रांची। भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार 22 अप्रैल से नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी उपस्थित रहेंगे।

जानकारी के अनुसार 22 अप्रैल को सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र की उम्मीदवार गीता कोड़ा, 23 अप्रैल को खूंटी लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, 24 अप्रैल को लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार समीर उरांव और पलामू लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार बीडी राम अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

उल्लेखनीय है कि झारखंड की 4 लोकसभा सीटों पर चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इन सीटों में सिंहभूम (एसटी), खूंटी (एसटी), लोहरदगा (एसटी) और पलामू (एससी) शामिल हैं। झारखंड में चार चरणों में 14 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव होंगे।

मोबाइल चोरी मामले में बंगाल के चार चोर गिरफ्तार, 13 मोबाइल बरामद

रांची। डेली मार्केट थाना पुलिस ने चोरी के 13 मंहगे मोबाईल चोरी करने के मामले में चार चोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चोरों में लखन भाट, नरेश सिंह, गोविंद सिंह और कृष्णा सिंह शामिल है। चारों पश्चिम बंगाल के रहने वाले है।

कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने शुक्रवार को बताया कि रामनवमी के जुलूस के दिन रात में मेन रोड के हनुमान मंदिर के पास कुछ लोगों से मोबाईल चोरी को लेकर स्थानीय लोग पूछताछ कर रहे थे। मामले की जनकारी मिलते ही पुलिस पहुंची और पूछताछ की। पूछताछ में चारों ने मोबाईल चोरी की बात स्वीकार की। इनके निशानदेही पर 13 चोरी के मोबाईल फोन बरामद किये गये। सभी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

खूंटी पुलिस ने 14 वर्षों से फरार नक्सली बोदन मुंडा को किया गिरफ्तार

खूंटी। पुलिस ने शुक्रवार को 14 वर्षों से फरार नक्सली बोदन मुंडा को गिरफ्तार कर लिया। वह अड़की थाना क्षेत्र के गितिलबेड़ा गांव का रहने वाला है। खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि फरार नक्सली बोदन मुंडा किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से अपने गांव गितिलबेड़ा आया हुआ है।

उन्होंने सूचना के सत्यापन और कार्रवाई के लिए सीडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। छापामारी टीम द्वारा गितिलबेड़ा में नक्सली बोदन मुंडा के घर की घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। फरार नक्सली के विरुद्ध अड़की थाने में 2010 में विभिन्न संगीन धाराओं, आमर्स एक्ट, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, 17 सीएलए एक्ट का मामला दर्ज है।

खूंटी में अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता के साथ तीन दिवसीय रामनवमी महोत्सव संपन्न

खूंटी। केंद्रीय रामनवमी महासमिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय रामनवमी महोत्सव अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता के साथ शुक्रवार को संपन्न हो गया। नेताजी चौक में रात भर चली प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में विभिन्न अखाड़ों खिलाडियों न करतब दिखाये।

मौके पर विजेता मंडलियों को पुरस्कृत करते हुए समिति के अध्यक्ष ज्योतिष भगत एवं कार्यकारी महामंत्री मुकेश जायसवाल ने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के बताए मार्ग पर चलना ही जीवन का उद्देश्य होना चाहिए। अस्त्रशस्त्र चालन प्रतियोगिता में अतिथि मंडलियों में श्री महावीर मंडल कडरू रांची को प्रथम, सरना समिति पुंदाग रांची को द्वितीय एवं फ्रेंड क्लब बड़कागढ़ रांची को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

देश की जनता का भरोसा इंडी एलायंस पर नहीं, मोदी की गारंटी पर है: बाबूलाल मरांडी

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यह गठबंधन केवल कमाने के लिए बनाया गया गठबंधन है। सत्ता प्राप्त कर देश और प्रदेश को लूटना इनके फितरत में शामिल है। उन्होंने कहा कि देश की जनता का भरोसा इंडी एलायंस पर नहीं है। जनता मोदी की गारंटी पर भरोसा कर रही है। बाबूलाल भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मरांडी ने कहा कि झारखंड अलग राज्य बनाने से लेकर गांव, गरीब, किसान सभी की सेवा के लिए भाजपा संकल्पित है। मोदी सरकार ने गांव,गरीब को विकास की

मुख्यधारा से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि लोग मोदी की गारंटी पर भरोसा कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे। उन्होंने झारखंड की 14 लोकसभा क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी को अपार बहुमत से जीत दिलाने के लिए लग जाने का आह्वान किया।

मरांडी ने डोमचांच के प्रखंड प्रमुख सत्यनारायण यादव सहित उनके नेतृत्व में आए संजय मेहता, शिवशंकर राय, मनोज यादव, पिंटू यादव, रामदेव मेहता, दिनेश यादव, बैजू तिवारी, प्रवीण यादव, बैजनाथ यादव, राम सुरेश यादव, नीलू देवी, ममता कुमारी, विजय कुमार, विजय कुमार, रानी कुमारी, मनोज दास, गुड़िया देवी, प्रियंका रानी, संजय मेहता सहित सदस्यता ग्रहण करने वालों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार में सबका साथ सबका विकास साकार हो रहा। भाजपा जो कहती है वो करके दिखाती है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में देश की ऐतिहासिक प्रगति हुई है। भारत का गौरव दुनिया में बढ़ा है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए मोदी सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किए हैं। मोदी सरकार ने एक तरफ इज्जत घर बनाए, बहनों को गैस सिलेंडर देकर धुएं से मुक्ति दिलाई। साथ ही राजनीतिक सशक्तिकरण की भी पहल की। उन्होंने कहा कि तीसरी बार मोदी सरकार में भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा।

एक से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को खिलाई गई कृमि निरोधी दवा

खूंटी, । राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जिले के सभी विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में एक से लेकर 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को कृमि की दवा एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत स्थानीय डीएवी पब्लिक स्कूल में मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान एवं जिले के सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी द्वारा संयुक्त रूप से विद्यालय के छात्र-छात्राओं को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर की ।मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत संचान ने कहा कि हर हाल में सभी बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलानी है। मौके पर विद्यालय के बच्चों को दवा खाने के लिए प्रोत्साहित किया गया और कहा गया कि घर में छूटे हुए अपने भाई-बहनों को भी एल्बेंडाजोल की गोली खिलाने के लिए प्रोत्साहित करें। सिविल सर्जन नागेश्वर मांझी ने बताया कि जिले में कुल 301259 बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। आज जिले भर में चलाए जा रहे अभियान में छुटे हुए बच्चों को मौप-अप दिवस के तहत 26 अप्रैल को दवा खिलाई जाएगी।उन्होंने कहा कि कृमि से बच्चों को अनेकों तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कृमि पोषण तत्वों के अवशोषण में अवरोध पैदा करते हैं, जिसके कारण एनीमिया कुपोषण मानसिक एवं शारीरिक विकास में बाधक उत्पन्न होती है। कृमि मुक्ति से रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि, स्वास्थ्य एवं पोषण में सुधार, एनीमिया में कमी,सीखने की क्षमता एवं कार्य करने की क्षमता में वृद्धि होती है।

लोकतंत्र का क्रम टूटे ना कोई मतदाता छूटे ना: दिनेश कुमार यादव

रांची। लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप रांची की ओर से मतदाता जागरूकता के लिए लगातार विभिन्न तरह की गतिविधियां आयोजित की जा रही है। विशेषकर शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर प्रयास किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को हेहल स्थित केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान में कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों में बेहतर मतदान को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में वैसे बूथ जहां मतदान प्रतिशत पिछले लोकसभा चुनाव में कम था, वहां मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मतदाता जागरूकता पर चर्चा की गई। बूथ संख्या 77-87 पर मतदान प्रतिशत कम होने के

कारण पर विचार विमर्श करते हुए ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को मतदान के दिन बूथ तक लाने पर चर्चा की गई।नोडल पदाधिकारी स्वीप सह उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने कहा कि बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर और बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका है। ₹लोकतंत्र का क्रम टूटे ना कोई मतदाता छूटे ना₹ का अनुपालन करते हुए अपने आसपास के मतदाताओं को जागरूक करें, उन्हें सपरिवार वोटिंग और वोट के दिन रिश्तेदारों, दोस्तों के साथ मतदान केंद्र पहुंचने के लिए प्रेरित करें। एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने कहा कि घर-घर जाकर लोगों को लोकतंत्र के निर्माण में एक वोट के महत्व के बारे में बताएं और उन्हें मतदान के दिन सपरिवार वोटिंग के लिए प्रेरित करें।

उलगुलान न्याय महारैली ' देश और राज्य के लिए ऐतिहासिक होगी : सुप्रीयो भट्टाचार्य

रांची। रांची के प्रभात तारा मैदान में 21 अप्रैल को झामुमो के नेतृत्व में इंडी गठबंधन की उलगुलान न्याय महारैली का आयोजन होना है। इसको लेकर इंडी गठबंधन में शामिल झामुमो, राजद, आप पार्टी की एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन शुक्रवार को हरमू स्थित झामुमो के पार्टी कार्यालय में हुई। मौके पर झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि उलगुलान न्याय महारैली ' देश और राज्य के लिए ऐतिहासिक होगी। इस प्रभात मैदान को हमलोगों ने इसलिए चुना है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी योग कार्यक्रम में इसी प्रभात तारा मैदान में आए थे। अब इसी मैदान से केंद्र सरकार को उखाड़ने का शंखनाद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस महारैली में शामिल

होने के लिए लोग सुबह से ही दूर-दूर से पैदल चल कर आयेंगे। यहीं नहीं दो साल से वेतन से वंचित चल रहे एचईसी कर्मी और मजदूर भी रैली में शामिल होंगे। फल, सब्जी बेचने वाले भी आयेंगे।

उन्होंने कहा कि इस रैली के जरिये भाजपा को भारी नुकसान होने वाला है। सुप्रियो ने कहा कि प्रधानमंत्री डर गए हैं।

इस अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि उलगुलान रैली को लेकर सभी जिला अध्यक्ष और प्रखंड अध्यक्ष को जिम्मेदारी दे दी गई है। इस रैली से भाजपा की केंद्र सरकार को उखाड़ने का उलगुलान होगा।

झारखंड हाई कोर्ट से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को एक और मामले में राहत

रांची, । झारखंड हाई कोर्ट में तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनके परिवार के खिलाफ बयानबाजी मामले में रामगढ़ थाने में दर्ज प्राथमिकी को चुनौती देने वाली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में कोर्ट ने बाबूलाल मरांडी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाते हुए शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया है। साथ ही राज्य सरकार को तीन सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। इससे पूर्व सिमडेगा मामले में भी उन्हें हाई कोर्ट से राहत मिली थी।

आरोप है कि एक निजी यूट्यूब चैनल ने सोशल मीडिया में झारखंड में बाबूलाल मरांडी की ओर से तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनके परिवार के खिलाफ दिए गए साक्षात्कार को अपलोड किया था।

चुनाव कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता
जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखंड गृह रक्षा वाहिनी, खूँटी
आवश्यक सूचना

महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा झारखंड राँची का ज्ञापांक–753/OTD,दिनांक–04.04.2024 के आलोक में खूँटी जिला अंतर्गत प्रभावित बल के सभी शहरी/ ग्रामीण महिला एवं पुरुष गृह रक्षों को सूचित किया जाता है कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में विधि–व्यवस्था संधारण हेतु कुल प्रभावित बल के 70 प्रतिशत गृह रक्षकों को चुनाव ड्यूटी (दिनांक–06.05.2024 से 04.06.2024 तक) में लगाया जाना है एंव सभी गृह रक्षको को फार्म–12 हस्ताक्षर कर भोटर आई डी कार्ड के साथ जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखंड गृह रक्षा वाहिनी, खूँटी में जमा करना है।

खूँटी जिला के प्रभावित बल के गृह रक्षक जो राँची, बोकारो एंव खूँटी के विभिन्न कार्यालय/संस्थाओं/आवासीय कार्यालय /निदेशालय /सचिवालय / मंत्रालय में प्रातिनियुक्त हैं। सभी को सूचित किया जाता है कि जल्द से जल्द जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखंड गृह रक्षा वाहिनी, खूँटी में(पुलिस अधीक्षक कार्यालय में स्थित) मे आकर अपना आगमन करना सुनिश्चित करे फार्म–12 हस्ताक्षर कर तथा भोटर आई डी कार्ड की छाया प्रति संलग्न कर समर्पित करना सुनिश्चित करें।

यह भी सूचित किया जाता है कि दिनांक–04.05.2024 तक जिला समादेष्टा कार्यालय खूँटी (तूतटोली, खूँटी) में एंव चुनाव कार्य हेतु 02 सेट वर्दी, बेडिंग एवं अन्य आवश्यक सामग्री के साथ तैयारी हालत में उपस्थित होगें।

इस आशय की सूचना पूर्व में ही दूरभाष विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप, कार्यालय सूचना एवं दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम सेबार–बार सूचित किया जा रहा है इसके बावजूद भी आपके द्वारा आदेश को अनदेखी किया जा रहा है । निर्धारित तिथि तक उपरोक्त आदेश का अनुपालन नही करने वाले गृह रक्षको के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस उपाधीक्षक(मु0),
–सह– जिला समादेष्टा,
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी,
खूँटी

PR 323927 District(24-25)D

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू।
(आपदा प्रबंधन शाखा)
अपील

गर्मी के मौसम की शुरुआत हो चुकी है। इस मौसम मे पछुआ हवा चलने की संभावना बनी रहती है। ऐसी स्थिति में मुख्यरुप से ग्रामीण क्षेत्रों में आगलगी की घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। अग्निकाण्ड से घर, खेत, खलिहान एवं जान–माल को भारी क्षति पहुंचती है तथा सब कुछ पूरी तरह से बर्बाद हो जाता है। अगर हम थोड़ी सी सावधानी बरतें तो अग्निकाण्ड से होने वाली क्षति को कम किया जा सकता है। अतः जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकार, पलामू अग्नि सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए जनहित में बचाव हेतु निम्नलिखित दिशा–निर्देश/उपाय जारी करती है।

- रसोई घर यदि फूस का हो, तो उसकी दीवार पर मिट्टी का लेप अवश्य कर दें।
- दिन का खाना सुबह 9 बजे से पूर्व तथा रात का खाना शाम 6 बजे के बाद बनायें।
- भोजन बनाने के बाद चूल्हे की आग पूरी तरह से बुझा दें।
- आग बुझाने के लिए बालू अथवा भूर–भूरी मिट्टी को बोरे में भर कर तथा खाना बनाने के स्थान पर दो बाल्टी पानी अवश्य रखें।
- रसोई घर की छत ऊँची रखी जाय जिससे आग का सम्पर्क न हो सके।
- पूजा, हवन आदि का काम सुबह निपटा लें।
- फसल कटनी के बाद खेत मे छोड़े गये डण्ठलों मे आग नही लगाएं।
- दीपक, दीया, लालटेन, मोमबत्ती, अगरबत्ती को ऐसी जगह पर न रखें, जहाँ से गिर कर आग लगने की संभावना हो।
- शॉर्ट सर्किट की आग से बचने के लिए बिजली वायरिंग की समय से मरम्मत करा लें।
- गैस के लीक होने की स्थिति में सभी खिड़कियों के दरवाजे खोल दें एवं माचीस का प्रयोग भूल से भी न करें।
- घर मे किसी भी उत्सव के लिए लगाये गये कनात अथवा टेण्ट के नीचे से बिजली के तार न ले जायें।
- जलती हुई माचीस की तीली अथवा अधजली बीड़ी एवं सिगरेट पी कर इधर–उधर न फेकें।
- माचीस को बच्चों की पहुँच से दूर रखें।
- जहाँ पर सामूहिक भोजन इत्यादि का कार्य हो रहा हो, वहाँ पर दो से तीन ड्रम पानी अवश्य रखा जाय। भोजन बनाने का कार्य तेज हवा के समय न किया जाय।
- ढीले–ढाले और पॉलिस्टर के कपड़े पहन कर खाना न बनायें। हमेशा सूती कपड़े पहन कर ही खाना बनायें।
- सार्वजनिक स्थलों, ट्रेनों एवं बसों आदि मे ज्वलनशील पदार्थ लेकर न चलें।
- ग्रामीण क्षेत्रों मे हरा गेंहूँ, चना, मटर आदि बच्चे लाकर भूनते हैं। ऐसे मे आग लगने से बचने के लिए उन पर निगरानी अवश्य रखें।
- आग लगने पर समुदाय के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास करें।
- अगर कपड़े में आग लगे तो जमीन पर लेट कर आग बुझाने का प्रयास करें।
- आग लग जाने से यदि भवन के अंदर धुआँ भर गया है तो सांसों की घुटन से बचने के लिए नीचे झुक कर या रेंगते हुए बाहर निकलें।
- खाना बनाते समय जलते चूल्हे को छोड़कर कभी कोई दूसरे कार्य के लिए न जायें।
- चूल्हे की छाई या राख को कभी भी फूस के घर अथवा खरपतवार से सटा कर न फेंके।

किसी भी इमरजेंसी की स्थिति में पुलिस सहायता के लिये 100, अग्नि शमन सहायता के लिए 101, एम्बुलेंस की सहायता के लिये 102 एवं कन्ट्रोल रुम के लिये 06562–231589 नम्बर पर सम्पर्क करें।
जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, पलामू द्वारा जनहित में जारी।

ह0/–
उपायुक्त, पलामू।

PR 323922 Palamu(24-25)D

संक्षिप्त खबरें

श्रद्धालुओं ने मां को नम आंखो से दी विदाई

दारू । चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से चैत्र नवरात्रि शुरू होते ही श्रद्धालु भक्ति भाव में डूब जाते हैं वहीं प्रखंड क्षेत्र में नवरात्रि पर देवी दुर्गा को नौ दिनो तक अलग अलग स्वरूपों की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। इस बीच माता के जयकारों के साथ पूरा क्षेत्र गुंजयमान रहा। रामदेव खरिका एवं हरली दुर्गा मंडप में चैती दुर्गा माता की प्रतिमा स्थापित की गई थीं जिसका विसर्जन को लेकर शुक्रवार को रामदेव खरिका दुर्गा मंडप से शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें माता की प्रतिमा को रामदेव खरिका, जिंनगा,झुमरा,तिलैया गाजे बाजे एवम् ढोल ताशा के साथ घुमाया गया। हजारों की संख्या में श्रद्धालु जमकर नाचे साथ ही जय माता दी के नारों के साथ पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। क्षेत्र भ्रमण के बाद माता के प्रतिमा को झूमरा तालाब में विसर्जित किया गया इस समय सभी श्रद्धालुओं की आंखें नम थी। वही हरली दुगार्मंडप से शोभा यात्रा निकाली गई काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। माता की प्रतिमा को ढोल-ताशों के साथ पूरा गांव घुमाया गया। इस बीच खुब जयकारे लगे। श्रद्धालु खूब झूमे इसके बाद हरली पुरनी पोखर में विसर्जित किया गया। विसर्जन के समय सभी की आंखें नम थी।

रामनवमी जुलूस के दौरान सक्रिय दिखे रंजन चौधरी

सड़क से लेकर अस्पताल तक सेवा में रहें तत्पर

हजारीबाग। हजारीबाग की ऐतिहासिक रामानवमी जुलूस 2024 के दौरान प्रति वर्ष की भांति वर्तमान वर्ष भी करीब आठ दर्जन लोगों को मामूली चोटें आई। एकादशी के शाम 5:00 बजे तक एक जन को गंभीर हालत में रिम्स रेफर किया गया है बाकी को मामूली चोटें आई है। जुलूस के दौरान अक्सर कुछ लोग पारंपरिक हथियार प्रदर्शन के दौरान क्रम में चोटिल और घायल हुए जिन्हें तत्काल विभिन्न स्तरों से उपचार मुहैया कराया गया। रामनवमी जुलूस के दौरान ऐसे चोटिलों की सेवा में रंजन चौधरी सक्रिय दिखे। रंजन चौधरी सामान्य दिनों में भी जरूरतमंद मरीजों की सेवा में समर्पित और तत्पर रहते हैं।

117 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ 3 युवक दबोचे गए, दो बाइक भी जब्त

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

प्लास्टिक की बोरियों में खाद्य सामग्रियों के बीच छुपा कर करते थे कारोबार

चौपारण। नशा के सौदागरों के खिलाफ थाना प्रभारी दीपक कुमार की लगातार चल रही कार्यवाई की आज की कड़ी में भी 117 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ 3 को धर दबोचा गया। गुरुवार की रात्रि में सूचना मिली कि चौपारण की ओर से 02 मोटरसाईकिली में 03-04 व्यक्ति प्लास्टिक के बोरियों में छीपाकर अंग्रेजी शराब तस्करी करने हेतु बिहार ले जाने वाले हैं। इस सूचना पर एक छापामारी दल का गठन किया गया, जिसमें थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के अलावे चौपारण थाना में पदस्थापित पु०अ०नि० दिव्य प्रकाश, पु०अ०नि० निलेश कुमार रंजन एवं चौपारण थाना रिजर्व गार्ड का बल शामिल था। सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु चोरदाहा चेकपोस्ट पहुंचकर वहां तैनात पुलिस पदाधिकारी एवं बल के साथ मिलकर चौपारण की ओर से आने वाली वाहनों का सघन रूप से जांच-पड़ताल के दरम्यान सूचनानुसार दो मोटरसाईकिल बीआर-02एबी-5562 व बीआर-02ए एल-5163 पर 04 लोगों को सवार होकर मोटरसाईकिल में प्लास्टिक का बोरी लोडकर आता हुआ देखने पर उनलोगों को रूकने का ईशारा किया गया। जिसके बाद मोटरसाईकिल सवार लोग पुलिस बल को चेकिंग करता हुआ देखकर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस की तत्प्रता से 03 लोगों को खदेड़कर पकड़ लिया गया तथा एक व्यक्ति भागने में सफल हो गया। पकड़ाये लोगो में 1.नितीश कुमार पिता-सुरेन्द्र यादव ग्राम-मंगुरा थाना- मोहनपुर जिला-गया (बिहार), 2. विकास कुमार पिता-रामचन्द्र यादव ग्राम-मंगुरा थाना-मोहनपुर जिला गया (बिहार) एवं एवं 3. अशोक कुमार पिता-लखन यादव ग्राम-मंगुरा थाना-मोहनपुर जिला गया (बिहार) बताये। पकड़ाये व्यक्तियों के पास से स्स्र्टलिंग रिजर्व (बी-7), इम्पेरियल ब्लू एवं रॉयल स्टेग कम्पनी 375 एमएल का कुल 117 पीस अवैध अग्रेजी शराब बरामद किया गया, जिसे पकड़ाये लोगों के द्वारा प्लास्टिक के बोरियों के अंदर बिस्किट वगैरह के काटूर्नों में भरकर तस्करी हेतु ले जाया जा रहा था, जिस संदर्भ में चौपारण थाना काण्ड सं-118/24 दिनांक-19.04.2024 धारा-414/272/273/290/34 भादवि०एवं 47 (ए) उत्पाद अधिनियम दर्ज कर अनुसंधानभार पुअनि निलेश कुमार रंजन को सौंपा गया है। बताते चलें कि थाना प्रभारी के द्वारा लगभग प्रत्येक दिन नशा के सौदागरों के विरुद्ध कार्यवाई की जा रही है।

रामनवमी में मिशन होस्पिटल ने श्रीनिवास अस्पताल के सहयोग से लगाया निशुल्क शिविर, घायल रामभक्तों का किया इलाज

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग में सबसे अधिक कुल 965 रामभक्तों का शिविर के माध्यम से कराया अपना इलाज व शिविर से हुए लाभान्वित

आराध्य प्रभु श्रीराम जन्मोत्सव रामनवमी पर निशुल्क कैंप लगाकर घायलों को सेवा प्रदान करना काफी सौभाग्य की बात : डॉ प्रवीण श्रीनिवास

हजारीबाग। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जन्म उत्सव रामनवमी के मौके पर संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल द्वारा श्रीनिवास अस्पताल के सहयोग से झंडा चौक स्थित एक दिवसीय निशुल्क शिविर लगाया गया। एक दिवसीय निशुल्क शिविर के माध्यम से जुलूस के दौरान घायल रामभक्तों का इलाज किया गया। हजारीबाग में सबसे अधिक कुल 965 रामभक्तों का शिविर के माध्यम से इलाज हुआ। जरूरतमंदों को मुफ्त इलाज के साथ अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों ने उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श भी दिया गया। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि हम सभी के आराध्य प्रभु श्रीराम जन्मोत्सव रामनवमी पर निशुल्क कैंप लगाकर घायलों को सेवा प्रदान करना काफी सौभाग्य की बात है। हजारीबाग में सबसे से अधिक हमारे द्वारा आयोजित कैंप का घायल रामभक्तों ने निशुल्क लाभ लिया है। उन्होंने कहा कि हमारा आगे कोशिश रहेगा किया कि हर खास मौके पर कैंप आयोजित करूँ और लोगों को निशुल्क सेवाएं प्रदान करूँ। मौके पर संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल के डॉ राहुल, मैनेजिंग स्टाफ राजन चौधरी, ऋषिकेश सिंह, नर्सिंग स्टाफ मुन्ना कुमार, बब्लू कुमार, सूरज कुमार, अंकित कुमार, पंकज कुमारी, पुष्पा कुमारी, सुनीता कुमारी, डॉली कुमारी एवं रवि कुमार सहीत कर्मियों ने शिविर में अपना सरहानीय योगदान देकर सफल बनाया।

बीआर अंबेडकर नगर बाराटांड़ के युवकों ने निकाला जीवंत झांकी, लोगों ने की प्रशंसा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

बरही। बरही के बीआर अंबेडकर नगर बाराटांड़ के नवयुवक एवं बुजुर्गो व सभी जनप्रतिनिधि के सहयोग से श्रीराम अखाड़ा में जीवंत झांकी निकाला गया, जो कि एक आकर्षण का केंद्र बना रहा। प्रशासन के द्वारा जो भी दिशा निर्देश दिया गया उसके अनुसार रामनवमी पूजा 2024 शांतिपूर्वक एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कमेटी में मुख्य पदाधिकारी के रूप में अध्यक्ष अनुज रविदास, सचिव वीरेंद्र कुमार रवि, उपाध्यक्ष संजय रविदास अजय रविदास, उपसचिव मनोज पेंटर, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार, सूरज कुमार, संरक्षक सेवानिवृत्ति शिक्षक नारायण दास, सेवानिवृत्ति शिक्षक साधु सरण दास, डॉ उमेश कुमार दास, कृष्ण मोहन दास, महासचिव निरंजन रविदास, राजकुमार रविदास एवं कमेटी के सदस्य प्रेम प्रकाश रवि, संतोष रविदास, साजन रविदास, रणधीर रविदास, पंकज कुमार, दिलीप रविदास, जीतू रविदास, विनय रविदास, गौतम रविदास, जैकी रविदास, उमेश रविदास, पिंकू कुमार, रविंद्र कुमार, राजू रविदास, महेश रविदास, मनोज भगत समेत सभी श्री राम अखाड़ा सदस्य मौजूद थे।

पूरे विश्व में एक मात्र हजारीबाग शहर ही है जहाँ श्री रामनवमी की झलक दिखाई देती है : मुन्ना सिंह

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। शुक्रवार को शहर में इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी जेपी भाई पटेल के साथ समाजसेवी मुन्ना सिंह विभिन्न अखाड़ों एवं पूजा समिति द्वारा निकाले गए झांकियों के बीच शोभायात्रा जुलुस में सम्मिलित हुए। हजारीबाग के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों के क्लबों व अखाड़े से आए सभी प्रोसेशन में जाकर सभी राम भक्तों से मुलाकात किया व लाठी व तलवार से प्रदर्शन किया तथा सभी श्रद्धालुओं से मिलकर शुभकामनाएं दिया। इस दौरान समिति के सदस्यों से व्यवस्थित रूप में झांकियों को आगे ले जाने का आग्रह किया। समाजसेवी मुन्ना सिंह ने कहा हजारीबाग की रामनवमी इतनी प्रसिद्ध है कि दुनियाभर में इसकी चर्चा होती है। हजारीबाग की रामनवमी जुलूस और झांकियां को देखने के लिए राज्य के विभिन्न जिलों के अलावा पड़ोसी राज्यों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। पूरे देश में जहां रामनवमी का पर्व दो दिनों तक मनाया जाता है। वहीं हजारीबाग में होली के पश्चात चैत्र की एकादशी तक पूरे धूमधाम से राम भक्त झूमते हुए राम नवमी का उत्सव मनाते हैं। यहाँ सौ वर्षों से भी अधिक समय से शोभा यात्रा निकाली जा रही है, जिसमें अलग-अलग क्लब के लोग अलग-अलग कलाओं का प्रदर्शन कर झूमते गाते हुए शहर भर में घूमते हैं। इसी बीच पूरे शहर गाँव कस्बों के घरों में लोग हनुमान ध्वज भी स्थापित करते हैं जिसकी रौनक देखने लायक होती है। इस दौरान मुख्य रूप से बबलू सिंह , रविन्द्र कुशवाहा, रंजीत यादव, रजनीश कुमार, विक्की कुमार, दिनेश यादव, अजय कुमार, अदित्य कुमार, मनोज कुमार, इत्यादि लोग उपस्थित थें। 04

विष्णुगढ़ में कुल छह झांकियां निकली,सम्पूर्ण वातावरण राममय

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत रामनवमी त्यौहार को लेकर गुरुवार की संध्या रामभक्तों के जोश और उत्साह के बीच निकाली गई झांकियां। प्रत्येक वर्ष झांकियों के संग जुलूस का शुभारंभ नवमी की संध्या से होती है। नवमी की रात्रि से लेकर दशमी की रात्रि तक झांकियों का नगर भ्रमण कर इसका समापन किया गया। लगभग 24 से 28 घंटों तक लगातार झांकियों संग राम भक्तों का हुजूम निरंतर ही चलता रहा। प्रचंड गर्मी में इतने तपने के बाद भी इनके जोश और उत्साह में कोई कमी नहीं आई। प्रत्येक वर्ष की भांति महंत अखाड़ा चौक स्थित बंसीधर मंदिर में नवमी को दिन के 12 बजे प्रभु श्री राम के जन्म के साथ पूजन किया गया। जिसके पश्चात संध्या में विष्णुगढ़ के सभी अखाड़ों के महावीर ध्वज का एक एक कर अखाड़ा चौक स्थित दुर्गा मंडप में आगमन हुआ और अखाड़ा चौक में ताशे की धुन में राम भक्तों के द्वारा अस्त्र-शस्त्र प्रदर्शन किया गया। माहौल कुछ ऐसा रहा की चहुं ओर प्रभु श्री राम नाम की ही गूंज सुनाई दे रही थी। जगह जगह पर प्रशासन की उपस्थिति भी रही। महंत अखाड़ा चौक में प्रशासन एवम मेडिकल टीम के लिए मंच बनाया गया जिसमें अस्त्र-शस्त्र प्रदर्शन के दौरान किसी को चोट आने पर तुरंत प्राथमिक इलाज की जा रही थी। प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार एवम आरक्षी निरीक्षक सह थाना प्रभारी रामनारायण सिंह के नेतृत्व में सम्पूर्ण विधि व्यवस्था का ध्यान रखा गया एवम ससमय जुलूस को तय रूट अनुसार निकाला गया। हर चौक चौराहे में झांकियों को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं सहित सभी वर्ग के लोग झांकियों को देखने के लिए आतुर थे। विष्णुगढ़ में कुल छह झांकियां निकाली गई जिसमें बजरंग दल बंसीधर अखाड़ा चौक, श्री श्री बासंती रामनवमी बजरंग दल, संकट मोचन मंदिर हॉस्पिटल चौक, महावीर दल करोंज मोड़, श्री श्री रामनवमी पूजा समिति रमुआ एवम पवन पुत्र दल अंबेडकर चौक के द्वारा झांकी निकाली गई। वहीं बीतते समय के साथ जीवंत झांकियां देखने को अब नहीं मिलती। एक दौर था जब जीवंत झांकियों में किरदार निभाने को लोग सौभाग्य मानते थे और वह देखना अविस्मरणीय होता था।

नम आंखों से मां दुर्गा को दी गई विदाई, श्रद्धालुओं ने लगाए मां के जयकारे, भक्तों ने माता की प्रतिमा पर किया पुष्पवर्षा

उज्जवल दुनिया संवाददाता

पदमा। पदमा प्रखंड मे नवरात्र के नौ दिनों तक श्रद्धालुओं ने अपनी शक्ति के अनुसार मां आदिशक्ति की आराधना की और तरह- तरह से उनका पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया.नौ दिनों तक श्रद्धालु भक्ति की शक्ति में लगे रहे.एकादशी के दिन मां भगवती की प्रतिमा विसर्जन के साथ ही शुक्रवार को विजयादशमी धूमधाम के साथ संपन्न हुआ।विसर्जन से पहले प्रखंड के पूजा पंडालों व दुर्गा मंडपों में महिलाओं ने माता की प्रतिमा को कोइछा भरते हुए सिंदूर खेला के रस्मों को पूरा किया। वृद्ध महिलाओं से लेकर नवविवाहिताओं ने मौके पर एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर माँ से आशीर्वाद लिया.और भीर श्रद्धालुओं की भीड़ गाजे बजे के साथ विसर्जन के लिए निकल पड़े.जहाँ सालों पुराने परंपरा के अनुसार पदमा प्रखंड के चंपाडीह ,परतन, जिहु, पदमा , सरैया , नावाडीह, और करर मे नदी व तालाबों मे प्रतिमाओं का विसर्जन कर घर परिवार व समाज कल्याण की कामना की गई.

नम आंखों से दी जा रही मां को विदाई: एकादशी के दिन मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया. श्रद्धालु माता रानी को नम आंखों से विदाई दी . इस दौरान मां के जयकारों से पूरा पदमा प्रखंड गूंज उठा है. केवता नदी घाट पर मां की प्रतिमा को विसर्जित किया गया तो कहीं तालाब मे. जहां सरैया पंचायत मुखिया शांति देवी, सांसद प्रतिनिधि सुरेन्द्र गुप्ता, प्रमोद मेहता, जगदीश यादव पूर्व पंचायत समिति मंजू देवी, श्यामसुंदर गिरी जैसे सेकड़ो की संख्या में श्रद्धालु माता को विदाई देने पहुंचे हुए थे।

नम आंखों से श्रद्धालुओं ने माता रानी की दी गई अंतिम विदाई

बड़कागांव। बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत सिकरी पंचायत में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां बसंती दुर्गा पूजा हर्षोल्लास के साथ संपन्न की गई। पूजा का आरंभ कलश स्थापना से लेकर षष्टि को कलश यात्रा जिसमें दुर्गा मंडप से सिकरी बनिया टोली, ऊपर टोला होते हुए पारपैन के दो मुहान नदी से कुंवारी कन्याओं द्वारा जल दुर्गा मंडप प्रांगण में लाया गया और उसके बाद सप्तमी को विधिपूर्वक माता का आंख नेत्र खोला गया और अष्टमी पूजा के साथ नवमी पूजा एवं दशमी को नम आंखों से माता की अंतिम विदाई श्रद्धापूर्वक की गई। विसर्जन जुलूस के दौरान पुरे सिकरी भर में टोले मोहल्ले में जुलूस में शामिल श्रद्धालु भक्तों के लिए चना, गुड़, शरबत और कोल्ड ड्रिंक की व्यवस्था की गई थी। ताकि श्रद्धालुओं का भीड़ हमेशा अंतिम समय तक जुटा रहे। खासकर सीकरी मुख्य चौक में उच्च विद्यालय सीकरी के शिक्षकों द्वारा जुलूस में शामिल श्रद्धालु भक्तों के लिए कोल्ड ड्रिंक एवं शुद्ध जल की व्यवस्था की गई थी।

अज्ञात लोगों ने कपड़ा दुकान में लगाई आग लाखों रुपए के कपड़ा जल कर खाक

उज्जवल दुनियां संवाददाता

केरेडारी। थाना क्षेत्र अंतर्गत गरी कलां मुख्य चौक के हाई स्कूल रोड पर स्थित न्यू फैंसी कलेक्शन एंड टेलरिंग हाउस में गुरुवार रात लगभग दो से तीन बजे के बीच में अज्ञात लोगों ने आग लगा दी जिस कारण दुकान का सारा कपड़ा जल कर खाक हो गया! इस संदर्भ में दुकान संचालक मो मो अजीज ने बताया कि गुरुवार को शाम में हम अपना दुकान बढ़ा कर घर चले गए! अचानक रात में लोगों ने सूचना दी कि दुकान में आग लगा है! जिसपर हम रात में ही दुकान आकार देखे तब तक दुकान का सारा कपड़ा जल चुका था! स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका! दुकान में शादी विवाह के लहंगे शूट समेत अन्य कीमती कपड़े सिलाई कर रखे हुए थे और रेडमेड कपड़े समेत अन्य कई तरह के कपड़े थे! दुकान में आग जनी से लगभग दस लाख रुपए का बड़ा नुकसान हुआ है! दुकान बैंक ऑफ इंडिया शाखा गरी कलां से लोन पर संचालित है! दुकान में आग लगने की घटना की सूचना शाखा प्रबंधक को दी गई है जिसपर शाखा प्रबंधक ने घटना का जायजा लिए है! वहीं घटना की सूचना पर केरेडारी थाना से पुलिस भी पहुंचकर घटना की जानकारी लिए है! आगलगी के संदर्भ में थाना में लिखित आवेदन देने की तैयारी में है!

हजारीबाग से जुलूस देखकर लौट रहे बाईक सवार का सड़क दुर्घटना में मौत, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

बरही। विश्व प्रसिद्ध हजारीबाग की रामनवमी का जुलूस देखकर लौट रहे बाईक सवार का सड़क दुर्घटना में शुक्रवार को मौत हो गया। घटना शुक्रवार पूर्वाहन करीब साढ़े ग्यारह बजे की है। बाईक सवार की पहचान तिलैया निवासी बिरेंद्र प्रसाद के 34 वर्षीय पुत्र रवि केसरी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक अपने पल्सर बाईक संख्या जेएच 02 एम 2370 से गुरुवार को अपने घर से हजारीबाग जुलूस देखने गया था। शुक्रवार को जुलूस देखकर वह अपने घर वापस लौट रहा था। इसी क्रम में पटना रोड स्थित पेट्रोल पम्प के पास विपरीत दिशा से आ रही मिनी ट्रक संख्या बीआर 01 जीएन 3501 से टकरा गया। इस टक्कर में उसके युवक का खोपड़ी खुलकर सड़क पर गिर गया।।युवक का पैर भी पूरी तरह जख्मी हो गया और घटना स्थल पर ही युवक की मौत हो गई। मृतक अपने पीछे दो छोटी बेटी और पत्नी छोड़ गया है। घटना की जानकारी मिलते ही प्रभारी थाना प्रभारी सुमित साव दल बल के साथ पहुंचकर एम्बुलेंस से शव को अनुमंडलीय अस्पताल लाया। जहां इन क्वेस्ट के बाद शव को अंत्यपरीक्षण के लिए हजारीबाग भेज दिया गया। घटना की जानकारी होते ही मृतक युवक के स्थानीय परिजन सहित भगवान केशरी, अमित केसरी, चुन्नू केशरी, विशाल केसरी, दीपू कुमार आदि कई सगे संबंधी अस्पताल पहुंचकर विधिसम्मत कार्य में पुलिस को सहयोग किया। घटना के बाद पुलिस ने मिनी ट्रक को जब्त कर लिया है। इधर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उनके परिचित बताते है कि युवक झुमरीतिलैया में कपड़ा का व्यवसाय करता था।

हजारीबाग लोस सांसद प्रत्याशी मनीष ने श्रद्धालुओं संग जमकर भांजी लाठियां

रामभक्तों का किया अभिनन्दन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग के विश्वविख्यात रामनवमी दशमी की देर रात को पूरे उत्साह और उमंग के साथ निकला जो एकादशी की देर शाम तक लगातार जारी है। दशमी जुलूस सड़क पर उतरने से पूर्व से ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल सड़कों पर दिखे। उन्होंने रामनवमी रूट पर करीब एक दर्जन से अधिक स्टॉल में पहुंचकर रामभक्तों और श्रद्धालुओं के सेवार्थ उनके नेकी कार्य के लिए साधुवाद दिया। इस दौरान सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल का सभी स्टालों पर स्टॉल आयोजकों द्वारा अभूतपूर्व स्वागत किया गया। तत्पश्चात रामनवमी रूट का लगातार निरीक्षण करते हुए रामभक्तों और श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन करते दिखे। कई अखाड़ों की झांकियों में शामिल हुए और उनके साथ मनीष जायसवाल ने खूब लाठियां भांजी और पारंपरिक करतब दिखाते नजर आए। रामभक्तों संग नाचते झूमते और थिरकते हुए उन्होंने हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी की सभी को बधाई दी साथ ही शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी जुलूस संपन्न कराने का अपील भी किया।

संक्षिप्त खबरें

प्रशासन की देख रेख मे संपन्न हुआ पदमा की रामनवमी का महापर्व

पदमा। पदमा प्रखंड मे रामनवमी त्यौहार बुधवार को जोश और उतत्साह के साथ मनाया गया.सेकड़ो रामभक्त ताशा बाजे के साथ बजरंगी पटाखा लिए जय श्री राम,जय श्री राम का जयघोष करते हुए पुरे क्षेत्र मे भ्रमण करते रहे। क्या बूढ़े, क्या बच्चे सभी रामनवमी के रंग में रंगे हुए थे। इस दौरान रामभक्तो ने पारंपरिक हथियारों से एक से बढ़कर एक हैरत अंगेज करतब दिखाते गए ओर राम के नाम पर झूमते रहे. हर गली मोहल्ले एवं सडक के चारो ओर भगवा झंडा लगाया गया था,वही कोई अप्रिय घटना ना घट जाय इसके लिए जुलूस और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस के जवान व अधिकारी विशेष व्यवस्था कर सड़क के चारों ओर जाल की तरह बिछे हुए थे.

शांतिपूर्वक रहा नवमी का जुलूसः लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट थी .दो दिन पहले ही भौतिक निरीक्षण कर लिया गया था. सभी पूजा समितियों और अखाड़े के लोगो को सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन का पालन करने एवं प्रभु राम के आर्दशों का अनुसरण करते हुए भाई चारे के साथ पर्व मनाने की बात कही गई थी.साथ ही पदमा प्रशाशन भी क्षेत्र मे घूम घूम कर जुलुश का जायजा ले रहे थे।

30 वर्षीय युवक को गोली मारकर की हत्या

केरेडारी। प्रखण्ड क्षेत्र के बारियातु गांव निवासी योगेंद्र कुमार साव उर्फ छोटू उम्र लगभग 30 वर्ष पिता ननक साव को अज्ञात अपराधियों ने 17 अप्रैल की संध्या में गोली मारकर हत्या कर दी! इस संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार मृत युवक कंडाबेर पंचायत के पतरा खुर्द हथिया मेला टांड से रामनवमी का मेला देखने अपने साथी के साथ गया था!. मेला से वापसी के दौरान ज्ञान ज्योति स्कूल कंडाबेर के समीप दो अज्ञात अपराधीयों ने एक मोटरसाइकिल से ओवर टेक करके सामने से टारगेट कर दो गोली चलाई! एक गोली युवक छाती के नीचे दाहिने हिस्से में और दूसरी गोली बांए तरफ सीने में लगी ! गोली मारने के बाद अपराधी बारियातु हेठ खोरी होते हुए फरार हो गए! घटना की सूचना मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई! घायल युवक बड़कागांव अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में ही दम तोड दिया!

मानव और अनिकेत 94.60 प्रतिशत अंक लाकर बने संयुक्तरूप से प्रखण्ड टॉपर

शुक्रवार को जारी परिणाम में प्रखण्ड के सभी विद्यालयों का परिणाम रहा शानदार

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

चौपारण। प्रखण्ड के मॉडर्न पब्लिक स्कूल, दादपुर और कस्तुरबा गांधी उच्च विद्यालय सिंहपुर के संस्थापक रहे स्व डॉ ललन प्रसाद का सपना आज विद्यालय के शिक्षक साकार करते नजर आ रहे हैं। विद्यालय के बच्चे लगातार चार वर्षों से मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में प्रखण्ड टॉपर बन कर नया कृतिमान रच रहे हैं। शुक्रवार को जैक,राँची द्वारा सत्र 2024 का मैट्रिक परीक्षा का परिणाम जारी किया गया। जिसमें विद्यालय के अनिकेत कुमार सिन्हा और मानव कुमार सिन्हा संयुक्तरूप से 473 अंक (94.60 प्रतिशत) लाकर प्रखण्ड के टॉपर बने। वहीं विद्यालय के अनुज कुमार सिंह और विक्रम कुमार ने संयुक्तरूप से 463 अंक लाकर विद्यालय के सेकेंड और अनुश्री वर्मा 461 अंक लाकर विद्यालय के थर्ड टॉपर रही। प्रखण्ड टॉप करने पर विद्यालय परिवार ने खुशी जाहिर की और प्रखण्ड टॉपर अनिकेत को मिठाई खिलाकर उनके हौसले को बढ़ाया । साथ ही विद्यालय परिवार ने विद्यालय के सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर मॉडर्न पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष व डॉ ललन बाबू कस्तुरबा गांधी उच्च विद्यालय के संस्थापक सदस्य अरबिंद सिन्हा,मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक धीरेन्द्र सिन्हा, डॉ ललन बाबू कस्तुरबा गांधी उच्च विद्यालय,सिंहपुर के प्रबन्धक चन्दन कुमार, प्राचार्या ममता कुमारी,विद्यालय के शिक्षक अमित सिन्हा,सन्तोष सिन्हा उपस्तिथ थे। सभी ने प्रखण्ड टॉपर अनिकेत के पिता अनुज सिन्हा व उनके माता को भी बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। बतादें कि इससे पहले लगातार तीन वर्षों से विद्यालय के उमेश कुमार गुप्ता वर्ष 2021 में, यश कुमार सिन्हा वर्ष 2022 में और नितेश कुमार गुप्ता वर्ष 2023 के मैट्रिक परीक्षा में प्रखण्ड टॉपर रहे।

मैट्रिक में इंदिरा गांधी स्कूल की विद्यार्थी बनी झारखंड टॉपर, रिजल्ट के मामले में हजारीबाग जिला दूसरे स्थान पर

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय हजारीबाग में अगर शिक्षिकों की कमी दूर कर दिया जाए तो और भी बेहतर प्रदर्शन विद्यालय कर सकता है। रिजल्ट जारी होते हीं शुक्रवार को विद्यालय में एक साथ होली और दिवाली मनाई गयी और एक दूसरे को शिक्षकों ने मिठाई खिलाकर स्वागत किया। झारखंड मैट्रिक परीक्षा का परिणाम घोषित हो चुका है। हजारीबाग ने इस बार पूरे राज्य भर में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं टॉप 10 में 19 छात्राएं इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय की हैं। कुल 72 छात्राओं ने इस वर्ष मैट्रिक की परीक्षा इस विद्यालय से दी थी। जिनमें सभी छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। स्टेट टॉपर में ज्योत्सना ज्योति है। जिन्होंने 99.3 प्रतिशत, सना संजुरी 98.6 प्रतिशत, करिश्मा कुमारी 98.4 प्रतिशत और सृष्टि सौम्या ने 98.4 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। ज्योत्सना ज्योति चतरा जिला की हैं। सना संजुरी लोहरदग्गा, करिश्मा कुमारी धनबाद और सृष्टि सौम्या मूल रूप से हजारीबाग की रहने वाली हैं। उनका परिवार वर्तमान समय में बिहार शरीफ में रह रहा है। परीक्षा परिणाम आने के बाद विद्यालय की शिक्षक शिक्षिकाओं में उत्साह है। उन लोगों का कहना है कि अथक परिश्रम का ही यह परिणाम है कि पूरे राज्य भर में टॉप टेन में 19 छात्राओं ने अपना जगह सुनिश्चित किया है। विद्यालय के सभी शिक्षक बहुत ही मेहनत से बच्चों को शिक्षा देते हैं। इस तरह का परिणाम सामने आता है तो बेहद खुशी होती है। टॉप करने वाली कई छात्राएं ऐसी हैं जिन्हें एक समान नंबर आएं हैं।

राज्य के टॉप 10 में इंदिरा गांधी विद्यालय और हजारीबाग के छात्रा

1. ज्योत्सना ज्योति पिता राजेंद्र कुमार दास,	496
2. सना संजुरी पिता युसूफ अंसारी –	493
3. करिश्मा कुमारी, रविंद्र यादव –	492
3. सृष्टि सौम्या, धीरज कुमारी –	492
4. सुप्रिया कुमारी पिता रघुवंशी सिंह मुंडा ,	491
5. सुकृति कुमारी पिता निरंजन प्रसाद मेहता –	490
5. तन्नु राज मुक्ति पिता राजेश्वर माहतो –	490
6. प्रेरणा तिर्की पिता मनोज कुमार तिर्की –	489
6. सुभंगी सिंह पिता राजीव कुमार सिंह –	489
6. रिया कुमारी पिता राजेश कुमार –	489
7. अंकिता कुमारी पिता राकेश कुमार पांडेय –	488
7. सिमरन कुमारी पिता संजय यादव –	488
7. कल्पना कुमारी पिता विनय कुमार –	487
8. तनुजा कुमारी कमल पिता पवन मुंडा –	487
8. पुष्पा कुमारी पिता अरविंद कुमार यादव –	487
8. रुस्दा रानी पिता मो. फिरोज अंसारी –	487
8. कल्पना कुमारी पिता विनय प्रसाद –	487
9. सपना रानी पिता मनिंद्र रंजन –	485
9. करिश्मा कुमारी पिता संतोष कुमार गुप्ता –	485
9. शुभ स्वर्ण पिता मनीष कुमार –	485

● हजारीबाग जिला दूसरे स्थान पर रहा

विद्यार्थियों के पासिंग प्रतिशत में जमशेदपुर के बाद हजारीबाग को दूसरा स्थान मिला है। इस जिले के 93.83 प्रतिशत विद्यार्थियों ने मैट्रिक परीक्षा पास की है। 26,096 विद्यार्थी मैट्रिक के लिए पंजीकृत थे। 25,971 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इसमें 16,047 छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुईं हैं। 7697 विद्यार्थी सेकेंड रहे। 626 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में परीक्षा पास हुए हैं।

● 134 केंद्रों पर हुई थी मैट्रिक-इंटरमीडिएट की परीक्षा

बता दें कि मैट्रिक-इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 134 केंद्रों पर 6 फरवरी से हुई थी। मैट्रिक के लिए सबसे अधिक सदर प्रखंड में 15 परीक्षा केंद्र बने थे। वहीं, चौपारण में 8, इचाक, विष्णुगढ़, बरकट्ठा में 7-7, बरही में 6, केरेडारी, बड़कागांव में 5-5, पदमा, डाडी में 4-4, कटकमसांडी, चलकुसा में 3-3, चुरचू में 2 एवं टाटीझरिया, दारू प्रखंड में एक-एक परीक्षा केंद्र पर विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी।

● हजारीबाग में 300 से अधिक शिक्षकों को बना गया था वीक्षक

सभी केंद्रों पर परीक्षा के सफल संचालन के लिए हजारीबाग जिले में 300 से अधिक शिक्षकों को वीक्षक बनाया गया था। 60 से अधिक दंडाधिकारी की नियुक्ति की गई थी। सदर एवं बरही दोनों अनुमंडलों में मैट्रिक की परीक्षा के लिए 78 केंद्र बनाए गए थे। 16 में अकेला कटकमदाग प्रखंड में परीक्षा केंद्र नहीं बनाया गया था। इस प्रखंड के विद्यार्थियों को शहरी क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों पर शामिल किया गया था।

परियोजना बालिका उच्च विद्यालय 2024 का परीक्षाफल घोषित

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत बाजारटांड़ स्थित परियोजना बालिका उच्च विद्यालय के वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में राशि टॉपर बनी। परीक्षा में कुल छात्राओं की संख्या 295 थी, जिसमें प्रथम श्रेणी में 151, द्वितीय श्रेणी में 119 तथा तृतीय श्रेणी में 10 छात्राएं उत्तीर्ण हुई। कुल उत्तीर्ण छात्राओं की संख्या 280 है। विद्यालय में प्रथम स्थान राशि कुमारी 468 अंक 93.6 प्रतिशत, द्वितीय स्थान नेहा कुमारी 454 अंक 90.8 प्रतिशत, तृतीय स्थान नंदनी कुमारी 453 अंक 90.6 प्रतिशत, चौथा स्थान भूमि कुमारी 452 अंक 90 प्रतिशत एवं पांचवां स्थान स्नेहा कुमारी और

कुल 95 प्रतिशत छात्राएं हुई उत्तीर्ण, राशि बनी विद्यालय टॉपर

गुड़िया कुमारी ने 451 अंक क्रमशः 90.2 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया। इसके अलावा पूजा कुमारी मिश्रा प्रथम श्रेणी 342 अंक 68.40 प्रतिशत प्राप्त किया। इनके साथ समस्त सभी उत्तीर्ण छात्राओं की इस सफलता के लिए परियोजना बालिका उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार, एसएमसी अध्यक्ष संजय कुमार, सहायक शिक्षक राजदेव प्रसाद, अजय कुमार वर्मा, मनोज कुमार, पवन कुमार, सुनील कुमार, रवि भूषण कुमार, शिक्षिका मंजू कुमारी, सुश्री शालिनी गुप्ता, लिपिक शांति कुमारी एवं शुभम प्रसाद आशीष ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

गर्री कलां हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

केरेडारी। प्रखंड के अंतर्गत उच्च विद्यालय गर्री कलां का झारखंड अधिविध परिषद रांची के द्वारा दसवीं बोर्ड का परीक्षाफल प्रकाशित किया गया जिसमें उच्च विद्यालय गर्री कलां के छात्रो के अपेक्षा छात्राओं ने अव्वल दर्जा प्राप्त किया! जिसमें सर्वप्रथम मनीषा कुमारी पिता कैलाश कुमार मेहता 470अंक, 94% लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त

किया और विद्यालय के गौरव को बढ़ाया, कुसुम कोमल पिता रंजीत विश्वकर्मा 468 नंबर , 63.6 पर्तिशत लाकर द्वितीय स्थान पर रही ! तृतीय स्थान पर रीतिक कुमार राणा 464 अंक 92. 80%,पर रहा! शुभम कुमार ,मनीषा कुमारी, हिमांशु कुमार इत्यादि लगभग 16 छात्रों ने 90% से अधिक नंबर लाकर विद्यालय के हौसला को बुलंद किया ! उसके साथ ही साथ 321 बच्चे इस विद्यालय से प्रथम फर्स्ट डिवीजन और 159 बच्चे सेकंड तथा मात्र 51 बच्चे थर्ड डिवीजन रहे।

हजारीबाग की परंपरा और ऐतिहासिक समृद्धि की धरोहर है रामनवमीःजय प्रकाश भाई पटेल

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। पूरे विश्व में एक मात्र शहर हजारीबाग ही है जहाँ रामनवमी की झलक विशेष तौर पर दिखाई देती है। इसलिए यहां के रामनवमी को इंटरनेशनल रामनवमी कहा जाता है। कल विभिन्न अखाड़ों एवं पूजा समिति द्वारा हर्ष और उल्लास के साथ शोभायात्रा और जुलूस निकाले गए। देर शाम तक सभी झांकियां अपने अपने अखाड़े की तरफ लौटे और शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी का पर्व सम्पन्न हुआ। इस बीच इंडिया गठबंधन से हजारीबाग लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी सह मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल शहर के शोभायात्रा जुलुस में सम्मिलित हुए। और सभी श्रद्धालुओं से मिलकर उनको शुभकामनाएं दिया। इस दौरान हजारीबाग रामनवमी महासामिति के संरक्षण समिति एवं सदस्यों ने उन्हें समृति चिन्ह भेंट किया। रामनवमी जुलूस में जय प्रकाश भाई पटेल ने प्रभु श्री जी से प्रार्थना कर क्षेत्र की सुख शांति की कामना किया। साथ ही रामनवमी पर्व को लेकर उन्होंने संदेश दिया है कि हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी को मर्यादित तरीके से हर साल मनाएं। हजारीबाग की परंपरा और ऐतिहासिक समृद्धि की धरोहर है रामनवमी।

शांतिपूर्ण जुलूस संपन्न के लिए महासामिति के प्रति जताया आभार

हजारीबाग शोभायात्रा जुलूस शांतिपूर्ण से संपन्न को लेकर जय प्रकाश भाई पटेल ने रामनवमी महासामिति के अध्यक्ष जीतू यादव, संरक्षण समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों, जिला प्रशासन, गणमान्य लोग समेत हजारीबाग के एक एक वासियों के प्रति आभार प्रकट किया है।

रेल न हुआ अपना, कब पूरा होगा सपना

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता/ गीतांजलि

चतरा। हमारा देश दुनिया का पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन चुका है। ऐसे में अगर कोई जिला रेल देखने के लिए तरस रहा हो तो यह आश्चर्यजनक बात है। चतरा जिले के लोग पिछले दो सात दशकों से रेल देखने के लिए तरस रहे हैं।वजह यह है कि चतरा को रेलवे नेटवर्क से अभी तक जोड़ा नहीं जा सका है।हालांकि वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में रैली के दौरान भाजपा सांसद सुनील कुमार सिंह ने पीएम नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में यह वादा किया था कि चतरा को जल्द रेलवे नेटवर्क से जोड़ा जाएगा और चुनाव जीतने के बाद वे रेल से ही चतरा आएंगे। इस वादे के बाद सिंह को लोगों को अपार समर्थन मिला। और वे चुनाव जीत भी गए। सिंह ने गया चतरा रेलवे लाइन का निर्माण शुरू कराने का भरपूर प्रयास किया। पर इतने बड़े प्रोजेक्ट को शुरू और समाप्त करने में वक्त तो लगता ही है। अपने दूसरे कार्यकाल में भी सांसद सुनील सिंह ने लोगों के सामने किए वादे को पूरा करने का जी तोड़ प्रयास किया।नतीजा यह निकला कि जिस गया चतरा रेलवे प्रोजेक्ट को रेलवे मंत्रालय ने फ्रीज कर दिया था। उसे फिर हरी झंडी मिल गई।भाजपा के वरिष्ठ नेता उपेंद्र सिंह और सांसद प्रतिनिधि महेंद्र सिंह कहते हैं कि चतरा को गया से रेलवे नेटवर्क से जोड़ने का कार्ययोजना एक बार फिर गति पकड़ेगा। सांसद सुनील सिंह ने आधा काम कर दिया है।

गया-चतरा रेल प्रोजेक्ट एक नजर में

गया-चतरा रेलवे प्रोजेक्ट की लागत 5 हजार 452 करोड़ रुपए है। इस प्रोजेक्ट की लंबाई 99.345 किलोमीटर होगी। गया-चतरा रेलवे प्रोजेक्ट गया, परसावां, बोधगया, शेरघाटी, हंटरगंज, जोरी, बोरियो और चतरा को कनेक्ट करेगा। इस प्रोजेक्ट को वर्ष 2008-09 में हरी झंडी मिली थी। उस वक्त इस प्रोजेक्ट के लिए 450 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए थे। गया-चतरा रेलवे लाइन में 197 पुल होंगे।

चतरा के लोग रेल पर चढ़ेंगे, हमारा सपना संपूर्ण करने की दिशा में होगा सार्थक प्रयासःकालीचरण सिंह

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

चतरा। चतरा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कहां है कि चतरा के लोग रेल पर चलेंगे। उन्होंने कहा है कि रेल का सपना हम सबों का सपना है और आने वाले 5 वर्षों में रेल लाने के लिए सार्थक प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा है कि चतरा संसदीय क्षेत्र खनिज संपदा से भरा और परिपूर्ण क्षेत्र है, इसीलिए यहां के लोगों को रोजगार, तरक्की, प्रगति और उन्नति के लिए खनिज संपदा पर आधारित कल कारखानों का जाल भी बिछेगा। उन्होंने झारखंड की वर्तमान झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाली महागठबंधन सरकार पर भी तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जिस प्रदेश का तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जो भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में हो, उसे प्रदेश में विकास की कल्पना भी नहीं की जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में झारखंड में भाजपा की सरकार बनेगी और प्रदेश और देश की तरक्की दिन दुगनी रात चौगुनी होगी। लोगों की मूलभूत समस्याओं से निजात दिलाकर चतरा संसदीय क्षेत्र में इंजीनियरिंग मेडिकल एवं अन्य तकनीकी कॉलेज भी खोले जाएंगे। भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में चतरा संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी कालीचरण सिंह,भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा सह सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा के संकल्प पत्रों के बारे में पत्रकारों को जानकारी दी। इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कहा कि नारी शक्ति वंदन योजना के तहत आने वाले समय में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था पूरे देश में की गई है। इसके साथ ही आधी आबादी की तकरीबन 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि नरेंद्र मोदी की बातों की अक्षरशः गारंटी होता है। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में जितने भी वायदे किए गए थे सभी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की सरकार ने लोगों के लिए समर्पित किया है ।वर्ष 2024 के संकल्प पत्र को भी गारंटी के साथ पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि देश के युवा पीढ़ी के लिए रोजगार के अवसर के साथ-साथ सरकारी नौकरियों में प्रश्न पत्र लीक मामले को पूरी तरह खत्म कर दिया जाएगा।किसानों के लिए किसान सम्मन निधि योजना को और भी सशक्त बनाया जाएगा। युवाओं के लिए रोजगार के नए-नए अवसर प्रदान करने की दिशा में केंद्र सरकार मुद्रा लोन की राशि बढ़कर 10 लाख से बढ़कर 20 लाख रुपए कर दी गई है और नए स्टार्टअप के लिए भी संकल्प पत्र में शामिल किया गया है ताकि देश के युवा स्वरोजगार के साथ जोड़कर अपना रोजगार का साधन उपलब्ध कर सके। भाजपा प्रत्याशी ने संकल्प पत्र को के बारे में बताते हुए पत्रकारों को बताया कि किसानों के लिए एमएसपी कानून विधिवत रूप से लागू किया जाएगा।

● चतरा संसदीय क्षेत्र में खनिज संपदा पर आधारित कल कारखानों का बिछेगा जालः भाजपा कालीचरण

● जिनको किसी ने नहीं पूछा,उनको मोदी जी पूजते हैं,सबका साथ,सबका विकास का भाव ही है भाजपा का संकल्प पत्र

मासिक सत्संग जागरण समारोह के तहत विश्व हिंदू परिषद ने माँ दुर्गा के समक्ष किया भक्ति जागरण का आयोजन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

झुमरीतिलैया : विश्व हिंदू परिषद कोडरमा जिला की ओर से झुमरी तिलैया के सार्वजनिक बसंती दुर्गा पूजा समिति, ताराटाँड़ के परिसर मे माँ दुर्गा के समक्ष मासिक सत्संग जागरण समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष सह दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष राजय कुमार वर्मा ने किया।जबकि संचालन जिला सत्संग प्रमुख सतेंद्र सिन्हा ने किया। कार्यकर्म परिषद के पद्धति के अनुसार तीन वार ओंकार, एकत्मता मंत्र और श्री विजय महामंत्र के साथ शुरू हुआ। इस भक्तिमय जागरण मे एक से एक धार्मिक भजन जैसे गणेश जी, श्री राम जी, माँ दुर्गा जी, श्री कृष्ण भगवान और अन्य सभी देवताओ का एक से एक भजन प्रस्तुत कर उपस्थित सभी दर्शको का मनमोह लिया। सतेंद्र सिन्हा ने सुनो रे राम कहानी तथा चलो बुलवा आया है माता ने बुलाया है, बिनोद चौरसिया ने राम जी की सेना चली, नितिन मिश्रा ने मंगल भवन अमंगल हारी, सुशील सिन्हा ने चला माई के दरवार जैसे भजनों से सभी दर्शको को भक्तिमय कर दिया।

संक्षिप्त खबरें

चौथी बार हांथी ने तोड़ा विद्यालय का दरवाजा

मरकच्चो : प्रखंड के बेरहवा जंगल को हाथियों का झुंड ने अपना बसेरा बना लिया है। दिनभर जंगल में आराम करने के बाद रात में हाथी खाना की तलाश में निकलते हैं। रात्रि में मदमस्त होकर हाथी बेरहवा जंगल से सटे ग्रामीणों के द्वारा लगाए गए फसल के साथ-साथ अन्य सामानों को भी बर्बाद कर रहे है । गुरुवार की शाम लगभग सात बजे शाम हाथियों के झुंड से बिछड़ा एक हाथी दशारो पंचायत के ग्राम खैरोन स्थित नव प्राथमिक विद्यालय खैरोन में चौथी बार जमकर उत्पात मचाया । उसके पहले भी हांथीयों का झुंड विद्यालय पहुंचकर जमकर उत्पात मचाया थाऔर विद्यालय का कई दरवाजा तोड़कर चावल, कागजात व अन्य सामानो को बर्बाद किया। गुरुवार को बिछुड़ा एक हांथी ने कार्यालय का दरवाजा तोड़कर विद्यालय मे रखे रजिस्टर, किताब व कागजात समेत कई सामानों को बर्बाद किया। जिसे लेकर प्रभारी प्रधानाध्यापक किशुन दास के द्वारा आवेदन देकर क्षति पूर्ति की गुहार लगाई है। आगे भी क्षति पूर्ति की गुहार लगाई गई थिलेकिं विभाग के द्वारा कोई भी सुनवाई नही की गई है।

थोड़ी सी सावधानी से रोकी जा सकती है आग की विभीषिका : बिमल चंद्र मांझी

कोडरमा। चाराडीह स्थित बी आर इंटरनेशनल स्कूल में अग्निशमन विभाग के जिला अधिकारी बिमल चंद्र मांझी तथा उनके सहयोगी दलों हेमन्त कांडूला के द्वारा विद्यालय के सभी छात्रों शिक्षकों एवं कर्मियों को आग से होने वाले दुर्घटना से बचने के लिए एवं आग पर काबू पाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया।वहीं उपस्थित विद्यालय के निदेशक श्री ओपी राय अधिकारीयों को सम्मान के लिए मेमोंटे भेंट किया।फायर ब्रिगेड का यह कार्यक्रम अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत किया गया ।जिसमें सबों को आग पर काबू पाने एवं अग्नि सुरक्षा उपकरणों के संचालन के बारे में जानकारी दी गई।प्रशिक्षण के क्रम में फायर ब्रिगेड ऑफिसर बिमल चंद्र मांझी ने बताया कि हम सबों के छोटी सी गलतियों के कारण आग से बड़ी बड़ी दुर्घटनाएं होती है इसलिए हमें पूरी सतर्कता के साथ कार्य करनी चाहिए।उन्होंने बताया कि लोग अग्नि से होने वाले घटनाओं में ज्यादा पैनिक हो जाते हैं जबकि उस समय अपने को संयमित कर आग पर काबू पाने के लिए कार्य करनी चाहिए।कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक ओपी राय प्रशासक सुनील कुमार शिक्षक ताबरक अंसारी केदार साव कमलेश कुमार नागेंद्र सिंह शिवम सिंह शाहिस्ता परवीन मनीष कुमार बिनोद सिंह समेत सभी शिक्षक एवं कर्मी उपस्थित रहे।

घर बैठे जुड़ सकते हैं मतदाता सूची से, जान कर सकते हैं अपने मतदान केंद्र को : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज

Voterhelpline App, NVSP Portal करें डाउनलोड..मतदाता सूची में नाम दर्ज करने हेतु घर बैठे कर सकते हैं ऑनलाईन आवेदन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

कोडरमा : के डिजिटलाइजेशन के इस दौर में चीजें काफी आसान हो गई हैं। अब घर बैठे ही जनता ऑनलाइन माध्यम से तमाम सुविधाओं का लाभ उठा सकती है। भारत निर्वाचन आयोग ने भी मतदाताओं की सुविधा के लिए तमाम प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया है। जिसके जरिए जनता घर बैठे ही न सिर्फ मतदाता रजिस्टर चेक कर सकती है, बल्कि निर्वाचन नामावली में मतदाता का नाम है या नहीं ये भी जान सकती है और मतदाता सूची में नाम ऑनलाइन जोड़ सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग के वोटर हेल्पलाइन एप्प से पात्र मतदाता मतदाता सूची में अपना नाम ढूंढना, मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाना समेत निर्वाचन से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जिलावासियों से अपील की ही कि अगर मतदाता सूची से अभी भी वंचित है, तो वोटर हेल्पलाइन एप्प अथवा राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल एनवीएसपी के माध्यम से फार्म 6 भरकर मतदाता सूची में नाम दर्ज कर सकते हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि 01 अप्रैल 2024 की अहर्ता तिथि को यदि आपकी आयु 18 वर्ष या उससे अधिक हो चुकी है तो Voterhelpline App, NVSP Portal के द्वारा ऑनलाईन अथवा अपने क्षेत्र के बी.एल.ओ./ प्रखण्ड/अंचल/ नगर पंचायत / नगर परिषद कार्यालय के पास फॉर्म 6 जमा कर सकते हैं। मतदाता सूची में नाम दर्ज करने की अंतिम तिथि 24 अप्रैल 2024 है। अभी भी मौका है और अगर मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं है तो Voter Helpline App के माध्यम से आवेदन करें।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी का जिलावासियों से अपील स्वीप टीम बीएलओ के साथ घर-घर जाकर वितरित कर रहे हैं मतदाता मार्गदर्शिका बुकलेट व कलेक्ट कर रहे मतदाता पंजीकरण प्रपत्र (फार्म 6) ...छुटे हुए मतदाता भरें फार्म 6 और करें मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज

वोटर हेल्पलाइन एप करेगा मदद

भारत निर्वाचन आयोग, Voter Helpline App के जरिए जनता को तमाम सुविधाएं दे रहा है । अब मतदाता, खुद वोटर हेल्पलाइन एप के जरिए अपने नाम को निर्वाचक नामावली में सर्च कर सकता है। मतदाता को एप के माध्यम से अपने मतदान केंद्र की भी पूरी जानकारी मिल जाएगी। गूगल प्ले स्टोर से वोटर हेल्पलाइन एप्प डाउनलोड किया जा सकता है।

सब कुछ बस एक क्लिक में

वोटर हेल्पलाइन एप के जरिए मतदाताओं के लिए सुविधाओं को काफी आसान और सरल किया गया है। जिसके जरिए मतदाता, वोटर रजिस्ट्रेशन, वोटर सर्विस, ई मतदाता कार्ड, चुनाव की जानकारी, प्रत्याशियों की जानकारी, चुनाव के नतीजे के साथ ही शिकायत और सुझाव भी दे सकते हैं।

20 मई को है कोडरमा में लोकसभा चुनाव

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बताया कि कोडरमा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत 20 मई 2024 को मतदान दिवस है। इस दिन सभी मतदाता आगे आकर अपना फर्ज निभाएं और अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए नैतिक मतदान करें।

हत्या के आरोप में शातिर गिरफ्तार

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

मरकच्चो : नवलशाही थाना क्षेत्र अन्तगर्त प्रतियासिंगहा जंगल में विगत महीने पूर्व एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव पडा हुआ मिला था। जिसके आलोक में दिनांक- 06.02.2024 को मृतक की पहचान कर, मृतक के पुत्र सुलतान अंसारी उम्र 35 वर्ष, पिता स्व० सकुर मियाँ, साकिन- निमाडीह थाना धनवार (घोडथम्बा ओपी) थाना आकर एक लिखित आवेदन दिये कि इनके पिता- सकुर मियाँ कि हत्या कर शव को छिपाने के नियत से जंगल में फेंक दिया गया है। जिसके आधार पर नवलशाही थाना कांड सं०- 06/2024, दिनांक- 06.02.2024, धारा- 302/201 भा.द.वि. दर्ज किया गया । कांड के अनुसंधान के क्रम में कांड में संलिप्त द्वरिका तुरी उर्फ द्वारिक, पिता स्व० हरि तुरी, उम्र 35 वर्ष, एवं समसुल अंसारी, पिता- स्व० सकुर मियाँ, उम्र 46 वर्ष, दोनो, ग्राम निमाडीह, थाना- राजधनवार, घोडथम्बा (ओ०पी०), जिला- गिरीडीह को गिरफ्तार कर दिनांक- 10.02.2024 को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। उक्त दोनो अभियुक्तों के द्वारा अपने स्वीकारोक्ति बयान में घटना में संलिप्त अन्य अप्राथमिकी अभियुक्त 1.असगर अंसारी उर्फ गारो दा, उम्र करीब 52 वर्ष, पिता- गनी मियाँ, साकिन- निमाडीह, थाना धनवार, घोडथम्बा (ओपी), जिला गिरीडीह को कांड में संलिप्त रहने की बात बताई गई थी । जिसके आधार पर उक्त अभियुक्त के गिरफ्तारी हेतु सघन छापामारी करते हुए दिनांक 18.04.2024 को गिरफ्तार किया गया । जिसके बाद उक्त अभियुक्त को नवलशाही पुलिस ने शुक्रवार को कोडरमा जेल भेज दिया.अप्राथमिकी अभियुक्त 1.असगर अंसारी उर्फ गारो दा उम्र करीब 52 वर्ष, पिता गनी मियाँ साकिन- निमाडीह, थाना धनवार, घोडथम्बा (ओपी) जिला गिरीडीह के विरुध्द इस कांड के अलावे-----।

गिरफ्तार अभियुक्त

1.असगर अंसारी उर्फ गारो दा उम्र करीब 52 वर्ष, पिता गनी मियाँ साकिन- निमाडीह, थाना धनवार, घोडथम्बा (ओपी) जिला गिरीडीह। छापेमारी दल में नवलशाही थाना प्रभारी नितिश कुमार, पुअनि रवि प्रकाश पंडित,पुअनि मदन कुमार मिश्रा समेत सशस्त्र बल के कई जवान शामिल थे।

- डोमचांच थाना कांड सं0- 133/2021,दि0- 21.10.21, धारा- 379/411 भादवि
- डोमचांच थाना कांड सं0- 154/21, दि0- 16.12.2021, धारा-379/411 भादवि
- देवरी थाना कांड सं0- 179/2008, दि0- 03.09.08, धारा-395/364/412 भादवि
- धनवार थाना कांड सं0- 235/10, दि0- 13.10.2010, धारा- 379/382 भादवि
- धनवार थाना कांड सं0- 124/2001, दि0- 18.11.2001,धारा- 395 भादवि
- धनवार थाना कांड सं0- 107/2001, दि0- 06.10.2001, धारा-395 भादवि
- धनवार थाना कांड सं0- 72/10, दि0- 10.08.10, धारा-323/324/307 भादवि एवं श विस्फोटक पदार्थ अधिनियम
- जमुआ थाना कांड सं0- 179/2008, दि0- 03.09.2008 धारा- 395/364/412 भा0द0वि0
- जमुआ थाना कांड सं0- 30/2008, दि0- 18.02.2008 धारा- 392/411/34 भादवि
- बिरनी थाना कांड सं0- 48/2001, दि0- 12.06.2001, धारा- 392 भादवि

डोमचांच क्षेत्र में उत्पाद विभाग के टीम ने छापामारी कर अवैध विदेशी शराब किया बरामद

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

कोडरमा। लोक सभा आम चुनाव 2024 को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष कराने हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, कोडरमा के आदेशानुसार दिनांक 18.04.2024 को अधीक्षक उत्पाद, कोडरमा के पर्यवेक्षण में अवर निरीक्षक उत्पाद, चलिष्णु दल, कोडरमा, अवर निरीक्षक उत्पाद, कोडरमा अंचल एवं अवर निरीक्षक उत्पाद, चलिष्णु दल-2, कोडरमा के द्वारा डोमचांच थानान्तर्गत बेहराडीह एवं शहीद चौक में स्थित अवैध शराब के विभिन्न स्थानों पर छापामारी किया गया। छापामारी में कुल 12.960 लीटर अवैध विदेशी शराब एवं 78 लीटर अवैध बीयर बरामद किया गया। साथ ही अवैध शराब के व्यापार में संलिप्त कुल 03 व्यक्तियों यथा सन्नी कुमार, मनीष मेहता एवं पवन कुमार को उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

श्री हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी जोरों पर

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

झुमरी तिलैया : शहर की धार्मिक संगठन श्री हनुमान संकीर्तन मंडल द्वारा आयोजित श्री हनुमान जन्मोत्सव सह 43 वां वार्षिकोत्सव की तैयारी जोरों पर है।बता दे कि मंडल के द्वारा 22 व 23 अप्रैल को बड़े ही धूमधाम से श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाया सह मंडल का 43 वां वार्षिकोत्सव मनाया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर मंडल के अध्यक्ष नवीन सिन्हा व सचिव विक्की केसरी ने बताया कि 22 अप्रैल को सुबह 7:00 बजे स्टेशन रोड स्थित श्री हनुमान मंदिर से एक भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जो शहर के विभिन्न मार्गो का भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल श्री केदारनाथ राम गोपाल जी की फैक्ट्री अड्डी बंगला रोड पहुंचेगी। उसके बाद सस्वर सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। इसके बाद सवा 25 घंटे का भजनों का कार्यक्रम शुरू होगा। इस कार्यक्रम में सबसे पहले श्री हनुमान संकीर्तन मंडल के द्वारा भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। ततपश्चात शहर की विभिन्न भजन मंडलियों के द्वारा भजन प्रस्तुत किया जाएंगे। वहीं बाहरी कलाकार में दीपक अरोरा, अभिषेक सिंगल आदि कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। उन्होंने आगे बताया कि इस जन्मोत्सव में सवा मनी प्रसाद,फल प्रसाद और पेड़ा प्रसाद का भोग लगाया जाएगा। उन्होंने आम जन से अपील की है कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें। कार्यक्रम की सफलता को लेकर मंडल के सभी सदस्य तन-मन-धन से लगे हुए हैं।

संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सेक्रेड के 17 छात्रों का चयन

झुमरीतिलैया :- विद्या भारती संस्कृत शिक्षण संस्थान कुरुक्षेत्र, हरियाणा के तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सेक्रेड हार्ट स्कूल के 17 छात्रों का चयन हुआ है। सभी छात्रों को सर्टिफिकेट दिया गया। जबकि इसमें तीन छात्रों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है। राष्ट्रीय स्तर पर निशा शर्मा को प्रथम स्थान, असदक शहजाद को द्वितीय स्थान और शशि शेखर को तृतीय स्थान मिला है। इन तीनों छात्रों को सर्टिफिकेट के साथ मेडल भी दिया गया है। चयनित छात्रों में सुमित कुमार, वैष्णवी कुमारी, राजवीर मोदी, शौर्य तिवारी, प्राची कुमारी, वीणा कुमारी, खुशी सिंह, सृष्टि कुमारी, बबली कुमारी, साक्षी राज, पीयूष राज मोदी, शिवम यादव, आराध्या जायसवाल और एंजेल भारती के नाम शामिल हैं।

राष्ट्रीय स्तर पर तीन छात्रों ने पाई सफलता

मैट्रिक परीक्षा में जिला टॉपर बने निखिल कुमार ठाकुर

आईआईटी परीक्षा की तैयारी कर इंजीनियर बनना चाहते हैं : निखिल कुमार

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

कोडरमा : झारखंड अधिविध परीक्षा में कोडरमा जिले टॉपर रहे गोहाल निवासी निखिल कुमार ठाकुर आईटीआई की तैयारी कर बेहतर इंजीनियर बनना चाहता हैं। निखिल कुमार ने बताया कि मैट्रिक परीक्षा में काफी मेहनत किया हूं। विद्यालय के शिक्षकों को द्वारा पढ़ाएं गए विषय वार को घर में रहकर लगातार 2 घंटे तक पढ़ते थे। ज्यादा से ज्यादा सेल्फ स्टडी पर ध्यान देता थे। वही 6 घंटे स्कूल में पढ़ाई के साथ-साथ 6 घंटे घर में स्टडी करता था। उन्होंने बताया कि पढ़ाई के शुरूआती दौरान में काफी कठिनाई हुआ था परंतु घबराए नहीं और समय का सत्यपयोग कर लगातार परिश्रम के साथ पढ़ाई किया जिसका परिणाम आज मुझे मिला। उन्होंने बताया कि यह श्रेय माता-पिता के अलावे विद्यालय की गुरुजनों के साथ साथ बड़े भैया का है। बड़े भैया नवोदय के छात्र हैं। उन्हीं के गाइडलाइन से मैं अपनी पढ़ाई की तैयारी किया। आज मैट्रिक में बेहतर सफलता मिला। निखिल कुमार ठाकुर दो भाई एक बहन है। निखिल कुमार के पिता एक सैलून दुकान है। वहीं जिले के टॉप 10 के पांचवा स्थान प्राप्त करने वाले जयनगर के पंडियाडीह के सुमन कुमारी ने नीट की तैयारी कर मेडिकल विभाग में जाना चाहती है। सुमन कुमारी ने बताया कि मेरा मेहनत और सफलता श्रेय माता द्रोपती देवी, पिता शंभू यादव के साथ-साथ विद्यालय प्रधानाचार्य और निदेशक एवं शिक्षकों का है जिनके मार्गदर्शन से में घर में रहकर अपनी पढ़ाई की। उन्होंने बताया कि 5 वर्ष से 25 वर्ष तक पढ़ाई से भविष्य सवारने का समय है, 25 वर्ष तक आप अपने कड़ी मेहनत की तो निश्चित ही सफलता मिलेगा। सुमन कुमारी पहले से मेघावी छात्रा रही है। विद्यालय में हमेशा टॉपर स्थान प्राप्त की है। सुमन के पिता शंभू यादव तिलैया में जनरल स्टोर दुकान है। वही सुमन दो बहन, एक भाई है। भाई एवं बहन में सबसे बड़ी सुमन है।

डीएवी में धूमधाम से मनाई गई महात्मा हंसराज की जयंती

झुमरीतिलैया : डीएवी पब्लिक स्कूल कोडरमा में महात्मा हंसराज जयंती पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य और सभी शिक्षकों ने महात्मा हंसराज को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उसके पश्चात हवन का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के प्राचार्य,सभी शिक्षकों और बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में उनके जीवन पर प्रकाश वर्तिका शुक्ला ने डाला। अपनी कविता के माध्यम से कक्षा दसवीं की कुमारी श्रेयसी ने महात्मा हंसराज जी के त्याग को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन आकृति सिंह द्वारा किया गया। संस्कृत में उनके सुविचार को जिज्ञासा और सृष्टि कुमारी प्रकट किया।महात्मा हंसराज के जीवन से जुड़े गीत को सान्वी कुमारी ने अपनी मधुर आवाज में गाया। बालक हर्षित ने महात्मा हंसराज का रूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। साथ ही कक्षाओं में बायोस्केच लेखन, चित्रकला और स्लोगन राइटिंग जैसी प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि महात्मा हंसराज पंजाब के प्रसिद्ध आर्यसमाजी, समाज सुधारक और शिक्षाविद् थे।हंसराज जी का बचपन अभावों में व्यतीत हुआ लेकिन वे बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के थे।स्वामी दयानन्द सरस्वती के प्रवचन का उन पर बहुत प्रभाव पड़ा और उन्होंने समाज सेवा को जीवन का लक्ष्य बना लिया।उन्होंने पहला डीएवी संस्थान की स्थापना 1 जून 1886 को लाहौर में किया जो आज विशाल वटवृक्ष के असंख्य शाखाओं के रूप में देश -विदेश में गुणवत्तापूर्ण आधुनिक शिक्षा जो विज्ञान की कसौटी पर कसा गया हो का लोहा मनवा रहा है। महात्मा हंसराज ने डीएवी के माध्यम से शिक्षा के साथ-साथ चरित्र निर्माण, देशभक्ति, राष्ट्र प्रेम, मानवता, सहनशीलता इत्यादि गुणों को जन-जन तक पहुँचाया। उन्होंने महात्मा जी के सादा जीवन और उच्च विचार को जीवन में अपना आदर्श बनाने की बात कही। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरे विद्यालय परिवार की सराहना की।

श्रीराम के जयकारों के साथ सम्पन हुई रामनवमी

- श्री रामनवमी झंडा महासमिति के तत्वाधान में भव्य कार्यक्रम का किया गया आयोजन
- इस बार अखाड़े में महिलाओं की सहभागिता मुख्य आकर्षण रहा

झुमरी तिलैया : रामनवमी को लेकर झुमरी तिलैया में झांकियों के साथ विभिन्न अखाड़ा समितियों के द्वारा जुलूस निकाली गई। यह जुलूस शहर के विभिन्न सड़कों से होते हुए झंडाचौक पहुंची जहां श्री रामनवमी झंडा महासमिति झुमरी तिलैया के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव के नेतृत्व में समिति के लोगों ने सबका स्वागत किया। कार्यक्रम में सांसद अन्नपुर्णा देवी,पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता भी शामिल हुई।मंच का संचालन समिति के अध्यक्ष संतोष यादव व अधिवक्ता सत्यनारायण प्रसाद ने संयुक्त रूल से किया।निर्णायक की भूमिका में मनोज यदुवंशी,सिद्धि प्रसाद,प्रिंस राणा आदि कर रहे थे।जुलूस के दौरान एक ही नारा, एक ही नाम, जय श्री राम-जय श्री राम के उदघोष से शहर का वातावरण गूंजता रहा। झंडाचौक पर पहुंचकर अखाड़ा समितियों के द्वारा पारंपरिक हथियारों मसलन लाठी, भाला, तलवार आदि का परिचालन किया गया। यहां पर बेहतर झांकी और पारंपरिक हथियारों के परिचालन करने वाले को व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से सम्मानित किया गया।वही झांकी में असनाबाद प्रथम स्थान, इंदरवा बस्ती द्वितीय स्थान एवं बेलाटंड तृतीय स्थान प्राप्त किया। रामनवमी के दौरान पूरा शहर महावीरी झंडों से पटा नजर आया।

कोडरमा लोकसभा का विकास सिर्फ कागज पर, प्रत्याशियों को केवल चाहिए वोट

डोमचांच: केशो जलाशय परियोजना में घोटाला, पेमेंट हुआ 44 करोड़, खर्च मात्र 19 करोड़

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

डोमचांच (कोडरमा): झारखंड बनने मे 24 वर्ष बित गया परंतु डोमचांच प्रखंड क्षेत्र मे सरकार की महत्वाकांक्षी योजना केशो जलाशय निर्माण पर साढ़े तीन दशक बीत जाने के बावजूद ग्रहण लगा हुआ है। इसे साल 1992 में ही पूर्ण कर लिया जाना था. जबकि निर्माण की शुरूआत साल 1987 में हुई थी। उस समय कोडरमा बिहार राज्य मे हुवा करता था. समय बढ़ने के साथ बजट भी बढ़ता चला गया। इसका मकसद किसानों को पटवन की सुविधा उपब्ध कराना था। एकीकृत बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री चन्द्रशेखर सिंह ने इसका शिलान्यास साल 1984 में की थी। भूमि अधिग्रहण के बाद साल डैम निर्माण का कार्य लगभग सात करोड की लागत से पूर्ण कराया जाना था। इसके निर्माण से डोमचांच, मरकच्चो और जयनगर प्रखंड के सैकड़ों हेक्टेयर जमीन में पटवन की सुविधा मिलेगी। लेकिन डैम शिलान्यास के बाद लगभग साढ़े तीन दशक से भी अधिक समय बीत जाने के बाद भी केशो जलाशय के पानी से पटवन का सपना किसानों का धरा रह गया। संवेदकों ने अधूरा कार्य छोडा, 2011 में बजट बढकर 66 करोड का हुआ. डैम निर्माण कार्य को पूर्ण कराने में पांच संवेदकों के बीच कार्य आबंटित किया था। लेकिन सभी संवेदक सन 1990-91 में कार्य को अधूरा छोड़ चले गए। सरकार ने साल 2011 में पुनः 66 करोड का निविदा कराया. जिसे विजेता कंस्ट्रक्शन रांची द्वारा कराया जा रहा था। फिलहाल वह भी बंद है और करोड़ों की लागत से बन रहे केशो जलाशय के निर्मण पर अभी भी ग्रहण लगा हुआ है। विजेता कंस्ट्रक्शन कंपनी के योजना में बरती गई भ्रष्टाचार का मामला सामने आने के बाद मंत्रिमंडल निगरानी की तकनीकी समिति से जांच कराई गई थी। जांच में साढ़े बारह करोड़ की गडबडी सामने आई थी। इसके बाद ठेकेदार कंपनी विजेता कंस्ट्रक्शन के खिलाफ साल 2017 मे प्राथमिकी दर्ज किया था। जांच रिपोर्ट में तकनीकी समिति ने कहा था कि कंपनी ने बगैर काम किए ही भुगतान ले लिया था। 13 अभियंता गड़बड़ी में दोषी मिले थे गड़बड़ी मामले में 13 अभियंता भी दोषी पाए गए थे। मामले की जांच मई 2016 से ही चल रही थी। इससे पहले हजारीबाग जलपथ प्रक्षेत्र के मुख्य अभियंता की अध्यक्षता में केशो जलाशय परियोजना से संबंधित विजेता कंस्ट्रक्शन के क्रियाकलापों की जांच की थी। उन्होंने अपने रिपोर्ट में कहा था कि सिर्फ 25 करोड़ का काम हुआ है और कंपनी ने 44 करोड़ का भुगतान ले लिया था। ठेकेदार पर प्राथमिकी दर्ज होने के बाद साल 2017 से ही केशो जलाशय का कार्य बंद पड़ा है। दूसरा कारण सरकार और विस्थापितों के बीच समन्वय स्थापित नहीं होना है। निमार्णाधीन डैम के मुख्य बांध की लंबाई लगभग दो किलोमीटर है, जिस पर लगभग 15 मीटर उंचा बांध बांधा जाना था । डैम के दोनों छोर पर खेतों की सिंचाई व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए नहरों में पानी निकासी के लिए गेट (इनटेक वेल) छोड़े गए हैं। भविष्य में डैम बनने के बाद उसी गेट से पानी नहरों से गुजरते हुए किसानों के खेतों तक पहुंचाया जाएगा। इससे डोमचांच, मरकच्चो और जयनगर प्रखंड के सैकड़ों हेक्टेयर जमीन में पटवन की सुविधा बहाल हो पाएगा।

निर्वाचन की तैयारियों में नहीं चलेगी शिथिलता और बहानेबाजी: मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने पलामू लोकसभा क्षेत्र के गढवा में चुनाव संबंधी तैयारियों की समीक्षा की

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। लोकसभा चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। तैयारियों में कोई शिथिलता और बहानेबाजी नहीं चलेगी। गर्मी-धूप लग रही, तो माथे पर गमछा लगायें और क्षेत्र भ्रमण कर निरोधात्मक कार्रवाईयां सुनिश्चित करें। निर्वाचन कार्य की तैयारियों में बेहतर परिणाम चाहिए। यह बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने कही। वे आज लोकसभा चुनाव 2024 के तहत पलामू लोकसभा क्षेत्र के गढवा जिले में अबतक की गई तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। गढवा जिले के समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अवैध शराब की बिक्री एवं आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निदेश दिया। उन्होंने संपूर्ण जिला क्षेत्र के साथ-साथ बॉर्डर क्षेत्र के प्रखंड एवं थाना क्षेत्रों में सघन छापेमारी एवं जांच अभियान चलाकर संलिप्त आरोपितों के विरुद्ध कडी कार्रवाई का निदेश दिया। उन्होंने उत्पाद अधीक्षक को अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के लिए पुलिस पदाधिकारियों के साथ समन्वय कर संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कडी कार्रवाई करते हुए 22 अप्रैल 2024 तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया । उन्होंने पदाधिकारियों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त मतदान सुनिश्चित कराने को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने का निदेश दिया।

शस्त्र जमा नहीं करने वालों के विरूद्ध करें कार्रवाई

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने शस्त्र जमा कराने की कार्रवाई में गति लाने का निदेश दिया। शस्त्र जमा नहीं करने वालों की शस्त्र अनुज्ञप्ति रद् करने का निदेश दिया। आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की स्थिति पर कार्रवाई का निदेश दिया। साथ ही उन्होंने निर्वाचन के कार्यों में लगे वाहनों का प्रबंधन ससमय कराये, ताकि मतदान के दिन मतदान कर्मियों एवं मतदान केंद्र पर आने वाले मतदाताओं को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निदान हो सके।

इस बार दिन भर मतदान

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार इस बार दिन भर मतदान होगा। सभी मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होना है। उन्होंने अंतरराज्यीय एवं अंतरजिला चेक पोस्ट पर विशेष निगरानी रखते हुए सघन जांच कराने का निदेश दिया।

स्वास्थ्य सुविधा के लिए मतदान केन्द्रों का करें मैपिंग

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मतदान केन्द्रों पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का निदेश दिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को मतदान केंद्र का मैपिंग करते हुए एएनएम, जीएनएम सहिया आदि की तैनाती कर आवश्यक दवाइयां उपलब्ध करने का भी निदेश दिया।

गर्मी के मद्देनजर पेयजलापूर्ति की रखें मुकम्मल व्यवस्था मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि गर्मी का मौसम है। पानी की समस्या सामने आने लगी है ।

पांकी के सुडी में खुला एसबीआइ का सीएसपी सेंटर

पांकी (उज्ज्वल दुनिया)। ग्रामीणों के सुबिधा को देखते हुए पांकी के सुडी गांव में एसबीआइ का सीएसपी सेंटर खोला गया। सेंटर का उद्घाटन तरहसी ब्रांच के मैनेजर एवं मुखिया पति लोकनाथ यादव के नेसंयुक्त रूप से फीता काट कर किया। सीएसपी सेंटर के संचालक मंजू कुमारी गुप्ता ने बताया कि पहले लोगों को बाहर जाना पडता था। अब बैक का सारा काम सुडी में ही होगा। इससे अगल-बगल के करीब छह गांवों के लोग लाभान्वित होंगे। मौके पर सुडी के पूर्व पंचायत समिति सदस्य संतोष चन्द्रवंशी, हुरलोंग पंचयात समिति सदस्य लक्ष्मी देवी के पति पिंटू गुप्ता, गोल्डन खान, पवन गुप्ता, नारद यादव, तेजू विश्वकर्मा, भोला पासवान अंकित वर्मा, अविनाश शर्मा, बिट्टू गुप्ता, पंकज गुप्ता, संन्नी शर्मा लोग मौजूद थे।.

एमकेडीएवी में मनाई गई महात्मा हंसराज की 161वीं जयंती

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। स्थानीय एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल में डीएवी संस्थान के संस्थापक एवं प्रथम अवैतनिक प्राचार्य महात्मा हंसराज जी की 161वीं जयंती मनाई गई। विद्यालय के प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्राचार्य सह डी.ए.वी पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉ जीएन खान ने वरिष्ठ शिक्षकों की उपस्थिति में महात्मा हंसराज जी के चित्र के समक्ष वेद मंत्रोचार के बीच दीप जलाकर एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आज की प्रार्थना सभा की समस्त गतिविधियां महात्मा हंसराज पर आधारित थी । छात्र-वार्ता गतिविधि में बोलते हुए विद्यालय के नवम (स) के छात्र अक्षत ने बताया कि महात्मा जी का जन्म बछवारा, होशियारपुर, पंजाब में 19 अप्रैल 1834 को को हुआ था। मिशन स्कूल में अध्ययन के दौरान जाति भेद देखकर दुखी हुए और महर्षि दयानंद से प्रभावित होकर आर्य समाजी बन गए। उन्होंने 1 जून 1886 को लाहौर में डीएवी का प्रथम विद्यालय प्रारंभ किया, जिसमें कुल 300 बच्चे थे। आज यह संस्थान वटवृक्ष बनकर सभी को शिक्षा की शीतल छाया प्रदान कर रहा है। उन्होंने इस संस्था की 25 वर्षों तक सेवा कर 74 वर्ष की आयु में सन 1938 में मृत्यु को प्राप्त किया । महात्मा हंसराज का योगदान महात्मा गांधी के समान ही महान एवं आदरणीय है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ जीएन खान ने अपने कहा कि महात्मा हंसराज जी ने आजीवन एक त्यागी का जीवन बिताया। 25 वर्षों तक डीएवी की सेवा कर इसे विस्तार दिया। शिक्षा का दीप जलाकर तत्कालीन समाज को एक नई दिशा प्रदान की। आज हंसराज जी हमारे बीच नहीं है, किंतु 750 से अधिक डीएवी संस्थान उनके जीवित स्मारक के रूप में हमारे बीच हैं। इस संस्थान ने महात्मा जी की याद में कई वर्षों तक अपनी खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन महात्मा हंसराज आर्य क्षेत्रीय टूर्नामेंट के नाम से किया, जो अब डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के नाम से जानी जाती है। इस वर्ष, इस प्रतियोगिता में इस विद्यालय के चार छात्र राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुके हैं। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक आलोक कुमार, सीएस पांडे, एके पांडे, नीरज कुमार सिन्हा, ।

गर्मी के दिनों में आगलगी की घटनाओं पर रोक लगाने को लेकर डीसी ने जिलेवासियों से विभिन्न उपायों को अपनाने की अपील की

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि पलामू में गर्मी के मौसम की शुरुआत हो चुकी है।इस मौसम मे पछुआ हवा चलने की संभावना बनी रहती है।ऐसी स्थिति में मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में आगलगी की घटनाओं की संभावना बढ जाती है। अग्निकाण्ड से घर,खेत खलिहान एवं जान-माल को भारी क्षति पहुंचती है तथा सब कुछ पूरी तरह से बर्बाद हो जाता है।उन्होंने कहा कि थोडी सी सावधानी बरतने से अग्निकाण्ड से होने वाली क्षति को कम किया जा सकता है।उन्होंने कहा कि अग्निकाण्ड से बचाव हेतु निम्न कार्य किया जा सकता है। रसोई घर यदि फूस का हो,तो उसकी दीवार पर मिट्टी का लेप अवश्य कर दें। दिन का खाना सुबह 9 बजे से पूर्व तथा रात का खाना शाम 6 बजे के बाद बनायें। भोजन बनाने के बाद चूल्हे की आग पूरी तरह से बुझा दें। आग बुझाने के लिए बालू अथवा भूर-भूरी मिट्टी को बोरे में भर कर तथा खाना बनाने के स्थान पर दो बाल्टी पानी अवश्य रखें। रसोई घर की छत ऊँची रखी जाय जिससे आग का सम्पर्क न हो सके। पूजा, हवन आदि का काम सुबह निपटा लें। फसल कटनी के बाद खेत मे छोडे गये डण्ठलों मे आग नही लगाएं। दीपक, दीया, लालटेन, मोमबत्ती, अगरबत्ती को ऐसी जगह पर न रखें, जहाँ से गिर कर आग लगने की संभावना हो। शॉर्ट सर्किट की आग से बचने के लिए बिजली वायरिंग की समय से मरम्मत करा लें। गैस के लीक होने की स्थिति में सभी खिडकियों के दरवाजे खोल दें एवं माचीस का प्रयोग भूल से भी न करें। घर मे किसी भी उत्सव के लिए लगाये गये कनात अथवा टेण्ट के नीचे से बिजली के तार न ले जायें। जलती हुई माचीस की तीली अथवा अधजली बीडी एवं सिगरेट पी कर इधर-उधर न फेकें।माचीस को बच्चों की पहुँच से दूर रखें। जहाँ पर सामूहिक भोजन इत्यादि का कार्य हो रहा हो,वहाँ पर दो से तीन ड्रम पानी अवश्य रखा जाय। भोजन बनाने का कार्य तेज हवा के समय न किया जाय। ढीले-ढाले और पॉलिस्टर के कपडे पहन कर खाना न बनायें। हमेशा सूती कपड पहन कर ही खाना बनायें। सार्वजनिक स्थलों, ट्रेनों एवं बसों आदि मे ज्वलनशील पदार्थ लेकर न चलें। ग्रामीण क्षेत्रों मे हरा गेंहूँ,चना,मटर आदि बच्चे लाकर भूनते हैं। ऐसे मे आग लगने से बचने के लिए उन पर निगरानी अवश्य रखें। आग लगने पर समुदाय के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास करें। अगर कप? में आग लगे तो जमीन पर लेट कर आग बुझाने का प्रयास करें। आग लग जाने से यदि भवन के अंदर धुआँ भर गया है तो सांसों की घुटन से बचने के लिए नीचे झुक कर या रेंगते हुए बाहर निकलें। खाना बनाते समय जलते चूल्हे को छोडकर कभी कोई दूसरे कार्य के लिए न जायें। चूल्हे की छाई या राख को कभी भी फूस के घर अथवा खरपतवार से सटा कर न फेंके।

9790 मतदानकर्मियों का द्वितीय चरण का चुनाव प्रशिक्षण सम्पन्न

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू शशिरंजन के आदेशानुसार एवं प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त रवि आनंद के निर्देशानुसार 9790 मतदान कर्मियों को पीठासीन, प्रथम, द्वितीय व तृतीय मतदान पदाधिकारी का प्रशिक्षण दिया गया। जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अशोक सिंह,अमरेन्द्र पाठक, प्रशिक्षण कोषांग के प्रधान सहायक रामलखन राम,सहायक सौरव कुमार सिन्हा,दिनेश चंद्र पासवान के द्वारा प्रशिक्षण का अनुसमर्थन किया गया। प्रशिक्षण का अनुश्रवण छतरपुर एलआरडीसी श्री विजय कुमार केरकेट्टा ने किया। मास्टर ट्रेनर अनीश सिंह, नितेश कुमार,आशीष रंजन, संजय राम, सुमंत सिंह, ब्रजेश कुमार,अजय सिंह,सरोज कुमार आजाद, दूधनाथ साहू, निखिल सिंह,निशिकांत नीरव, शशिभूषण सिंह, अविनाश रंजन, संजय पाण्डेय, अर्जुन राम, विजय कुमार, जितेन्द्र सिंह,गौतम प्रसाद, विकास सिंह, महताब खान, सुजीत कुशवाहा,मनोज कुमार द्विवेदी, विनोद दीक्षित आनंद मोहन सिंह सहित अनेक मास्टर प्रशिक्षक के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

पलामू लोकसभा चुनाव की निर्धारित तिथि 13.05.2024 एवं चतरा लोकसभा की तिथि 20.05.2024 के मद्देनजर निष्पक्ष, त्रुटिरहित व भयमुक्त चुनाव के लिए मतदान कर्मियों को पूरी तरह से प्रशिक्षित किया जा रहा है।

बडा तलाब में फिर शुरु होगा लेजर शो

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में तीन ऐसे स्पॉट बनाये गये है, जहां सुबह- शाम शहरवासी घूमने फिरने जाते है। तीन स्पॉट में से एक है बडा तालाब जो शहर के बीचों बीच है। यहां लोगों के लिए वाटर लेजर शो सिस्टम लगाया गया है, जिसकी फिर से शुरुआत होने वाली है। तालाब में जलकुंभी के कारण ये शो लोग नहीं देख पाते थे। मगर अब जल्द ही इस शो का लोग आनंद ले पाएंगे। मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में पब्लिक हॉट स्पॉट के लिए बडा तालाब का सौंदरीकरणा किया गया है। यहां लोगों के बैठने, घूमने, जिम करने और मनोरंजन करने के लिए झूले लगे हुए है। इसे अंबेडकर पार्क के नाम से जाना जाता है। यहां सबसे खास तौर पर लोगों के मनोरंजन के लिए लेजर शो लगाया गया है। जिनसे पानी का म्यूजिकल डांसिंग दिखाया जाता है। मगर तालाब में गंदगी होने से काफी दिनों से ये शो बंद है। अब इसे फिर से शुरू किया जायेगा। प्रबंधक सतीश कुमार ने कहा कि बरसात के बाद तालाब में जल कुंभी हो जाने से पूरा तालाब भर गया था, जिसकी सफाई की जा रही है। पिछले साल भी अगस्त के महीने में सफाई कराई गई थी लेकिन, बरसात के बाद फिर से हो गया है। 85,000 रुपये की लागत से इसकी सफाई कराई जा रही है. जिसके लिए बाहर से टीम बुलाया गया है. जल कुंभी होने से पानी में ऑक्सिडेशन कम हो जाता है। इसकी सफाई करने के लिए ड्रोन से डाईक्लोराइड 27 का छिडकाव किया गया है, जो खरपतवार मारने वाली दवा होती है। 15 से 20 दिन में इसकी सफाई करा दी जाएगी। जल कुंभी होने से लेजर शो का पाइप जाम हो गया है। सफाई के बाद इस शो को चलाया जायेगा। ये स्थान पब्लिक वेलफेयर के लिए करने की तैयारी है। उन्होंने बताया कि दो से रना को चालू कराते हुए इवनिंग शो लोगों को देखने को मिलेगा। सफाई के बाद ब?ा तालाब में नमक, ब्लीचिंग पाउडर और फिटकिरी भी मिलाया जायेगा, जिससे तालाब का पानी साफ हो जाएगा और खूबसूरती बढ जायेगी।

भाजपा प्रत्याशी कालीचरण का धूप मे भी दौरा

समाजसेवी प्रिंस ने भीड को पिलाया सत्तू और शरबत

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। चतरा संसदीय क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार कालीचरण सिंह, चुनावी प्रचार के उफान पर चल रहे हैं और इसी कडी में शुक्रवार को वे पांकी प्रखण्ड के नवडीहा में स्थित महावीर मंदिर में जाकर पूजा अर्चना कर ईश्वर से आर्शीवाद प्राप्त किया। उन्हें मंदिर के पुजारी संजय मिश्रा ने आर्शीवाद देते हुए विजयी भवः कहा। भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के साथ भाजपा के जिला अध्यक्ष अमित तिवारी और पांकी के जाने-माने समाजसेवी प्रिंस सिंह भी मौजूद थे। आपको बता दें कि यह वही महावीर मंदिर है, जिसके लिए समाजसेवी प्रिंस सिंह के पिता अनिल कुमार चैहान ने अपनी जमीन दान दी है। बाद में जब मंदिर की और जर्जर स्थिति हुई तो फिर समाजसेवी प्रिंस सिंह ने भी मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए अपने निजी कोष से एक लाख रूपये का दान दिया। इससे पूर्व कडी धूप के बावजूद भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह का लोगो नें जोरदार स्वागत किया और उन्हें चुनाव की चुनौती में डटकर और जमकर आगे बढने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्त्ताओं के साथ-साथ भारी संख्या में ग्रामीण और महिलाएं भी मौजूद थे। भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के साथ भाजपा के जिला अध्यक्ष अमित तिवारी और पांकी के जाने-माने समाजसेवी प्रिंस सिंह भी मौजूद थे। प्रिंस सिंह ने इस बाबत सत्तु और शरबत का विशेष इंतजाम किया था। समाजसेवी प्रिंस ने फिर से आज मंदिर के पुजारी को आर्थिक सहायता प्रदान की। महती भीडं को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी कालीचरण ने भरोसा दिलाया कि उनकी जीत जनता की जीत होगी और वे शतप्रतिशत आम जनमानस के विश्वास पर खरे उतरेंगे। इस मौके पर भाजपा पांकी प्रखण्ड के मण्डल अध्यक्ष शत्रुध्न सिंह, अनिल कुमार चैहान, कुन्दन चैहान, अन्तु मिस्त्री, दिलीप ठाकुर, सुनील ठाकुर, ईश्वर साव, ज्ञानरंजन गुप्ता, अब्दुल गफार अंसारी, अफरोज अंसारी, यमुना उराँव, बेलास उरांव, सुरेन्द्र चैहान, पंकज शर्मा, संजय भुईयां, कृष्णा महतो, राहुल चन्द्रवंशी, अशोक शर्मा, गोलू, भोलू, राज कुमार गुप्ता, अमलेश पाण्डेय, और नन्ददेव शर्मा समेत कई लोग उपस्थित थे। सांसद प्रत्याशी कालीचरण सिंह नवडीहा के अलावा मारन और पांकी के मंगरपुर ग्राम में भी जोर शोर से जनसम्पर्क अभियान चलाया।

एक-नजर

दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। औरंगाबाद-मेदनीनगर मुख्य पथ एनएच 98 पर कंडा घाटी में आज सुबह करीब 9.30 बजे हरिहरगंज से मेदनीनगर जाने के क्रम में एक बाइक सवार की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। मृतक की पहचान हरिहरगंज निवासी राजेश कुमार विश्वकर्मा के 30 वर्षीय पुत्र शेखर कुमार के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद नावा बाजार के थाना प्रभारी चिंटू कुमार पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। साथ ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर स्थित एमएमसीएच भेज दिया। घटना की सूचना मुतक के परिजनों को दी गयी है।.

मजदूरों को बाहर भेजने वाला गिरफ्तार

पांकी (उज्ज्वल दुनिया)। पांकी पुलिस ने आरोपी इस्लाम अंसारी को उसके गांव सकलदीप से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जावेद अंसारी पर गरीब मजदूरों को प्रलोभन देकर काम करवाने के लिए देश के विभिन्न क्षेत्रों में भेजने का आरोप है। बाहर में मजदूरों को कई प्रकार के प्रता?ित किया जाता था।

इसी क्रम में सोंस गांव के हलधर भुइयां की मौत जम्मू कश्मीर में हो गई थी। उसके शव को परिवार वालों को बिना सूचना दिए और बिना पोस्टमार्टम कराए ही जावेद अंसारी द्वारा मृतक के घर के पास पहुंचा दिया गया था। इस घटना के बाद से जावेद अंसारी फरार था। इस मामले में उसके खिलाफ थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी।.

पलामू सीट के लिए दूसरे दिन भी कोई नामांकन नही

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। पलामू लोकसभा सीट के लिए शुक्रवार को दूसरे दिन भी किसी अभ्यर्थी द्वारा नामांकन नहीं किया गया। गुरुवार को भी किसी प्रत्याशी ने नामजदगी के पर्चे दाखिल नहीं किये थे। हालांकि गुरुवार को चार पर्चे जरुर खरीदे गये थे। पलामू लोकसभा सीट के लिए नामांकन की प्रक्रिया 25 अप्रैल तक चलेगी। 26 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। इसी क्रम में यदि कोई प्रत्याशी अपना नाम वापस लेना चाहे तो 29 अप्रैल तक नाम वापस लिया जा सकता है। नामांकन को लेकर समाहरणालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था कडी कर दी गयी है। इस बीच पलामू के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह सह उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि देश के भविष्य गढने की तिथि 13 मई व 20 मई निर्धारित की गयी है। ऐसे में सभी दोनों ही दिन मतदान ?रूर करें। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को बूथ पर किसी तरह की कोई समस्या ना हो, इसे लेकर सभी बूथों पर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के मद्देनजर सभी बूथों पर पेयजल की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का उपयोग करने व लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता निभाने की अपील की है।

चेन्नई कमाने गए मजदूर का शव पहुंचा घर

नावाबाजार (उज्ज्वल दुनिया)। नावा बाजार प्रखंड मुख्यालय के मीर मुहल्ला निवासी मुमताज खान एक माह पूर्व मजदूरी करने चेन्नई गया था जहां सेटेरिंग कार्य चल रहे क्वार्टर स्थित रात्रि में 3 दिन पूर्व मुमताज खान का दिल का दौरा ब? जाने से अचानक मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों को सूचना दी गई तब नावा बाजार के स्थानीय लोगों के पहल एवं नावा बाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार द्वारा शव को अपने पैतृक निवास एंबुलेंस से शुक्रवार को पहुंचा। जहां स्थानीय कब्रिस्तान में मुमताज खान का शव का खाक-ए-सुपुर्द किया गया। उक्त मौके पर नावा बाजार पूर्व जिला परिषद सदस्य अनुज राम, उपप्रमुख मिर खुर्शीद आलम एवं कांग्रेस युवा जिला सचिव मीर आरिज आलम पहुंचकर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया ।मुमताज खान अपने पीछे पत्नी सहित तीन पुत्री छो? गए।

किशुनराज पब्लिक उच्च विद्यालय बलियारी के बच्चों ने फिर लहराया परचम

कांडी। प्रखंड स्थित किशुनराज पब्लिक उच्च विद्यालय बलियारी का सत्र 2023 -24 में मैट्रिक का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है।विद्यालय के सभी 35 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुए हैं।रिशु दुबे 466 अंक 93.20 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है।जबकि सचिन ठाकुर 465 अंक 93 त्न अंक के साथ दूसरा स्थान व शिवमंगल कुमार 463 अंक 92.60 त्नअंक के साथ तृतीय स्थान लाने में कामयाब रहा।इसके साथ ही नीरज कुमार 459 अंक,आदर्श कुमार दुबे 454 अंक,निधि दुबे 451 अंक,कौशल कुमार 448 अंक,तनु कुमारी 447 अंक,जयकांत तिवारी 445 अंक व निधि साव ने 444 अंक लाकर स्कूल के मैट्रिक रिजल्ट में टॉप टेन में जगह बनाने में सफल रहे हैं।विद्यालय का मैट्रिक रिजल्ट शत प्रतिशत होने पर विद्यालय सचिव आनंद प्रकाश दुबे व प्रधानाध्यापक नवनीत कुमार दुबे ने मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियों को उनकी मेहनत व उनकी लगन के लिए बधाई दिए हैं।साथ ही विद्यालय के सभी शिक्षकों को भी बधाई दिए हैं।साथ ही सभी शेष बच्चे भी प्रथम श्रेणी से मैट्रिक परीक्षा उतीर्ण किए। सभी का 80 प्रतिशत से ऊपर अंक आया है।

ऐतिहासिक होगा उलगुलान महारैली, गढवा से शामिल होंगे 25 हजार कार्यकर्ता : झामुमो

गढवा। रांची में आगामी 21 अप्रैल को आयोजित उलगुलान महारैली ऐतिहासिक होगा। इस महारैली में गढस्वा से लगभग 25 हजार कार्यकर्ता शामिल हांगे। सभी कार्यकर्ता विभिन्न बसों, चारपहिया वाहन आदि के माध्यम से रांची पहुंचेंगे। वहां पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन करेंगे। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने शुक्रवार को शहर के चिनियां रोड स्थित होटल पद्मावती में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर उक्त बातें कही।

श्री दुबे ने कहा कि भाजपा मीठा जहर घोलकर लोकतंत्र पर कुठाराघात कर रही है। यदि जनता इसबार सचेत नहीं हुई तो मतदान के अधिकार से सभी को वंचित हो जाना पडेगा। भाजपा इस बार सत्ता में आयी तो अगली बार से चुनाव बंद कराने की तैयारी में है। इस बार भी सभी प्रमुख विपक्षी दलों के नेताओं को भाजपा चुनाव से ठीक पहले बेवजह जेल में बंद कर चुनाव को एकतरफा करने का प्रयास कर रही है। साथ ही भाजपा ने इडी, सीबीआई, चुनाव आयोग आदि सभी का दुरूपयोग कर अपने हित में कार्य करवा रही है। श्री दुबे ने कहा कि भाजपा चंदा दो, धंधा लो के तर्ज पर काम कर रही है। इस तरह से बहुत बडा स्कैम चलाया जा रहा है। किसी भी ठेका कार्य को अधिक स्टीमेट बनाकर कार्य कराया जा रहा है। दो लोग मिलकर सिर्फ गुजरात और गुजरातियों का ही भला चाहते हैं। उनकी शैली में सबका साथ और सिर्फ गुजरात का विकास है। श्री दुबे ने कहा कि भाजपा को जहां-जहां चुनाव हारने का डर है वैसे जगह झारखंड, दिल्ली के मुख्यमंत्री को चुनाव से ठीक पहले जबरन जेल में बंद करवा दिया यदि भाजपा में इतनी क्षमता थी तो मुख्यमंत्रियों की गिरफ्तारी चुनाव के बहुत पहले या बाद में करायी जा सकती थी। उन्हांने कहा कि जो मीडिया हाउस भाजपा के खिलाफ आवाज उठाती है, उसके यहां छापामारी कराया जाता है। आज स्थिति यह बन गई है कि देश के सभी संवैधानिक तंत्रों को अपनी मुट्ठी में कर पुनः सत्ता पाने के लिए दुरूपयोग कर रही है। आज लोकतंत्र पूरी तरह से खतरा में पड गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड सहित पूरे देश की जनता को जागरूक होने की जरूरत है। भाजपा के काली करतूतों को समझते हुए जनता को लोकतंत्र के साथ खिलवाड करने वाली ताकतों को मुंहतोड जवाब देना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा कर एकमात्र मकसद है किसी भी प्रकार से हर हथकंडा अपनाकर सत्ता में बने रहना।

संपादकीय

भौतिकवाद से उपजी दुर्गति

ऊंचा महल खड़ा करने के लिए किसी दूसरी जगह गड्ढे बनाने पड़ते हैं। मिट्टी, पत्थर, चूना आदि जमीन को खोदकर ही निकाला जाता है। एक जगह टीला बनता है तो दूसरी जगह खाई बनती है। संसार में दरिद्रों, अशिक्षितों, दुःखियों, पिछड़ों की विपुल संख्या देखते हुए विचार उठता है कि उत्पादित सम्पदा यदि सभी में बंट गई होती तो सभी लगभग समान स्तर का जीवन जी रहे होते।

अभाव एक ही कारण उत्पन्न हुआ है कि कुछ लोगों ने अधिक बटोरने की विज्ञान एवं प्रत्यक्षवाद की विनिर्मित मान्यता के अनुरूप यह उचित समझा है कि नीति, धर्म, कर्त्तव्य, शालीनता, समता, परमार्थ परायणता जैसे उन अनुबंधों को मानने से इंकार कर दिया जाए जो पिछली पीढ़ियों में आस्तिकता और धार्मिकता के आधार पर आवश्यक माने जाते थे। पशुओं को जब नीतिवान परोपकारी बनाने के लिए बाधित नहीं किया जा सका, तो बन्दर से मानव रूप में विकसित मनुष्य को यह किस आधार पर समझाया जा सके कि उसे उपार्जन तो करना चाहिए पर उसको उपभोग में ही समाप्त नहीं कर देना चाहिए।

संसार में दरिद्रों, अशिक्षितों, दुःखियों, पिछड़ों की विपुल संख्या देखते हुए विचार उठता है कि उत्पादित सम्पदा यदि सभी में बंट गई होती तो सभी लगभग समान स्तर का जीवन जी रहे होते

विज्ञान के साथ सज्ञान का समावेश यदि रह सका होता तो भौतिक और आत्मिक सिद्धान्तों पर आधारित प्रगति का लाभ हर किसी को समान रूप से मिलता पर किया क्या जाए? भौतिक विज्ञान जहां शक्ति व सुविधा प्रदान करता है, वहीं प्रत्यक्षवादी मान्यताएं नीति, धर्म, संयम, स्नेह, कर्त्तव्य आदि को झुठला देती हैं। ऐसी दशा में उद्दंडता अपनाए हुए समर्थ का दैत्य-दानव बन जाना स्वाभाविक है।

औद्योगीकरण के नाम पर बने कारखानों ने संसार भर में वायु और जल प्रदूषण भर दिया है। ऊर्जा के अत्यधिक उपयोग ने संसार का तापमान इतना बढ़ा दिया है कि हिम प्रदेश पिघल जाने पर समुद्रों में बाढ़ आने और ओजोन नाम से जाना जाने वाला पृथ्वी का कवच फट जाने पर ब्रह्माण्डीय किरणों धरती की समृद्धि को भूनकर रख सकती हैं। रासायनिक खाद और कीटनाशक मिलकर पृथ्वी की उर्वरता को विषाक्तता में बदलकर रखे दे रहे हैं। बढ़ते हुए कोलाहल से व्यक्ति और पगलाने लगेंगे। शिक्षा का उद्देश्य उदरपूर्ति भर रहेगा, उसका शालीनता के तत्त्वदर्शन से कोई वास्ता न रहेगा। मनुष्य जाति आज जिस दिशा में चल पड़ी है, उससे उसकी महत्ता ही नहीं, सत्ता का भी समापन होते दीखता है।

इजराइल का ईरान पर हमला विश्व में मचेगा हाहाकार

सनत जैन

इजरायल ने ईरान के ऊपर जबाबी हमला कर दिया है। इस जवाबी हमले के बाद सारी दुनिया के देशों में हाहाकार मचना तय है। इजराइल ने ईरान के कई शहरों और एयरपोर्ट पर खतरनाक मिसाइलों से हमला किया है। ईरान के इसाफहान शहर के एयरपोर्ट पर जबरदस्त धमाका सुना गया है। यहीं पर ईरान की न्यूक्लियर साइड भी मौजूद है। इस हमले के दो महत्वपूर्ण प्रभाव सारी दुनिया के देशों में होंगे। पहला कच्चे तेल की आपूर्ति प्रभावित होने से तेल के दाम बड़ी तेजी के साथ बढ़ेंगे। इसमें दुनिया के वह देश जो इस लड़ाई में प्रत्यक्ष रूप से शामिल नहीं हैं, उनके ऊपर भी इस युद्ध का असर होगा। दूसरा जो देश प्रत्यक्ष रूप से इस युद्ध में भाग लेंगे या समर्थन दे रहे हैं उन देशों को भी इसका बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ेगा। भारत के लिए यह बड़ी चिंता का विषय है। भारत के संबंध ईरान और इजराइल दोनों के साथ हैं। गुरुवार की रात को इजराइल ने ईरान के इसाफन प्रांत में हमला किया है। यहां पर ईरान के परमाणु ठिकाने और यूरेनियम संवर्धन प्रमुख केंद्र हैं।

ईरान और इजरायल के बीच चल रहे तनाव का मामला संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में भी उठा था। सुरक्षा परिषद भी दोनों देशों के तनाव को कम करने में कोई सार्थक भूमिका नहीं निभा पाई। इजराइल के जवाबी हमला करने के बाद भारत को आर्थिक और सामरिक दृष्टि से बड़ा नुकसान होना तय है। ईरान की फौज ने इजराइल का एक माल वाहक जहाज जप्त करके रखा है। इसमें 25 चालक दल में 17 भारतीय थे। ईरान ने मात्र एक महिला चालक को छोड़ा है। शेष सभी ईरान की हिरासत में हैं। इजराइल और ईरान लंबे समय से एक दूसरे के ऊपर छुटपुट हमले करते रहे हैं। लेकिन अब इस युद्ध में अमेरिका, यूरोपीय देशों के साथ-साथ रूस और चीन भी हस्तक्षेप कर रहे हैं। इस कारण तीसरे विश्व युद्ध की आशंका बन गई है। 1 अप्रैल को इजराइलियों ने दमिशक में एक ईरानी काउंसलेट पर हमला किया था। इस हमले में ईरान के साथ वरिष्ठ अधिकारी मारे गए थे। इस हमले के बाद ईरान को इजराइल के खिलाफ सीधी जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। बदले में गुरुवार की रात इजराइल ने भी ईरान पर सीधा जबाबी हमला कर दिया है। जिसके कारण सारी दुनिया के देशों में तनाव की स्थिति बन गई है।

ईरान के हमले से बचाव के लिए अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जॉर्डन और सऊदी अरब इजराइल की मदद में खड़े हुए हैं। दूसरी ओर ईरान की सहायता के लिए रूस और चीन खुलकर सामने आ गए हैं। इजराइल द्वारा गाजा में जिस तरीके का विनाश हमास से युद्ध करने के नाम पर फिलिस्तीनी नागरिकों का किया है। संयुक्त राष्ट्र संघ और सुरक्षा परिषद की बात को इजराइल ने नहीं माना। उसके बाद से ही स्थिति दिन प्रतिदिन खराब होती चली जा रही है।

7 अक्टूबर को इजराइल ने हमास के ऊपर हमला किया था। उसके बाद भारत ने सऊदी अरब, ईरान, इजराइल, मिश्र और फिलिस्तीन के नेताओं से युद्ध को रोकने के लिए अपने स्तर पर सभी ने प्रयास किए, लेकिन भारत के कोई भी प्रयास सफल नहीं हुए। इजराइल लगातार हमास पर हमला करता रहा। हजारों लोगों की मौत हो गई। अक्टूबर से अभी तक चल रहे इस युद्ध में इजराइल के हाथ भी कुछ नहीं आया है। फिलिस्तीन और गाजा में भारी नुकसान हुआ। वहां की आम जनता को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ा। ऐसा नरसंहार इसके पहले कभी दुनिया के किसी भी देश में देखने को नहीं मिला। इजराइल और हमास के युद्ध में एक साथ हजारों बच्चों और महिलाओं की मौत हुई है। वहां पर भुखमरी फैली हुई है। रेड क्रॉस और अन्य संस्थाएं वहां मदद नहीं पहुंचा पा रही हैं।

भारत के ईरान और इजरायल के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं। भारत ने इजराइल से 2। 9 अरब डालर मूल्य के मिसाइल, रडार, निगरानी ड्रोन, लड़ाकू विमान इत्यादि खरीदे हैं। अमेरिका का प्रतिबंध होते हुए भी भारत ने तेल, गैस ईरान से बड़ी मात्रा में खरीदा है। ईरान से कच्चे तेल का सबसे बड़ा आयातक भारत है। जिस तरह से ईरान और इजरायल एक दूसरे के ऊपर हमले कर रहे हैं। इसका बड़ा असर कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति पर होगा। कच्चे तेल और गैस की कीमतें बड़ी तेजी के साथ बढ़ सकती हैं। इसका असर सारी दुनिया के देशों में होगा। जल मार्ग भी बाधित होगा। जिसके कारण आयात और निर्यात को लेकर बहुत बड़ी बाधा उत्पन्न होगी। इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते हुए तनाव से तीसरे विश्व युद्ध की आशंका से सारी दुनिया के देश भयाक्रांत हैं। आश्चर्य की बात यह है, कि संयुक्त राष्ट्र संघ और सुरक्षा परिषद जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं शांति बहाल करने में अपना योगदान नहीं दे पा रही हैं। इसने चिंता को और भी बढ़ा दिया है। यूक्रेन और रूस के बीच में पहले ही युद्ध चल रहा है इजराइल और हमास के बीच में भी पिछले 7 महीने से भयंकर युद्ध हो रहा है दुनिया के देश दो भागों में बट रहे हैं परमाणु हमले की आशंका जताई जा रही है ऐसी स्थिति में यदि तृतीय विश्व युद्ध हुआ तो यह अभी तक के विनाश का सबसे बड़ा कारण बनेगा। प्रथम विश्व युद्ध और द्वितीय विश्व युद्ध के समय लड़ाई के इतने संसाधन और नए-नए तौर तरीके विकसित नहीं थे, लेकिन वर्तमान संदर्भ में एक से एक बढ़कर विनाशकारी हथियार दुनिया के अधिकतर देशों के पास हैं इससे स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

चुनाव में जाति और धर्म की राजनीतिक उलझन

नीरज कृष्ण



मुख्यधारा की मीडिया से लेकर तमाम मंचों से आम जनता गायब है। आम जनता के सवाल और मुद्दे नदारद हैं

लोकतांत्रिक ढाँचे के तहत संसदीय व्यवस्था में आम चुनाव का सिर्फ. राजनीतिक महत्व नहीं होता है। इसका नागरिक महत्व कहीं अधिक मायने रखता है। आम चुनाव की प्रासंगिकता नागरिकों के लिहाज से अधिक महत्वपूर्ण है। इसी चुनाव से देश के साथ ही संपूर्ण देशवासियों का भविष्य तय होता है।

मुख्यधारा की मीडिया से लेकर तमाम मंचों से आम जनता गायब है। आम जनता के सवाल और मुद्दे नदारद हैं। आम जनता का न तो चेहरा दिखाया जा रहा है और ही उस जनता की आवाज कहीं सुनाई दे रही है। भारत में अभी भी तकरीबन सत्तर फीसदी आबादी गाँव-देहात में रहती है। जनगणना, 2011 के मुताबिक ग्रामीण जनसंख्या 68.84% और शहरी जनसंख्या 31.16% थी। इस अनुपात में अभी थोड़ा बहुत बदलाव हुआ होगा। कहने का तात्पर्य है कि अभी भी ग्रामीण जनसंख्या..शहरी जनसंख्या से दोगुना है। गाँव-देहात में रहने वाले लोग ही बहुसंख्यक हैं। राजनीतिक दलों की कि स्मत तय करने और सरकार बनाने में संख्यात्मक लिहाज से सबसे बड़ी और निर्णायक भूमिका इन लोगों की ही ही होती है। इसके बावजूद चुनावी मौसम में गाँव-देहात में रहने वाले लोगों का चेहरा हर तरह के विमर्श से गायब रहता है। हमेशा ही उन लोगों की आवाज नेपथ्य में कहीं खो जाती है। बड़े-बड़े न्यूज चैनल, बड़े-बड़े अखबार और अन्य प्रकार की चुनावी चर्चा में इन लोगों का चेहरा कहीं नहीं दिखता है। तमाम नेताओं के ऊल-जलूल दौरा पर खूब बात होती है। यहाँ तक कि अब छोटे से लेकर बड़े नेताओं के मंदिर-मस्जिद जाने की तस्वीरें भी मीडिया में खूब दिखाई जाती हैं।

सामाजिक के साथ-साथ भारत पहले से ही राजनीतिक तौर से जाति और धर्म में उलझा रहने वाला देश है। सामाजिक उलझाव जितना खतरनाक है, उसके कहीं अधिक राजनीतिक उलझाव चिंता की बात है। आदर्श रूप में होना यह चाहिए था कि जैसे-जैसे शिक्षा का स्तर बढ़ता, वैसे-वैसे जाति और धर्म के आधार पर राजनीतिक उलझाव के स्तर में कमी होनी चाहिए थी। इस मोर्चे पर भी समय के साथ ही विपरीत धारा ही बह रही है।

पूरा राजनीतिक तंत्र जाति और धर्म के इर्द-गिर्द सिमट गया है। चाहे अलग-अलग राज्यों में राजनीतिक समीकरणों को साधने की बात हो या फिर अधिकांश सीट पर उम्मीदवारों को तय करने की कसौटी हो, व्यवहार में जाति-धर्म ही वो दो प्रमुख पहलू है, जो सबसे ज्यादा हावी है। यह कमोबेश हर राजनीतिक दल पर लागू होता है। सैद्धांतिक तौर से भले ही राजनीतिक दल इससे इंकार करें, लेकिन व्यावहारिक रूप से देश के राजनीतिक तंत्र का यही असली चेहरा है।

जाति और धर्म की राजनीतिक उलझन में देश के आम लोगों को इस कदर उलझा कर रखा गया है कि चुनावी मौसम में अब जनता भी इन्हीं बिंदुओं पर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप को ही वास्तविक चर्चा और मुद्दा समझने लगी है या समझने को विवश होने लगी है। सामाजिक ताना-बाना में धर्म और जाति हावी है, लेकिन राजनीतिक तंत्र में इन दोनों के हावी होने से आम जनता के वास्तविक मुद्दों को दरकिनार करना नेताओं के लिए आसान हो जाता है। सत्ता के शीर्ष पर विराजमान नेताओं के लिए सरकारी से लेकर राजनीतिक जवाबदेही से बचना आसान हो जाता है।

लोकतांत्रिक राजनीति की जटिल बुनावट में, कुछ धागे जाति और धर्म की तरह ही जटिल रूप से बुने हुए हैं। दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में, विशेष रूप से भारत जैसे देशों में, जाति और धर्म अक्सर चुनावी परिणामों में महत्वपूर्ण निर्धारक के रूप में काम करते हैं, जो राजनीतिक परिदृश्य को गहराई से आकार देते हैं। इन कारकों के बीच परस्पर क्रिया राजनेताओं, नीति निमार्ताओं और मतदाताओं के लिए समान रूप से एक सतत दुविधा प्रस्तुत करती है, जो प्रतिनिधित्व, पहचान की राजनीति और सामाजिक एकजुटता की खोज के बारे में महत्वपूर्ण प्रश्न उठाती है।

कई समाजों में, जाति और धर्म सामाजिक ताने-बाने में गहराई से समाए हुए हैं, जो व्यक्तियों की पहचान, समुदायों की गतिशीलता और सामाजिक संरचनाओं को प्रभावित करते हैं। चुनावी संदर्भों में, राजनेता अक्सर समर्थन जुटाने के लिए इन विभाजनों का फायदा उठाते हैं, वोट हासिल करने के लिए अक्सर जातिगत संबद्धता या धार्मिक भावनाओं का लाभ उठाते हैं। पहचान की राजनीति का यह रणनीतिक उपयोग विभाजनकारी और अवसरवादी दोनों हो सकता है, जो समाज के भीतर मौजूदा दोष रेखाओं को बढ़ा सकता है और धर्मनिरपेक्षता और समानता के सिद्धांतों को कमजोर कर सकता है।

चुनावी मौसम में सवालों की बारिश होनी चाहिए। लेकिन यह बारिश जनता की ओर से होनी चाहिए। राजनीतिक सवालों में जनता के मसले कहीं पीछे छूट जाते हैं। यह वास्तविकता है कि राजनीतिक दलों का चुनावी मुद्दों पर कब्जा होता है। उसमें भी जनता से जुड़ी वास्तविक जरूरतों और समस्याओं को चुनावी मुद्दे नहीं बनने देने में सरकार और सत्ताधारी दल की भूमिका सबसे अधिक प्रभावी होती है। अमुक दल या नेता ने अमुक दल या नेता पर क्या आरोप लगाए या क्या टिप्पणी की और सामने से क्या जवाब आया..यह सही मायने में चुनावी मुद्दा नहीं है। वर्षों से ऐसी परिपाटी का ही विकास किया गया है। इस मोर्चे पर अभी देश के आम लोगों को और जागरूक होने की जरूरत है।

राजनीतिक दलों या उनके कुछ नेताओं के साथ सरकारी तंत्र से गलत होता है, तो, वे मीडिया से लेकर सड़क तक आरोप-प्रत्यारोप और धरना-प्रदर्शन में जुट जाते हैं। इन परिस्थितियों में आम जनता से साथ और समर्थन की उम्मीद भी करते हैं। इसके विपरीत अगर आम लोगों के साथ इस तरह का बर्ताव होता है, तो राजनीतिक दल और उनके नेता महज चंद बयानों तक अपनी ज़िम्मेदारी को सीमित कर लेते हैं। ऐसे मामलों में राजनीतिक दल या नेता आम लोगों के पक्ष और हक में धरना-प्रदर्शन के लिए सड़क पर संघर्ष करते हुए कम ही दिखते हैं।

इन सबके बीच न तो बड़े-बड़े नेताओं के पास और न ही मीडिया के पास गाँव-देहात में रहने वाले लोगों के लिए समय है और न ही उनसे संबंधित मुद्दों पर बात करने के लिए पर्याप्त विमर्श है। विडंबना है कि चुनावी मौसम में भी हर तरह के नैरेटिव को राजनीतिक तू-तू मैं-मैं के आस-पास ही रखा जाता है। पूरा चुनाव मौसमी इस राजनीतिक तू-तू मैं-मैं के बीच निकल जाता है। आम जनता से जुड़ा मुद्दा और समस्या वैसे के वैसे ही धरा का धरा रह जाता है।

इनके अलावा महंगाई, बेरोजगारी, कुपोषण जैसे मसले बुनियादी चुनावी मुद्दे हैं, जिन पर ही राजनीतिक दलों और उनके नेताओं..खासकर सत्ताधारी दल से जमकर सवला पूछा जाना चाहिए। आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी भारत में 67 लाख बच्चे जीरो फूड की कैटेगरी में हैं। यह शर्म की बात है। इस पर चर्चा होने के बजाए पूरे मुद्दे को ही दबाने का प्रयास किया जाता है। भारत में समस्या यही है कि राजनीतिक तौर से मसलों का चयन होता है, जिनको चुनाव के दौरान तमाम राजनीतिक दल महत्व देते हैं और उन पर बात करना चाहते हैं।

इससे आम जनता से जुड़ी समस्या खत्म नहीं होती है। गरीबी, भूखमरी, कुपोषण, आर्थिक असमानता, जाति आधारित सामाजिक भेदभाव जैसी समस्याएं दबाने का मसला नहीं है, बल्कि वास्तविकता को स्वीकार कर उसे जड़ से खत्म करने के मसले हैं। जीडीपी वृद्धि दर का हवाला देकर उसे देश के विकास का आभासी चुनावी मुद्दा बनाकर चुनाव तो जीता जा सकता है, लेकिन आर्थिक असमानता की बढ़ती खाई की चुनौती से नहीं निपटा जा सकता है। जीडीपी पर कैपिटा के मोर्चे पर भारत की नंबर 120 देशों के बाद आता है। देश के 80-85 करोड़ लोग खाने के लिए सरकार से मिलने वाले अनाज पर निर्भर हैं। हम जीडीपी वृद्धि पर तो बात करते हैं, लेकिन समझना होगा कि यह आर्थिक विकास नहीं है। आर्थिक वृद्धि और आर्थिक विकास के बुनियादी फर्क. पर आम लोगों में विस्तार से बात होनी चाहिए।

सवाल उठता है कि ऐसा क्यों हो रहा है और क्या इस तरह की प्रवृत्ति हाल-फि लहाल में ही विकसित हुई है। भारतीय राजनीतिक तंत्र पर गौर से नजर डालें, तो, यह कोई नयी परंपरा या प्रवृत्ति नहीं है। देश में जब से संसदीय व्यवस्था लागू हुई है और चुनाव की परिपाटी शुरू हुई है, कम या ज़ियादा चुनावी मौसम में कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिलता रहा है। यह सि-र्फ.एक दल या सत्ताधारी दल तक सीमित विषय नहीं है। इसमें कमोबेश देश के हर दल और उनके नेताओं की भूमिका रही है।

इस लिहाज से चुनाव में आम जनता से संबंधित मुद्दों का सर्वाधिक महत्व होना चाहिए। हालाँकि राजनीतिक नूरा-कुश्ती में ऐसा हो नहीं पाता है। लोक सभा चुनाव का पूरा माहौल राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के इर्द-गिर्द सिमटकर रह जाता है। इस बार भी कमोबेश वैसी ही तस्वीर दिख रही है। पूरे देश के नागरिकों के लिए पाँच साल में एक बार यह मौका आता है। इस मौके पर वे अपनी बात और अपने मुद्दे पुर-जोर तरीके से अपने होने वाले जनप्रतिनिधियों के सामने रख सकते हैं। राजनीतिक दलों और उनके नेताओं से अतीत में किए गए वादों पर सवाल पूछ सकते हैं। रोज-मर्रा की समस्याओं को उठा सकते हैं। देश के आम लोग राजनीतिक ज़िम्मेदारी और जवाबदेही को लेकर अपने नेताओं को कटघरे में खड़े कर सकते हैं।

पिछले चुनाव के वक्त. तमाम दलों और उनके उम्मीदवारों ने आम लोगों से क्या वादा किया था, उन वादों पर सवाल का समय है। उसमें भी जो दल सत्ता में रहा है, उससे सबसे अधिक सवाल बनता है। इस रूप में बात होनी चाहिए। बीजेपी 10 साल से सत्ता में है। नरेंद्र मोदी 10 साल से प्रधानमंत्री हैं। ऐसे में स्वाभाविक तौर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी से देश की आम जनता का सवाल सबसे अधिक बनता है।

आम जनता के लिहाज से एक और मसला है, जिसे बड़ा चुनावी मुद्दा बनना चाहिए। राजनीतिक उथल-पुथल और नेताओं की उछल-कूद एक बड़ा मुद्दा है। अब सांसद या विधायक ही नहीं, पूरी की पूरी पार्टी रातों-रात, दिनदहाड़े या पलक झपकते इस पार से उस पार चले जाते हैं। आम जनता देख रही है कि कैसे राजनीतिक दल या नेता सिर्फ.और सिर्फ.अपने फायदे के लिए रातों-रात पाला बदल लेते हैं। पिछले चुनाव में मिले जनादेश या जनता के समर्थन से इन राजनीतिक दलों या नेताओं को कोई सरोकार नहीं रहता है। मौजूदा सांसद या विधायक जब रातों-रात पाला बदलते हैं, तो, सीधे-सीधे जनता से धोखा होता है। हालाँकि इस मसले पर किसी तरह की चर्चा नहीं होती है। बस राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप में उलझकर यह मुद्दा कुछ दिनों में शांत हो जाता है।

इस परिदृश्य में बदलाव लाकर या बदलाव होने पर ही भारत में आम चुनाव के साथ किसी भी चुनाव के वास्तविक महत्व को आम लोगों के नजरिये से स्थापित किया जा सकता है। अन्यथा, युग-युगांतर तक चुनाव राजनीतिक दलों के लिए महज सत्ता पाने का एक माध्यम बनकर रह जाएगा और आम लोग मतदान के दिन वोट डालने वाले एक उपकरण बनकर रह जाएंगे। देश के आम लोगों को मतदाता के महत्व को समझना चाहिए। संसदीय व्यवस्था में आम लोगों को पार्टी कार्यकर्ता की तरह व्यवहार करने से भी बचने की जरूरत है. इस तरह की प्रवृत्ति का विकास होने से राजनीतिक दलों को जवाबदेही से बचने का रास्ता मिल जाता है. साथ ही इन दलों के लिए राजनीतिक नफा-नुकसान के लिहाज से चुनावी मुद्दों को गढ़ने में आसानी हो जाती है।

अगर यह मौका देशवासियों के हाथ से निकल गया, तो, फिर अगले पाँच साल तक आम लोगों के सामने मूकदर्शक बने रहने के अलावा कोई चारा नहीं है। अभी पूरे देश में माहौल ऐसा होना चा-हए, जहाँ हर तरह के विमर्श मेंसिर्फ.और सिर्फ. जनता का चेहरा दिखना चाहिए। चाहे राजनीतिक विमर्श हो या मीडिया विमर्श, जनता से जुड़े मुद्दों को ही भरपूर जगह मिलनी चाहिए थी। विडंबना है कि हो इसके विपरीत रहा है। पूरे पाँच साल की तरह चुनावी मौसम में भी आम जनता के मुद्दों के बजाए राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का ही डंका बज रहा है।

कमलनाथ को अनाथ करने की मुहिम...



राकेश अचल

` एक निशान और एक विधान की बात करने वाली भाजपा इस समय मध्यप्रदेश में लोकसभा की छिंदवाड़ा सीट जीतने के लिए न केवल पूरी पार्टी की बल्कि प्रदेश की डबल इंजिन की सरकार की प्रतिष्ठा को दांव पर लगा बैठी है । यहां से कांग्रेस के वरिष्ठतम नेता कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ कांग्रेस के प्रत्याशी हैं। कमलनाथ कांग्रेस के उन नेताओं में से एक हैं जो राजनीति में अजेय रहकर चुनावी राजनीति से बाहर खड़े भाजपा को खीजते देख रहे हैं।

मध्य्प्रदेश में लोकसभा की 29 में से 28 सीटों पर चुनाव हो रहा है। एक सीट का चुनाव बसपा प्रत्याशी के निधन की वजह से स्थगित हो गया है। पिछले लोकसभा चुनाव में [2019] भाजपा ने कांग्रेस के अजेय युवा नेता और केंद्रीय मंत्री रहे ज्योतिरादित्य सिंधिया को ठीक जिस तरह घेरकर पराजित किया था,उसी तरह से इस बार भाजपा के निशाने पर नाथ परिवार है । सिंधिया अब भाजपा में हैं। कांग्रेस मप्र की प्रतिष्ठापूर्ण लोकसभा सीट को अपने खाते में डालने के लिए पहले कमलनाथ और उनके बेटे नकुलनाथ को पार्टी में शामिल करने जके लिए उतावली थी ,लेकिन ऐन मौके पर पार्टी में उठे विरोध की वजह से ये काम। हो नहीं पाया। अब भाजपा नकुलनाथ के बहाने कमलनाथ की राजनीतिक विरासत को छीन लेना चाहती है।

मध्यप्रदेश में अकेली छिंदवाड़ा सीट ऐसी है जहां दिलचस्प चुनाव हो रहा है। यहां एक तरफ भाजपा की अक्षोहिणी सेना है और दूसरी तरफ कमलनाथ अकेले हैं। कमलनाथ 1980 से छिंदवाड़ा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ते आ रहे हैं और पिछले 44 साल में एक उप चुनाव को छोड़ कमलनाथ यहां से सदैव विजयी रहे। कमलनाथ ने छिंदवाड़ा को 9 बार जीता और जब खुद चुनाव नहीं लड़े तो एक बार अपनी पत्न ी अलकानाथ को और एक बार अपने बेटे नकुलनाथ को चुनाव जितवाया। 2014 और 2019 की मोदी लहर में भी छिंदवाड़ा ने नाथ परिवार को ही चुना। छिंदवाड़ा ने अब तक हुए 17 लोकसभा चुनावों में से केवल एक बार भाजपा को मौका दिया था 1997 में लेकिन बाद में अपनी गलती सुधार ली।

मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव लड़ र-हे पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की राजगढ़ सीट भी है लेकिन भाजपा का फोकस केवल और केवल छिंदवाड़ा पर है।भाजपा इस बार राजगढ़ की कीमत पर छिंदवाड़ा सीट जीतना चाहती है ,क्योंकि भाजपा के भाग्यविधाताओं को लगता है की मध्यप्रदेश में अब कमलनाथ ही कांग्रेस के सबसे सम्पन्न और ताकतवर नेता बचे है। उन्हें राजनीति से बेदखल किये बिना मध्यप्रदेश से कांग्रेस को नेस्तनाबूद नहीं किया जा सकता। कमलनाथ के मुकाबले दिग्विजय सिंह भाजपा को कम खतरनाक नेता लगते है। वैसे भी भाजपा में कमलनाथ के चिंतक कम दिग्विजय सिंह के ज्यादा है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज और विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर की जोड़ी कभी भी दिग्विजय सिंह के खिलाफ नहीं गयी और आज भी परोक्ष रूप से ये जोड़ी दिग्विजय सिंह की मददगार मानी जाती है।

2019 में करीब 38 हजार वोटों से चुनाव जीतने वाले कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ पर एक बार फिर से कांग्रेस ने प्रत्याशी बनाया है. वहीं भाजपा ने विवेक बंटी साहू को टिकट दिया है। ये वही विवेक हैं जिन्होंने साल 2018 और साल 2023 के विधानसभा चुनाव में कमलनाथ को कड़ी टक्कर दी थी. हालांकि दोनों बार कमलनाथ जीत गए थे। लेकिन वोटों का फासला बेहद कम था. 2018 के चुनाव में कमलनाथ ने 25 हजार और 2023 के चुनाव में 34 हजार वोटों से ही सफलता पाई थी। वि-वेक साहू पार्टी के जिलाअध्यक्ष भी रहे हैं। छिंदवाड़ा में जहाँ भाजपा ने अपनी प्रतिष्ठा को दांव पर लगा दिया है वहीं कांग्रेस ने कमलनाथ को अकेला छोड़ दिया है। कांग्रेस पूरे प्रदेश में चुनाव लड़ रही है ।कांग्रेस को उम्मीद है की भाजपा के छिंडवाडा में उलझने का लाभ कांग्रेस को मिलेगा और इस चुनाव में कांग्रेस कम से कम दो अंकों में लोकसभा की सीटें हासिल कर लेगी।

मै अपने अनुभव से ये कह सकता हूँ कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा जहाँ केवल और केवल प्रधानमंत्री मोदी जी के चेहरे पर चुनाव लड़ रही है वहीं कांग्रेस में अनेक सीटों पर प्रत्याशियों की अपनी भूमिका है ,हालाँकि एन मौके पर बसपा ने मध्यप्रदेश में अनेक लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी खड़े कर कांग्रेस का खेल खराब करते हुए भाजपा की इमदाद की है। खास तौर पर ग्वालियर-चंबल अंचल में। बसपा को मप्र से एक भी सीट नहीं मिल सकती लेकिन वो भाजपा का नुक्सान कम जरूर कर सकती है।

एकनजर

मतदाताओं में जागरूकता लाने के लिए रैली का आयोजन

बोकारो (कसमार) : कसमार प्रखंड के सभी बुथो में सत प्रतिशत मतदान हो इसके लिए कसमार सीओ सह प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी सुरेश कुमार सिन्हा ने सभी विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाने को लेकर दातू उकर्मित मध्य विद्यालय में बागड़ा उत्क्रमित उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकल कर मतदातावओ को जागरूक किया गया। बच्चों द्वारा नारा में पहले मतदान फिर करे जलपान अपना हक अधिकार को जाने और मतदान केंद्र में अपना मतदान करें और सही चुनाव में भागीदारी निभाएं । खूंटा उत्क्रमित मध्य विद्यालयमें सीओ सुरेश कुमार ने बिचार गोष्ठी के माध्यम से आए हुए लोगों को निष्पक्ष चुनाव में भागीदारी निभाने को कहा। सीईओ ने कहा 5 साल में एक बार मौका आता है अपने हक और अधिकार को लेकर मतदान करने की आवश्यकता है ताकि कसमार प्रखंड में मतदान सत प्रतिशत हो सके। इसके लिए मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है ताकि हर बुथ मे सत प्रतिशत मतदान हो सके। उन्होंने बच्चों को भी अपने माता-पिता को मतदान करने की प्रेरित करने को कहा ताकि सही रूप से अपना मताधिकार का प्रयोग कर सके.

इंडि गठबंधन के प्रत्याशी का कांग्रेसियों ने किया स्वागत

बोकारो : मजदूर, युवाओं की आवाज को केंद्र तक पहुंचाने का काम करेंगे उपरोक्त रहना है कांग्रेस के धनबाद लोकसभा प्रत्याशी अनुपमा सिंह का । वे यहां के कैंप दो स्थित जायका रिजार्ट में आयोजित स्वागत समारोह में बतौर मुख्या अतिथि बोल रही थी। एक सवाल के जवाब में अनुपमा ने कहा कि उन्हें लोग घरेलू महिलाएं कहते हैं परंतु उनका राजनीतिक बैकग्राउंड उनके स्वर्गीय ससुर और पति से उन्हें विरासत में मिली है। जिनका वर्षों का इतिहास रहा है। एक सवालकि उनके पार्टी के पूर्व महासचिव ने आरोप लगाया है कि प्रदेश अध्यक्ष दलाली करते हुए सैकड़ो रुपए में टिकट बेचने का काम किया है । इस पर वे जवाब देते हुए कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता जो भी आरोप लगा रहे हैं अगर उन्हें सिद्ध कर देते हैं तो मैं अपना नाम वापस ले लूंगी। इसके पूर्व अनुपमा सिंह का कांग्रेसी ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया.

30अप्रैल को भाजपा प्रत्याशी के नामांकन में उमड़ेगी जनसैलाब – सुजीत चौधरी

बरवाअड्डा/धनबाद - भारतीय जनता पार्टी के द्वारा मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के निमित बरवाअड्डा भाजपा मंडल के भाजपाई जोर-जोर से पंचायत स्तर पर बैठक कर लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को प्रचंड बहुमत से जीत दिलाने को लेकर बरवाअड्डा क्षेत्र के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र तिलैया व मरीचो पंचायत में बरवाअड्डा भाजपा मंडल अध्यक्ष सुजीत चौधरी की अगुवाई में पंचायत के संयोजक , सह संयोजक व बूथ अध्यक्ष के साथ बैठक कर हर बूथ पर भाजपा पार्टी के पक्ष में शत प्रतिशत मतदान होने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। सुजीत चौधरी ने कहा कि आगामी 30 अप्रैल को धनबादभाजपा लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के नामांकन में जनसैलाब उमड़ेगी। जहां बरवाअड्डा भाजपा मंडल के हर बूथ से काफी संख्या में कार्यकर्ता नामांकन में शामिल होंगे। मौके पर भाजपा मंडल प्रभारी सुभाष गिरी, मंडल सहसंयोजक महेश महतो, जिला कार्य समिति सदस्य अरुण राजवंशी ,भाजपा वरिष्ट नेता गुड्डू चौधरी, शिवपूजन गोप ,लालू रजवार,प्रवीण महतो ,ममलेश चौधरी, देवानंद रजवार आदि भाजपाई मौजूद थे।

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय टुण्डी की छात्राओं ने मैट्रिक परीक्षा 2024 में 100 प्रतिशत सफलता प्राप्त की

टुंडी : टुंडी मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय टुण्डी की छात्राओं ने मैट्रिक परीक्षा 2024 में 100% सफलता प्राप्त की। विद्यालय से कुल 49 छात्राएं शामिल हुई थीं। सभी छात्राएं शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की। कुल 49 छात्राएं में से प्रथम- 48 छात्राएं तथा सेकेंड स्थान पर - 01 छात्रा रहे इस दौरान वार्डेन कुमारी मनोरमा ने सभी छात्राओं को बहुत बहुत बधाई। सभी छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी ओर कहा की पिछले 10 वर्षों के इतिहास में इस साल सबसे बेहतरीन रिजल्ट हुआ है वार्डेन का मार्गदर्शन, प्रत्येक शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं परीक्षार्थियों का परिश्रम, अकाउंटेंट और कंप्यूटर ऑपरेटर की तत्परता, रसोईया के सुस्वादु भोजन का प्रतिफल शत प्रतिशत परिणाम है सभी धन्यवाद के पात्र हैं. सभी को बधाई दी है स्कूल में शीर्ष 3 स्थान पाने वाले छात्रा पायल कुमारी 453 अंक के साथ प्रथम, मधू कुमारी 452 अंक में द्वितीय एवं सुषमा कुमारी 431 अंक पर तृतीय स्थान पर रही

जेपी हॉस्पिटल ब्लड डोनर ऑगेर्नाइजेशन अभिनंदन समारोह में हुआ सम्मानित

धनबाद शहीद निर्मल महतो मेमोरियल मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के कांफ्रेंस हॉल में धनबाद के ब्लड डोनर संगठन के सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बायपास रोड बलियापुर स्थित धनबाद की अग्रणी चिकित्सा केंद्र जेपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के मैनेजिंग डायरेक्टर नित्यानंद मंडल को मुख्य अतिथि सीआईएसएफ के डीआईजी विनय काजला के द्वारा एसएनएमएमसीएच से जारी प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नित्यानंद मंडल ने कहा रक्तदान और रक्त संग्रह की जागरूकता आज के वर्तमान समाज में बहुत ही आवश्यक है जिससे गंभीर रोगियों की जान तत्काल बचाई जा सकती है। किसी भी देश में जरूरतमंद मरीजों को प्रयाप्त और सुरक्षित रक्त की आपूर्ति के बिना चिकित्सा उपचार अधूरा है। इस संदर्भ में जेपी हॉस्पिटल सदैव तत्पर था तत्पर है एवं तत्पर रहेगा। ब्लड डोनर अभिनंदन समारोह में एसएनएमएमसीएच के प्रिंसिपल सीनियर डॉक्टर,ब्लड बैंक के सभी पदाधिकारी एवं धनबाद एवं झारखंड के अन्य जिलों के रक्त संग्रहण संस्था के सदस्यगण एवं समाजसेवी उपस्थित थे।

विजया दशमी पर प्रमुख आखाड़ा भवानी दल सिजुआ बोकारो द्वारा भव्य लाठी खेल प्रतियोगिता सह आखाड़ा मिलन समारोह का हुआ आयोजन

युवाओ के साथ बहन-बेटियां भी लाठी और तलवार लेकर सनातन की रक्षा के लिए आगे आयी:ढूल्लू महतो

उज्जवल दुनिया

बोकारो : विजया दशमी के शुभ अवसर पर प्रमुख आखाड़ा भवानी दल सिजुआ बोकारो द्वारा भव्य लाठी खेल प्रतियोगिता सह आखाड़ा मिलन समारोह देर तक चली। इस कार्यक्रम में 1, भवानी दल सिजुआ , अध्यक्ष महावीर सिंह, 2, दुर्गा शक्ति वाहिनी सिजुआ, अध्यक्ष रोशनी कुमारी, 3, बाबा बजरंग दल संताल टोला, अध्यक्ष पवन ठाकुर, 4, न्यू बजरंग दल वैश्य टोला, अध्यक्ष गणेश चन्द्र चक्रवर्ती, 5, न्यू भवानी दल भवरूडीह, अध्यक्ष सोना राम मोदी, 6, शिवशक्ति आखाड़ा सातनपुर, अध्यक्ष विनोद कुमार वाउरी। 7,शिव शक्ति दुर्गा वाहिनी सातनपुर, अध्यक्ष सावित्री कुमारी। 8, तूफान क्लब सातनपुर एवं दुर्गा वाहिनी, 9, रघुवीर दल टुपकाडीह, 10 वीर बजरंग अखाड़ा पूर्वी टुंडी एवं दुर्गा वाहिनी पूर्वी टुंडी, 11 वीर बजरंग अखाड़ा पारजोरिया एवं वीर बजरंग दुर्गा वाहिनी पारजोरिया, 12 कुमीर्डीह हनुमानगढ़ अखाड़ा, 13 वीर बजरंग अखाड़ा कुम्भरी समेत अन्य अखाड़ो ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बाघमारा विधायक सह धनबाद लोकसभा प्रत्याशी माननीय ढुलू महतो , विशिष्ट भाजपा नेत्रीअतिथि श्रीमती एंजेला सिंह एवं अजय सिंह, इस कार्यक्रम का संचालन कमलाकांत सिंह ने किया, इस अवसर पर विधायक ढुलु महतो ने कहा कि आज का परिदृश्य देख कर लगता है कि युवाओ के साथ बहन बेटियां भी लाठी और तलवार लेकर सनातन की रक्षा के लिए आगे आ रही हैं इससे सनातन की भविष्य उज्जवल है आज के समय में जिन्होंने राम को लाया है उन्हें ही देश के बागडोर देकर देश को आगे ले जाना है इसके लिए आप सब को बढ़ चढ़कर अपने एक-एक वोट का महत्व समझना होगा, इस अवसर पर भाजपा नेत्री एंजेला सिंह ने कहा की नारी शक्ति को आगे ले जाने के लिए जो भी प्रयास करना पड़ेगा हम लोग मिलजुलकर करेंगे हमारा संकल्प है महिलाएं आगे और शसक्त हो। इस कार्यक्रम में मंचासिन अतिथि लक्ष्मण कुमार नायक गणेश चंद्र चक्रवर्ती अशोक सिंह प्रवीर चक्रवर्ती गंगा प्रसाद सिंह पंचानन सिंह उदय नारायण सिंह पुराण कृष्ण सिंह विश्वनाथ सिंह मणिलाल सिंह योगेश्वर महतो बैजनाथ सिंह निवारण सिंह लक्ष्मी कुमारी निशा कुमारी नीतू कुमारी समेत सैकड़ो की संख्या में महिलाओं एवं पुरुष उपस्थित हुए.

डीएवी 6 बोकारो में अभिवादन हमारी संस्कृति हमारी पहचान प्रतियोगिता में नन्हें मुन्ने ने उत्साह से भाग लिया

- हमारा उद्देश्य बच्चों में भारतीय संस्कृति एवं संस्कार को विकसित करना है : (प्राचार्य) बी एम एल दास

उज्जवल दुनिया

बोकारो : डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 में पाठय सहगामी क्रिया कलाप के अन्तर्गत कक्षा एल के जी एवं यूकेजी के विद्यार्थियों के लिए अभिवादन हमारी संस्कृति हमारी पहचान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता में हंसराज सदन से, विवेकानंद सदन से, दयानंद सदन से और श्रद्धानंद सदन से सभी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत डी ए गान एवं गायत्री मंत्र से हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विद्यालय के प्राचार्य बृजमोहन दास ने कहा कि इस तरह की गतिविधि के आयोजन करने का उद्देश्य बच्चों में भारतीय संस्कृति एवं संस्कार को विकसित करना है। बच्चों के सर्वांगिक विकास के लिए इन गतिविधियों का आयोजन करना अति आवश्यक है इसके द्वारा बच्चों के मानसिक,शारीरिक ,मनोवैज्ञानिक कौशल का विकास तो होगा ही साथ ही वे सामाजिक व्यवहार को भी सीखने में सक्षम होंगे। इस अवसर पर प्राचार्य ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को बधाई दी तथा कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिका भावना घले ,आराधना ने पूरा सहयोग किया। ह्लअभिवादन हमारी संस्कृति और संस्कारह्व बच्चों ने अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रतिभागियों में कक्षा एल के जी से अभिनंदन सिन्हा, अर्णव मिश्रा, रोहन राज, श्रृष्टि कुमारी सुष्मिता बेसरा, वंशिका विवेक उरांव, निखिल कुमार, मेवान कुमार ,कक्षा यूकेजी से अर्णव मंडल, आरोही मंडल, शानवी मिश्रा , रौनक,आकृति, दिशांत, हर्ष,आदित्य, अखिल निषाद, सात्विक सिंह, युग सिंह, यस सिंह, श्रेयस, सोनाली, सोनम, साहिल , श्रेया तिग्गा, सक्षम, रिधिमा, रोनित, निखिल, निधि, रिशांत , अंश कुमार, रिहान , आरोही मंडल ने भाग लिया। इस अवसर पर सभी शिक्षक -शिक्षिकाएं उपस्थित थे.

डीविसी बोकारो थर्मल में चलायेगी अतिक्रमण हटाव अभियान

- अतिक्रमणकरियों को चिन्हित करने को लेकर किया गया अधिकारियो एवम यूनियन प्रतिनिधियों की एक संयुक्त जांच कमिटी का गठन

उज्जवल दुनिया

बोकारो थर्मल। डीविसी की जमीन व डीविसी के आवासों में अवैध कब्जा करने वालो के खिलाफ डीवीसी प्रबंधन जल्द अतिक्रमण हटाव अभियान चलाएगी। इसकी जानकारी बोकारो थर्मल प्लांट के वरीय महाप्रबंधक सह परियोजना प्रधान आनंद मोहन प्रसाद ने दिए। उन्होंने बताए की डीवीसी की जमीन व आवासों में अतिक्रमण करने वालो को चिन्हित करने को लेकर अधिकारियो एवम यूनियन प्रतिनिधियों की एक संयुक्त जांच कमिटी का गठन किया गया है। जो प्रत्येक सप्ताह बुधवार एवम शुक्रवार को डीविसी कोलोनियो में घूम घूम कर डीविसी आवासों में रहने वाले लोगों से पूछताछ करेंगे।और भूसंपदा विभाग के कार्यालय अधीक्षक ऐनुल हक अंसारी के मदद से जांच रिपोर्ट उप महा प्रबंधक बीजी होलकर को सौंपेंगे। जांच कमिटी में आवास कमिटी के सचिव सह सहायक प्रबंधक ए ए असरफ, सहायक असैनिक प्रबंधक कल्याणी कुमारी, अवीनास कुमार सिन्हा भू सम्पदा पदाधिकारी, बीके सिंह सचिव डीविसी श्रमिक यूनियन , सदन सिंह डीविसी कर्मचारी संघ, रामलाल पासवान सचिव डीविसी हिन्द मजदूर किसान यूनियन, राम नारायण राय सचिव डीविसी स्टाफ एसोसिएशन, रवि शंकर कुमार सचिव डीविसी कामगार संघ एवम राजदेव सिंह सचिव डीविसी मजदूर संघ को जांच कमिटी में शामिल किया गया है। परियोजना प्रधान आनंद मोहन प्रसाद ने कहे की जांच एवम कार्यवाई में कोई भेदभाव नही बरती जाएगी जांच कमिटी में शामिल लोग भी अगर अवैध अतिक्रमण किए है तो उनके खिलाफ भी कार्यवाई किया जाएगा। कहे की शिकायत मिली है की डीवीसी के कई स्थाई एवम ठेका कर्मचारीयों सहित पेंसनधारी डीविसी द्वारा आवंटित अपने आवासों को भाड़ा में लागा दिए है और खुद डीवीसी की जमीन में अवैध निर्माण कर रह रहे है।जिनके खिलाफ भी जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाई किया जायेगा।

श्री श्री 108 श्री मरुतिनंदन महायज्ञ वार्षिकोत्सव को लेकर कलश यात्रा निकाला

उज्जवल दुनिया

टुण्डी : टुण्डी प्रखण्ड के पशिचमी टुंडी मनियाडीह थाना अंतर्गत जीतपुर पंचायत के बंगारो में श्री श्री 108 श्री मरुतिनंदन महायज्ञ वार्षिकोत्सव को लेकर शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा निकाला गया मंदिर परिसर से गाजे बाजे के साथ निकली इस कलश यात्रा में 121 कुंवारी कन्याओं एवं महिलाओं ने माथे पर कलश लिए कताबद्ध होकर चल रही थी कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के जयकारे से पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो उठा।

कलश यात्रा मंदिर परिसर से बरियारपुर, नेमोरी होकर गोयदाहा जोरिया पहुंची जहाँ से यज्ञ आचार्य कर्म कांड बाबा धाम देवघर के पुरुषोत्तम शास्त्री, यज्ञाधीश आचार्य भागीरथ शास्त्री एवं परितोष चौधरी के द्वारा मंत्रोंचार्य कर कलश में जल भरवाया ओर पुनः गंतव्य स्थान होकर यज्ञ मंडप पहुँचा इस यज्ञ में मुख्य यजमान सुधीर तुरी सपत्नी उषा देवी, प्रेमचंद महतो सपत्नी भवानी देवी, ठाकुर महतो सपत्नी पुष्पा देवी, कालीचरण महतो सपत्नी कोलिया देवी बने हैं इसके बाद पञ्चाङ्ग पूजन, मंडप प्रवेश, आरती किया वेदिक विधि विधान से किया गया, 20 ओर 21 अप्रेल को प्रातः वेदी पूजन, हवन, आरती तथा रात्रि में प्रवचन कथा, 22 अप्रेल मंडप पूजन, हवन, आरती व रात्रि में भव्य भक्ति जागरण, 23 अप्रेल को मंडप पूजन, सामूहिक हवन, पूणार्हुति, कन्या पूजन, भंडार एवं रात्रि को भक्ति जागरण तथा महिला छौ नाच का कार्यक्रम किया जा रहा है।

इस दौरान मुख्यरूप से गिरीडीह लोकसभा के सांसद प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो, जिप सदस्या मीना हेम्बरम शामिल हुए मौके पर जादूनाथ महतो, चिंतामणी महतो, कोषाध्यक्ष हिरलाल तुरी, मेघलाल तुरी, दिलीप राणा, उपाध्यक्ष सुधीर तुरी, सरजू महतो, महेश तुरी, विकास राणा, संजय महतो, मोतीलाल तुरी, हिरलाल तुरी आदि सक्रिय है

जेएसी10 की रिजल्ट की परीणाम मे शत प्रतिशत श्योर सक्सेस जोन के छात्रों ने लहराया परचम

उज्जवल दुनिया

लोयाबाद-श्योर सक्सेस जोन के बच्चों ने मैट्रिक की परीक्षा में हर साल की भांति इस साल भी छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर सफलता प्राप्त की है।कोचिंग की परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रही।कुल 30 छात्र- छात्राएं परीक्षा मे सम्मिलित हुए थे।जिसमे 23 प्रथम और 5 द्वितीय तथा 2 तृतीय स्थान प्राप्त किये है। गाजिया परवीन-82.60% प्राप्त कर कोचिंग संस्थान के प्रथम टॉपर बनी,जबकि सचिन पंडित-76.40% प्राप्त कर कोचिंग संस्थान के द्वितीय टॉपर बनी। जबकि खुशबू परवीन-72.40%,कोमल महतो-69.40%,ज्योति कुमारी-67.60%,गोलू कुमार-67.40%,देपांकर नोनिया-66%,सुमन कुमारी-65.60%,राज कुमार साहनी-64.40% और राजनंदनी कुमारी-64.20% प्रतिशत अंक प्राप्त कर कोचिंग संस्थान के साथ-साथ पूरे लोयाबाद का भी नाम रौशन किया। इस सफलता पर डायरेक्टर गौतम सर ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

जिले के 796 गांवों में स्वयं सहायता समूह की दीदीओं ने लिया वोटिंग पर मीटिंग कार्यक्रम में हिस्सा

- जिले के 1560 स्कूलों में हुआ वोटिंग पर पीटीएम का आयोजन,अभिभावकों ने मतदान करने का लिया प्रतिज्ञा
- छूटे हुए मतदाताओं को फार्म 06 भरने को किया गया जागरूक,मौके पर बीएलओ द्वारा फार्म छह का किया गया वितरण
- मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं कोई मतदाता छूटे नहीं के लक्ष्य पर जिला प्रशासन (स्वीप कोषांग) बोकारो कर रहा कार्य
- एक साथ कुल 2,43,732 लोगों ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने/मतदान करने को लेकर की चर्चा

उज्जवल दुनिया

बोकारो : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला प्रशासन (स्वीप कोषांग) द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को जिले के 796 गांवों में 14,700 समूह से जुड़े लगभग 1,51,732 स्वयं सहायता समूह की दीदीओं ने वोटिंग पर मीटिंग कार्यक्रम में हिस्सा लिया। वहीं, जिले के 1560 विद्यालयों में भी वोटिंग पर पीटीएम (पैरेंट्स-टीचर मीटिंग) का आयोजन किया गया। जहां विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों के लगभग 92,000 अभिभावकों ने बढ़ झ चढ़ कर हिस्सा लिया। एक ही साथ मतदाता जागरूकता को लेकर इस तरह के व्यापक आयोजन के पीछे का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को आगामी 25 मई को होने वाले मतदान दिवस के प्रति जागरूक करना है। साथ ही छुटे हुए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से जोड़ना है। ताकि चुनाव का पर्व,देश का गर्व में कोई भी अपने मताधिकार से वंचित नहीं रहें। जिला प्रशासन कोई मतदाता छूटे नहीं... को लक्ष्य बनाकर काम कर रही है। वोटिंग पर मीटिंग एवं वोटिंग पर पीटीएम में शामिल सभी प्रतिभागियों ने आगामी 25 मई 2024 मतदान दिवस को... वोट डालने जाना है,अपना फर्ज निभाना है... के नारे को एक सुर में बुलंद किया। कार्यक्रम को लेकर सभी प्रखंडों में स्वीप को प्रभारी पदाधिकारियों को टैग किया गया था। जिनके देख - रेख में इस आयोजन को सफल बनाया गया। सहायक नगर आयुक्त को चास प्रखंड, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को नावाडीह प्रखंड,जिला नियोजन पदाधिकारी को चंद्रपुरा प्रखंड,जिला खेल पदाधिकारी को जरीडीह प्रखंड, श्रम अधीक्षक को पेटरवार प्रखंड,जिला कल्याण पदाधिकारी को कसमार प्रखंड, जिला शिक्षा पदाधिकारी को बेरमो प्रखंड, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्वास्थ्य वि. को गोमिया प्रखंड एवं जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी को चंदनकियारी प्रखंड से टैग* किया गया था। सभी संबंधित पदाधिकारियों ने अपने झ अपने आवंटित प्रखंड में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। स्वीप के नोडल पदाधिकारी प्रभाष दत्ता चंदनकियारी प्रखंड में आयोजित वोटिंग पर मीटिंग कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में महिला समूह के दीदीओं व अन्य ग्रामीणों से चुनाव का पर्व,देश का गर्व को लेकर जिला प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियों/मतदाताओं की सहूलियत आदि के संबंध में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि, सभी मतदान केन्द्रों पर शेड, शुद्ध पेयजल, शौचालय एवं दिव्यांग जनों के लिए रैम्प, ट्राइ साइकिल/वोलेंटियर की व्यवस्था है। वृद्ध जनों के लिए वोलेंटियर्स के साथ टोटो (आटो) की व्यवस्था है। मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए अलग कतार एवं मतदान में प्राथमिकता की सुविधा एवं शहरी मतदान केन्द्रों में शेड, कुर्सी एवं पार्किंग की व्यवस्था होगी। मतदाताओं की सुविधा हेतु वोटर हेल्प लाइन एप, सी-विजिल एप मतदान से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्याओं के समाधान हेतु हेल्पलाईन नं. 1950 है। मतदाता पहचान पत्र नहीं होने पर वैकल्पिक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, मनरेगा जॉबकार्ड, बैंक डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, ड्राईविंग लाईसेंस, पेनकार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, राज्य सरकार, केन्द्र सरकार एवं लोक उपकरण पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों के द्वारा जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र दिखाकर भी मतदान किया जा सकता है। छूटे हुए मतदाता/किशोर-किशोरी दिनांक - 26.04.2024 तक फॉर्म-6 में अपना नाम जोड़वा सकते है। मौके पर उपस्थित बीएलओ द्वारा फार्म छह का वितरण भी किया गया। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन यथा किसी भी धार्मिक स्थल मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा,चर्च इत्यादि एवं बिना गृह स्वामी के स्वीकृति के चुनाव प्रचार सामग्री लगाना/दिवार लेखन पर सी-विजिल एप के माध्यम से शिकायत कर सकते हैं। मतदान की तिथि को किसी समूह/व्यक्ति द्वारा मतदाताओं को किसी भी प्रकार का प्रलोभन जैसे शराब या अन्य नसीले पदार्थ, पैसा, उपहार इत्यादि वितरण की सूचना या डराने, धमकाने एवं शस्त्र के प्रदर्शन की सूचना उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, संबंधित अनुमण्डल पदाधिकारी/प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को या जिला नियंत्रण कक्ष के मोबाईल नं0-8986660333, 06542-223705 पर दिया जा सकता है।मतदान दिवस पेड लिव (द्वेछीं्पी) होता है। अपने परिवार के सदस्यों एवं आस -पास के लोगों को इसकी जानकारी दें। मतदान अवश्यक करें, स्वयं मतदान करें एवं दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। मौके पर जेएसएलपीएस डीपीएम प्रकाश रंजन समेत अन्य उपस्थित थें।

पहले माटी तब पार्टी के तर्ज पर निर्णायक भूमिका निभाएंगे विस्थापित : रघुनाथ

- जमकर बरसे कांग्रेस पर विस्थापित नेता सौ करोड़ में टिकट बेचने का लगाया आरोप

बोकारो : पहले माटी तब पार्टी के तर्ज पर निर्णायक भूमिका निभाएंगे विस्थापित उपरोक्त कहना है इंटक बोकारो जिला अध्यक्ष सह विस्थापित नेता रघुनाथ महतो का। वह अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि धनबाद लोकसभा में कांग्रेस के द्वारा जिस प्रत्याशी को उतारा गया है। इसके लिए धनबाद लोकसभा के सभी कांग्रेस कार्यकर्ता गण यहां के स्थानीय लोग यहां के विस्थापित सभी लोग नाराज हैं और इसका विरोध भी कर रहे हैं। पार्टी से इस्तीफा दे रहें हैं। महतो ने कहा कि चुकी धनबाद लोकसभा में ऐसे प्रत्याशी को उतारा गया है जिसका धनबाद से कोई नाता नहीं रहा है, ना ही कभी कांग्रेस पार्टी में उनकी सदस्यता रही है और ना कभी लोगों के बीच में आई है । इसके बावजूद भी कांग्रेस पार्टी के आला कमान द्वारा उनको प्रत्याशी बनाना दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे लगता है कि कांग्रेस पार्टी को बहुत बड़ी क्षति होने जा रही है यदि यही हाल रहा तो कांग्रेस कभी भी सत्ता में वापसी नहीं कर पाएगी। आज परिवार वाद के कारण ही कांग्रेस सत्ता से बाहर है। मेरा कहना है कि यदि कांग्रेस पार्टी में पैसा से ही टिकट लोकसभा में दिया जाता है तो कोई आवश्यकता नहीं है यहां के कार्यकताओं की। आप अपने मनमानी से चुनाव लड़ सकते हैं ।आपको कार्यकर्ता कभी भी साथ नहीं देगी। आज हम सभी विस्थापित इसका विरोध कर रहे हैं। और हम चाह रहे हैं की आला कमान के द्वारा पुनर्विचार कर धनबाद लोकसभा से मजबूत प्रत्याशी को उतारने का काम करें ।ताकि धनबाद लोकसभा सीट को जीतकर राहुल गांधी के हाथों को मजबूत कर सके। साथ ही मैं यह भी कहना चाहूंगा जो यह प्रत्याशी के पत अनूप सिंह है हम उत्तरी क्षेत्र के विस्थापितों द्वारा गायत्री मंदिर आलोक मैदान में दुर्गा पूजा का आयोजन किया था और इस दुर्गा पूजा के पंडाल का उद्घाटन के लिए मुख्य अतिथि के रूप में हम सारे विस्थापितों ने अनूप सिंह को आमंत्रण करने के लिए उनके पास गया था लेकिन उन्होंने अतिथि बनने से सांप इनकार करते हुए कहा कि मुझे बोकारो की जनता से कोई मतलब नहीं है हमें सिर्फ बेरमो से मतलब है हमें बोकारो से कोई राजनीति नहीं करनी है और ना ही हमें वहां पर चुनाव लड़ना है ।इसलिए मैं अतिथि के रूप में शामिल नहीं होऊंगा और ना ही मैं आप लोगों के साथ जाऊंगा। आज हम विस्थापित अनूप सिंह से सवाल कर रहे हैं कि जब आपको बोकारो से राजनीति नहीं करना था तब फिर आज क्यों ऐसा स्थिति पैदा हुआ कि आज अपनी पत्नी को चुनाव में उतार कर आज राजनीति करने धनबाद लोकसभा में पहुंचे हैं बोकारो विधानसभा में भी आपकी जरूरत क्यों पड़ी है इस सवालों का जवाब जब तक अनूप सिंह नहीं देंगे यहां के विस्थापित अपने गांव में उनको घुसने नहीं देगें। बेरमो विधानसभा में भी कुछ क्षेत्र विस्थापित का क्षेत्र आता है आज तक अनूप सिंह के द्वारा विधानसभा में यहां के विस्थापितों की स्थिति के बारे में कभी सवाल नहीं उठाया है यहां उत्तरी क्षेत्र जो विस्थापित गांव है आज पंचायत से वंचित है। आज पंचायत मे नहीं लाया गया है। इस पर भी विधानसभा में किसी तरह का कोई सवाल अनूप सिंह ने नही किया है फिर किस विश्वास और भरोसे पर यहां के विस्थापितों से वोट मांगेंगे साथ ही उनकी पत्नी को कभी जब यहां के विस्थापित ने देखा ही नहीं उससे कोई नाता ही नहीं रहा है तो फिर उनकी पत्नी भी यहां के विस्थापितों के साथ वोट कैसे मांगेगी। यह शर्म की बात है की कांग्रेस पार्टी ने ऐसे लोगों को यहां प्रत्याशी बनाकर भेजा है। यहां की जनता का भला हो सकता है और ना ही यहां के लोगों के हित में जा सकता है। यह सिर्फ झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर साहब को ही सिर्फ फायदा पहुंचाया है। सौदा बाजी करके आज टिकट लेकर के यहां पहुंचे हैं। जिसका जवाब यहां के जनता देने के काम करेगी। इस प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से और राजेश मिश्रा, शंकर रवानी, उत्तम महतो, तुलसी रजवार,निरंजन महतो , रवि कुमार अर्जुन सिंह, बबलू सिंह, भुता सिंह नागेश्वर सिंह, मिथिलेश रवानी, गणेश साव, विक्रम महतो, रामप्रसाद महतो, दीपू मोदी, सूरज प्रसाद आदि थे।

जैन धर्म के 05 वें तीर्थंकर का जन्म कल्याणक, ज्ञान और मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया गया

मधुबन(गिरिडीह) जैन धर्म के 05 वें तीर्थंकर देवाधिदेव 1008 श्री सुमतिनाथ स्वामी भगवान का जन्म कल्याणक, ज्ञान कल्याणक और मोक्ष कल्याणक महोत्सव शुक्रवार चैत्र शुक्ल पक्ष एकादशी को बडे ही हर्षोल्लास व पूरे उत्साह के साथ मनाया।प्रातःकालीन पारसनाथ पर्वत मे पांचवें तीर्थंकर भगवान सुमतिनाथ स्वामी जी का मौक्ष स्थल भुमि मे बना टोंक का साफ-सफाई कर टोंक मे विराजमान प्रभुजी का चरणपादूका का जल व पंचामृतस्नानं कर प्रक्षाल अभिषेक कर शांति विधान का पाठ कर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत करते हुए टोंक का परिदक्षणा दिया गया।एवम पूरे विधि-विधान से टोंक मे विराजमान चरणपादूका का वंदन करते हुए मौक्ष लाड्डू चढाकर अर्पित किया गया।वही कार्यक्रम में उपस्थित दर्जनों श्रद्धालुओं को पूजा ,अर्चना और यथा संभव त्याग कर पुण्य अर्जित करने का संकल्प भी दिलवाया गया।मौके पर दर्जनों लोग उपस्थित थे।

निर्वाचन में सेक्टर मजिस्ट्रेट/पुलिस पदाधिकारी की भूमिका अहम

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निरीक्षण कर प्रतिनियुक्त सेक्टर ऑफिसर्स एवं माक्रोआब्जर्वर का प्रशिक्षण का लिया जायजा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

गिरिडीह अमित सहाय : लोकसभा आमचुनाव एवं 31-गाण्डेय विधानसभा उपचुनाव 2024 में प्रतिनियुक्त सेक्टर ऑफिसर्स एवं माइक्रोआब्जर्वर का प्रशिक्षण बीएनएस डीएभी पब्लिक स्कूल गिरिडीह में एक पाली में दिया गया। उक्त प्रशिक्षण का जिला निर्वाचन पदाधिकारी, श्री नमन प्रियेश लकड़ा ने निरीक्षण कर प्रतिनियुक्त सेक्टर ऑफिसर्स एवं माइक्रोआब्जर्वर का प्रशिक्षण का जायजा लिया तथा सभी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस जिला निर्वाचन पदाधिकारी, श्री नमन प्रियेश लकड़ा ने ईवीएम वीवीपैट, बीयू, सीयू, मॉकपोल, मतदान प्रक्रिया व अन्य निर्वाचन प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी।

इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन में सेक्टर मजिस्ट्रेट/पुलिस पदाधिकारी की भूमिका अहम है। उन्होंने सभी को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में निम्नाकित बिन्दुओ पर चर्चा की गयी

आज एक पाली में लगभग 276 सेक्टर ऑफिसर्स, 276 सेक्टर पुलिस ऑफिसर्स एवं 100 माइक्रो आब्जर्वर को मास्टर ट्रेनरों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में प्रतिनियोजित सभी कर्मियों को चुनाव कार्य के सभी चरणों का विशेष एवं गहन प्रशिक्षण विशेषज्ञ मास्टर ट्रेनेरो के द्वारा दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त सेक्टर ऑफिसर्स को पोल डे एवं अन्य रिपोर्टिंग प्रपत्रों के सम्बन्ध में एवं माइक्रो आब्जर्वर को उनके कार्यों एवं जनरल आब्जर्वर को दिए जाने वाले प्रपत्रों के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक बतलाया गया ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों का क्त्र कोड की सहायता से आकलन किया जा रहा है। जिसके आधार पर आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जायेगी। जिसकी राज्य निर्वाचन आयोग एवं जिला नियंत्रण कक्ष के द्वारा सतत् निगरानी की जा रही है। इस कार्यक्रम में अरविन्द कुमार राय, बी0पी0ओ0, रविन्द्र कुमार सी0आर0पी0, मनोज कुमार राय, बिपिन कुमार राय, मो0 सलीम अंसारी, संजीव कुमार, नवीन कुमार, आदित्य झा, विजयेन्द्र सेठ, राम सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस पूरे प्रशिक्षण कार्यक्रम का नेतृत्व एवं संचालन जीतराय मुर्मू नोडल पदाधिकारी-सह- एल0 आर0 डी0 सी0 डुमरी, मो0 वसीम अहमद, प्रभारी पदाधिकारी-सह-जिला शिक्षा पदाधिकारी, मुकुल राज, सहयोगी पदाधिकारी-सह-जिला शिक्षा अधीक्षक एवं अभिनव सिन्हा, ए0पी0ओ0, के द्वारा किया गया।.

एक-नजर

गांडेय प्रखंड के कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में मतदाता हेतु जन जागरूकता अभियान चलाया गया

गिरिडीह : लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदाता भागीदारी ब?ाने, नैतिक मतदान एवं निर्वाचन संबंधी जागरूकता संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को गांडेय प्रखंड के कम मतदान केंद्र वाले क्षेत्र उत्क्रमित मध्य विद्यालय मनकडीहा के बूथ नंबर 343, 344 तथा हाई स्कूल अहिल्यापुर के बूथ नंबर 294 और 295 में मतदाता हेतु जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान वहां के मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक व प्रोत्साहित किया गया। जहां मतदाताओं के बीच मतदाता प्रतिज्ञा शपथ पाठ कराया गया। इस दौरान सहयोगी पदाधिकारी (स्वीप कोषांग) ने स्थानीय लोगों को वोट के महत्व की जानकारी दी। साथ ही सभी लोगों से लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा आम चुनाव में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की गई। इसके अलावा बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान की तिथि घोषित कर दी गई है, जिसके अनुसार कोडरमा लोकसभा व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 20.05.24 को चुनाव कराया जाना है। आप सभी को इस महापर्व में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना है। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्हें शपथ दिलाई गई कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ ही अपने घरों व आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करेंगे। उन्हें अपने स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करने लिए अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया।

बगोदर के प्रवासी मजदूर की मुंबई में मौत, घर में मातम, परिजनों से मिले पूर्व विधायक

गिरिडीह : बगोदर प्रखंड अंतर्गत ग्राम खेतको निवासी भुनेश्वर सिंह के पुत्र प्रवासी श्रमिक तुलसी सिंह उर्फ गुड्डू सिंह का मुम्बई (पनवेल) में कंपनी में कार्य के दौरान संदेहास्पद स्थिति में मृत पाया गया था। पनवेल से पार्थिव शरीर गांव पहुंचने की खबर मिलने पर बगोदर पूर्व विधायक श्री नागेंद्र महतो मृतक के घर पहुंचकर पीड़ित परिजनो से मुलाकात कर ढाढस बंधाये साथ ही हर संभव मदद का भरोसा दिए। साथ ही सरकारी प्रवधानों के अनुसार मिलने वाली मुआवजा राशी दिलाने में मदद की बात कही। मृतक मुंबई में अपने परिवार के साथ रहकर हाइवा ड्राइवर के रूप में काम करता था। मृतक अपने पीछे पत्नी मां बाप बच्चे को छोड़ गया। मौत की सूचना मिलते ही परिजन सकते में हैं। पार्थिव शरीर गांव पहुंचने पर गांव का माहौल गमगीन हो गया।

केंद्र में बैठी मोदी सरकार संविधान को बदलने पर आतुर : डॉ0 सरफ़राज़ अहमद

गिरिडीह अमित सहाय : झामुमो जिला कार्यालय में इंडिया गठबंधन के घटक दलो के साथ 21 अप्रेल 24 को राँची के प्रभात तारा मैदान में आयोजित उलगुलान रैली को सफल बनाने हेतु, बैठक आयोजित की गई। झामुमो के गिरिडीह ज़िलाध्यक्ष श्री संजय सिंह जी ने बैठक की अध्यक्षता की। सदर विधायक ने कहा कि जिस तरह से इंडिया गठबंधन की रैली दिल्ली, महाराष्ट्र और पटना में हुई वहाँ पर लोगो ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया ठीक उसी तरह से राँची में भी इंडिया के घटक दलो की एक महारैली जिसे उलगुलान रैली का नाम दिया गया है जिसमें इंडिया गठबंधन के घटक दलों के बड़े बड़े नेता शिरकत करेंगे। उस

महारैली को सफल बनाने हेतु जो ज़िम्मेदारी गिरिडीह ज़िला को मिली है उसने गठबंधन के तमाम नेता अपने अपने ज़िम्मेदारी में लोगो को ले जाने का काम करेंगे।

मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि ज़्यादा से ज़्यादा संख्या में साथियों को उलगुलान महारैली में भाग लेना है। केंद्र में बैठी मोदी सरकार किस तरह से संस्थाओं का दुरुपयोग कर लोकतांत्रिक तरीक़े से चुने हुए मुख्यमंत्रियों को अपदस्थ करता है उसे लोगो को बताने की ज़रूरत है। गांडेय के पूर्व विधायक डॉ0 सरफ़राज़ अहमद ने कहा कि यह रैली मुख्यत संविधान बचाने के लिए है इस रैली के माध्यम से लोगो तक यह संदेश पहुँचाना है कि किस तरह से केंद्र में बैठी मोदी सरकार संविधान को बदलने पर आतुर है। बगोदर विधायक बिनोद सिंह ने कहा कि इस रैली को सफल बनाने के लिए हमलोग कटिबद्ध है। बूथ स्तर पर बैठक कर लोगो को इस रैली में शामिल होने के लिए निमंत्रण दी जा रही है भाकपा माले गिरिडीह ज़्यादा से ज़्यादा संख्या में इस रैली में भाग लेगी। झामुमो ज़िलाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि केंद्र में बैठी मोदी सरकार पूरी तरह से निरंकुश हो गई है गैर भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को झूठे मुक़दमे में फ़सा कर जेल भरने का काम कर रही है झारखंड के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी झूठे मुक़दमे में ही फ़साया गया है ।

युवक पर बाबूलाल मरांडी को भद्दी भद्दी गालियां देने का आरोप, सांसद प्रतिनिधि ने थाने में दिया आवेदन

तिसरी प्रतिनिधि। झारखण्ड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व धनवार विधायक बाबूलाल मरांडी के यज्ञ कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर एक युवक द्वारा श्री मरांडी को भद्दी - भद्दी गालियां व जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। मामला तिसरी थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। बताया जाता है कि झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह धनवार विधायक बाबूलाल मरांडी बुधवार को अपने पैतृक आवास कोदईबांक पर थे। इस दौरान उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं के साथ ककनी में चल रहे 9 दिवसीय राधा कृष्ण एवं हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अंतिम दिन पूर्णाहुति कार्यक्रम में भाग लेते हुए मंदिर में मत्था टेका। जिसके बाद वे गांवा होते हुए रांची के लिए निकल गए। लेकिन बताया जाता है कि श्री मरांडी के यज्ञ कार्यक्रम में शामिल होना एक युवक को रास नहीं आया। इससे आक्रोशित ककनी गांव के युवक दीपक यादव ने भाजपा के युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष राजेश यादव को फोन कर बाबूलाल मरांडी को भद्दी भद्दी गालियां व जान से मारने की धमकी भी दी। इससे भाजपा कार्यकर्ताओं में का?ी आक्रोश है। इसको लेकर तिसरी के सांसद प्रतिनिधि मनोज यादव ने थाने में आवेदन देते हुए उक्त युवक पर श्री मरांडी को गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने के साथ - साथ आचार संहिता के उल्लंघन का भी आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और स्थानीय विधायक होने के साथ साथ सुबे के प्रथम मुख्यमंत्री भी हैं। ऐसे में किसी असमाजिक व उदंड व्यक्ति के द्वारा गाली - गलौज कर श्री मरांडी के छवि को धूमिल करने के साथ साथ मानहानि व आचार संहिता का भी घोर उल्लंघन किया गया है। जिसकी कॉल रिकॉर्डिंग भी प्रमाणिक तौर पर उपलब्ध है। लिहाजा उन्होंने तिसरी थाने में आवेदन देते हुए ऐसे शरारती व असमाजिक व्यक्ति के खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाई करने की मांग की है। तिसरी थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में आवेदन प्राप्त हुआ है जांच की जा रही है।..

सडक हादसे के बाद अज्ञात लोगों ने जला दी बाईक

सडक हादसे में पति की हो चुकी है मौत, पत्नी अभी भी इलाजरत

तिसरी : तिसरी थाना क्षेत्र के गुमगी बाईपास के समीप 15 दिन पूर्व एक दम्पति अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया था। जिससे 28 वर्षीय गोलू हांसदा की इलाज के दौरान मौत हो गई थी जबकि उनकी पत्नी सरिता मरांडी बुरी तरह घायल हो गयीं। घटना बीते 4 अप्रैल की रात 10 बजे की बताई जा रही है। हादसे के बाद उक्त वाहन चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। इधर घायल दंपति के परिजन आनन - फानन में उन्हें ले कर अस्पताल के लिए निकल गए। इस क्रम में दम्पति की बाईक घटनास्थल पर ही रह गई। चौंकाने वाली बात यह है कि जिस समय दुर्घटना में शिकार लोगों के परिजन उन्हें लेकर अस्पताल का चक्कर लगा रहे थे उसी समय कुछ अज्ञात लोगों ने सडक पर ही दुर्घटनाग्रस्त बाईक में आग लगा दी। जिससे बाईक मौके पर ही धू - धू कर जल गई। जिसके बाद बाईक के बचे अवशेष को बांस के सहारे

सडक किनारे स्थिति गड्ढे में फेंक दिया गया। ताज्जुब की बात यह है कि दुर्घटना से लेकर बाईक जलने तक आस - पास के किसी भी व्यक्ति ने इस घटनाक्रम की जानकारी स्थानीय पुलिस को नहीं दी। बताया जाता है कि लोकाय थाना क्षेत्र के खेतो- रंगमटिया निवासी गोलू हांसदा पत्नी के साथ बाईक से तिसरी के गडकुरा स्थिति अपने ससुराल आ रहा था। इसी क्रम में गुमगी बाईपास के समीप विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात हाइवा ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाईक सवार दंपति बुरी तरह घायल हो गए। हाईवा चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भागने में सफल रहा। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिसरी पहुंचाया गया,जहां चिकित्सकों ने इलाज के पश्चात उन्हें गिरिडीह रेफर कर दिया। सदर अस्पताल गिरिडीह में इलाज के दौरान गोलू हांसदा की मौत हो गई। गुमगी के एक स्थानीय व्यक्ति प्रदीप यादव ने बताया कि इस सडक हादसे से उक्त आदिवासी परिवार पर दुखों का पहाड टूट पडा है। उक्त परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत ही दयनीय है।

निजी अस्पताल में चार दिनों के इलाज के एवज में थमा दिया 130,000 रुपय का बिल, इलाज भी अधूरा

गोलू हांसदा की मौत के बाद उनकी पत्नी सरिता मरांडी के पैर में गंभीर चोट होने के कारण उन्हें गिरिडीह से भी रेफर कर दिया गया। जिसके बाद सदर अस्पताल के बाहर खडे एक निजी एंबुलेंस चालक के झांसे में आकर परिजन घायल सरिता को धनबाद के एक निजी अस्पताल में ले गए। सरिता मरांडी के भाई मोतीलाल मरांडी और राजेश मरांडी ने बताया कि अस्पताल प्रबंधन द्वारा चार दिनों के इलाज के एवज में उन्हें 1 लाख 30 हजार रुपए का भारी - भरकम बिल थमा दिया गया, इसके बाद भी पूरा इलाज नहीं हो सका।

तालाब में डुबने से 2 बच्चे की मौत, मामा के घर शादी समारोह में भाग लेने तेलखरा आया था

डुमरी- प्रखंड के कल्हाबार पंचायत अंतर्गत तेलखरा में शुक्रवार को तालाब में डुबने से 2 बच्चे की मौत हो गई।दोनो भाई थे।वे अपने मामा के घर शादी समारोह में भाग लेने तेलखरा आये थे।घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।बताया जाता है कि बगोदर के गुरगुरिया टांड निवासी चन्द्रिका साव की पत्नी टुनुआ देवी अपने दोनो बेटे आशीष कुमार और छोटु कुमार के साथ तेलखरा अपने मौसेरा भाई प्रकाश साव के घर शादी समारोह में भाग लेने तेलखरा आयी थी।शुक्रवार की दोपहर आशीष और छोटु अपनी मां और घर की अन्य महिलाओं के साथ स्नान करने घर के कुछ दुरी पर स्थित तालाब गया था।

इसी दौरान एक भाई डुबने लगा तो यह देख दूसरा भाई उसे बचाने गया और दोनों डुबने लगे।यह देख साथ स्नान कर रहे गांव के अन्य बच्चों ने तालाब में स्नान कर रही महिलाओं को इसकी सूचना दी।खबर होते ही गांव के लोग वहां जमा हुये और किसी तरह दोनों को बाहर निकाला और तत्काल एक एम्बुलेंस से डुमरी रेफरल अस्पताल लाये जहां चिकित्सकों ने आशीष कुमार 16 वर्ष एवं छोटु कुमार 15 वर्ष को मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि इसके बाद परिजन पुलिस को सूचना दिये बगैर दोनों बच्चों के शव को अपने घर बगोदर ले गये।

पी एन डी जैन उच्च विद्यालय के शत- प्रतिशत छात्र उतीर्ण, संजय कुमार साव बने टॉपर

डुमरी : सफलता पाने से भी ज्यादा महत्वपूर्ण होता है उस सफलता की निरंतरता को बनाऐ रखना। निरंतर सफलता का परचम लहराते हुए गिरिडीह जिले के उत्कृष्ट उच्च विद्यालयों में से एक पी एन डी जैन उच्च विद्यालय, इसरी बाजार के छात्र- छात्राओं ने वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2024 में शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार जैन ने कहा कुल 429 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी जिसमें 410 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में तथा 18 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उतीर्ण हुए।

457 अंक प्राप्त कर संजय कुमार पिता संतोष साव 91.4 त्न के साथ विद्यालय के टॉपर बने। कृष्णा कुमार पिता सतीश कुमार बर्णवाल 454 अंक (90.8त्न) द्वितीय टॉपर, लकी कुमार पिता श्याम सुंदर स्वर्णकार 446 अंक (89.2त्न) तृतीय, अभिषेक आनंद पिता राजू यादव 445 अंक (89त्न) चौथे एवं मिताली कुमारी पिता सतीश कुमार कर्ण 443 अंक (88.6त्न) के साथ पांचवे स्थान पर रही। 80 छात्र - छात्राओं ने 80त्न से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी निरंतर प्रगतिशीलता का परिचय दिया। विद्यालय प्रबंध कार्यकारिणी के अध्यक्ष अभय कुमार जैन, सहायक सचिव सह अधिवक्ता अशोक कुमार जैन एवं सदस्य प्रदीप जैन ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और शिक्षक- शिक्षिकाओं को उनके सराहनीय प्रयास के लिए धन्यवाद दिया। विज्ञान शिक्षक देवेश कुमार देव एवं दयानंद कुमार ने परीक्षा परिणाम के विश्लेषण के उपरांत परिणाम को काफी उत्साहवर्धक बताया। देवेश कुमार देव ने कहा इन सफल विद्यार्थियों में से कई ने डॉक्टर बनने की उत्कट अभिलाषा जाहिर की है जो मेरे उद्देश्य की पूर्ति को बल देगा।

वरिष्ठ शिक्षिका संगीता जैन, प्रमोद कुमार यादव, डॉ0 श्याम कुमार सिंह, देवेश कुमार देव, रजत जैन, रूपलाल प्रसाद मंडल, सुब्रत कुमार सामंत, दयानंद कुमार, डॉ0 विवेक जैन, वैभव रानी, संजीव कुमार जैन, रवि कुमार, एतवारी महतो, रविन्द्र कुमार, धनेश्वर महतो ने सफल विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएँ दी है।.

भंवरडीह में नम आंखों से दी माता को विदाई विसर्जन के साथ नौ दिवसीय पूजा संपन्न

बेंगाबाद : 72 वर्षों से चली आ रही बेंगाबाद प्रखंड के अंतर्गत गोल को पंचायत के भंवरडीह में बासंती नव दुर्गा को विसर्जन के साथ संपन्न हुई।चैत्र नवरात्रि की दशमी के मौके पर को भक्तों ने नम आंखों से माता को विदाई दी। पुजासमिति के सदस्यों ने शोभा यात्रा निकाल माता की प्रतिमा का विसर्जन कर अगले वर्ष फिर आने का न्योता दिया। भवरडीह के बसंती नवदुर्गा माता मंदिर की ओर से गुरुवार शाम को माता की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। मंदिर परिसर से शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें श्रद्धालु माता के जयकारे लगाते व नाचते गाते गांव का भ्रमण करते हुए पांडेय तालाब पहुंचे जहां विसर्जन के पूर्व माता की पूजा अर्चना करते हुए क्षमा प्रार्थना किया गया ।वहीं कई जगहों पर शुक्रवार को मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा ।माता के विदाई के पूर्व महिलाओं ने सिंदूर खेल माता से अखंड सौभाग्य का वरदान मांगा। विसर्जन के पूर्व महिलाओं ने माता को कोईछा गोदभराई का रस्म अदा की और अपने देश राज्य क्षेत्र व परिवार के सुख शांति समृद्धि की कामना की। पूजा को सफल बनाने में कामदेव पांडे महेश पांडे महेंद्र पांडे दिगंबर पांडे उपेंद्र पांडे अजीत पांडे साधु शरण पांडे सतनारायण पांडे शिवनारायण पांडे गिरधर तिवारी मदन पांडे उदय पांडे पंकज पांडे राजेंद्र पांडे सुरेंद्र पांडे ।

आचार्य विश्वरत्न सागरजी शुरीश्वर जी महाराज साहब आदि ससंध के निश्रा मे पूजन महोत्सव मनाया गया

मधुबन(गिरिडीह) जैन श्वेताम्बर सोसायटी मे महातीर्थ के रक्षक अधिष्ठायक देव पीछले 400 वर्ष पूर्व प्राचीन श्री भोमिया जी महाराज मंदिर के ध्वजदंड-कलश आदि का पांच दिवसीय अलौकिक प्रतिष्ठा महोत्सव निमित शुक्रवार को गुरू नवरत्न कृपा प्राप्त सर्वधर्म दिवाकर परम पूज्य आचार्य विश्वरत्न सागरजी शुरीश्वर जी महाराज साहब आदि ससंध के निश्रा मे दुसरे दिवस का पूजन महोत्सव मनाया गया।वही देर शाम को भोमिया जी मंदिर के प्रागंण मे प्रभु भक्ति विश्वात गायक एवम संगीतकार श्रीकुमार चटर्जी मुम्बई एवं अन्य प्रदेशों से आए भजन

मंडलीओ के द्वारा भजन प्रस्तुत किया गया। आचार्य श्री की निश्रा मे श्री नवग्रह पाटला पूजन श्रीचंद कनककुमारी बोथरा परिवार कोलकाता, एवं श्री दस दिक्पाल पाटला पूजन कोलकाता निवासी गुलाबकुमारी,विजया,श्रेया बोथरा परिवार की ओर से किया गया एवं श्री अष्टमंगल पाटला पूजन कोलकाता निवासी विकास, नेहा,शोर्य अरोडा परिवार की ओर से तथा श्री अठारह अभिषेक पूजन राजस्थान निवासी अनचीबाई नेमिचंद लुनिया परिवार खंडवा की ओर से किया गया।वही प्रातःकाल का नवकारसी नेपाल व छत्तीसगड निवासी निखिल कुमार डागा परिवार की ओर से किया गया है।वही देर शाम को प्रभु भक्ति सुविख्यात गायक इन्दौर निवासी लवेशजी हिमांशु जी बुर की ओर से प्रस्तुत किया।गौरतलब हो की कार्यक्रम की तैयारियां पूरे भब्यातिभब्य तरीकों से किया गया है। संस्था के महाप्रबंधक दीपक बैगानी ने बताया की महोत्सव मे पूरे देश विदेश से करीब दस हजार श्रद्धालुओं की आने की सुचना प्राप्त हो चुका है।बाहर से आने वाले यात्रियों की सेवा के लिए संस्था के सभी कर्मचारीयो के अलावा बाहर से लाए गए सैकडों दैनिक मजदूरो को रखा गया ।

सर जे सी बोस मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय, गिरिडीह के छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

गिरिडीह : सफलता का परचम लहराते हुए गिरिडीह जिले के सर जे सी बोस मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय, गिरिडीह के छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय की टॉप 10 छात्राओं में टॉप पर रही रिया कुमारी में पूर्व में भी तत्कालीन मुख्यमंत्री से ओलंपियाड में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए लैपटॉप प्राप्त किया था अभी विद्यालय की शैक्षणिक प्रगति इस रिजल्ट में देखने को मिली है क्योंकि 95त्न टॉपर का प्राप्तांक कई वर्षों से विद्यालय की छात्राओं ने प्राप्त नहीं कर सकीं थी । प्राचार्य श्री मुन्ना प्रसाद कुशवाहा ने विद्यालय के परिणाम पर संतोष जाहिर किया है । खुश होने के लिए अभी और मेहनत करने की आवश्यकता बताया । कहा की आने वाले दिन में अभी विद्यालय द्वारा किए जा रहे एकेडमिक सुधार का और उम्दा परिणाम देखने को मिलेगा। तमाम सफल छात्राओं को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना पूरे विद्यालय परिवार ने की ।

बोरियो में चैती दुर्गा की प्रतिमा हुई विसर्जित

बोरियोः- बोरियो बाजार के महावीर चौथरा मोहल्ले में स्थापित मां चैती दुर्गा की प्रतिमा शुक्रवार के दिन विसर्जित कर दी गई। जहां नौ दिनों तक चली महानवरात्र, दशमी के बाद मां दुर्गा की प्रतिमा पारंपरिक तरीके से बोरियो बाजार के नमस्ते रोड, बंगाली टोला, मेन रोड, थाना रोड तेली टोला होते हुई गुजरी और अंत में मोरंग नदी में प्रवाहित कर दी गई। बता दें कि बोरियो महावीर चौथरा में वर्ष 2004 से मां चैती दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान से पूजा की जाती है। इस प्रतिमा विसर्जन में श्री श्री सार्वजनिक चैती दुर्गा पूजा समिती, महावीर चौथरा के अध्यक्ष प्रभु साह, संरक्षक ओम भगत, रंजित साह, मनोज रक्षित, कौशल कुमार, बमबम कुमार सहित सैंकड़ों की संख्या में भक्त शामिल थे। उधर शांति व्यवस्था दुरुस्त करने में प्रशिक्षु डीएसपी रूपक कुमार सिंह, एसआई पंकज वर्मा और पुलिस के जवान अहम भूमिका में दिखे।

झामुमो प्रखंड कार्यालय में झामुमो प्रखंड समिति की बैठक आयोजित

बरहेटः प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत झामुमो प्रखंड कार्यालय में झामुमो प्रखंड समिति की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजाराम मरांडी ने किया। उधर बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष ने बताया कि आगामी दिनांक 21 अप्रैल 2024 दिन रविवार को प्रभात तारा मैदान रांची में इंडिया उलगुलान न्याय महारैली में सभी जिले, प्रखंड से कार्यकर्ता को बस द्वारा रांची जाकर महारैली में शामिल होकर इंडिया गठबंधन के बड़े बड़े नेताओ के विचारों को सुनना है। वही बरहेट प्रखंड के सभी 22 पंचायत से दस दस की संख्या में झामुमो कार्यकर्ता रांची जाने के लिए तैयार रहेगें। इस मौके पर झामुमो प्रखंड सचिव मुजिबुर रहमान, केंद्रीय समिति सदस्य प्रो. नजरूल इस्लाम, बुध्दिजीवी जिलाध्यक्ष छवि हेमब्रम, पुसा टुडू, अब्दुल मजीद, मैनुल हक, समदा सोरेन, ऐजाज अंसारी सहित सभी पंचायत के अध्यक्ष, सचिव एवं सम्मानित कार्यकर्तागण मौजूद थे।

जेटके पंचायत के चलधोवा गांव के एक अधेड़ व्यक्ति की नदी में डुबने से हुई मौत

बोरियोः थाना क्षेत्र के जेटके पंचायत के चलधोवा निवासी मंगल सोरेन नामक व्यक्ति की मौत नदी में डूबने से हो गई। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार के सुबह के समय में लगभग 10 बजे वो नहाने के लिए नदी गए हुए थे जहां उसी क्रम में अचानक उनको मिर्गी का दौरा पड़ने से वो सीधे नदी में जा गिरे और उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वही उसके बाद जब चलधोवा मिशन का बच्चा उधर घूमने के लिए गए हुआ था तब बच्चे की नजर पानी में तैर रहे व्यक्ति के शव पर पड़ा। जब स्कूल के बच्चे ने नजदीक जाकर देखा तो उसकी पहचान मंगल सोरेन के रूप में की। इसके बाद उक्त बच्चा ने आकर ग्रामीण को इसकी जानकारी दी। उधर स्थानीय ग्रामीणों की सहायता से नदी में डूबे व्यक्ति के शव को बाहर निकाला गया जहां उपस्थित लोगों ने उनके बॉडी को देखा तो वो दम तोड चुके थे।

झुमावती अस्पताल में 20 व 21 अप्रैल को लगेगा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर

साहिबगंजः- शहर के आजाद नगर कोर्ट रोड स्थित झूमावती अस्पताल में आगामी 20 व 21 अप्रैल को निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन होगा। जहां यह जांच शिविर नेत्रोदय द आई सीटी हॉस्पिटल बाराणसी के संयुक्त तत्वाधान में झुमावती अस्पताल में आयोजित किया जाएगा। इस बात की जानकारी झुमावती अस्पताल के प्रबंधक राजेश सिंह ने दी। आगे उन्होंने बताया कि निशुल्क नेत्र जांच शिविर शिविर सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक चलेगा। इस निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में डॉ. गोविंद बल्लभ खालको एवं डॉ. सुनील जयसवाल के द्वारा चश्मे, बीपी एवं शुगर की जांच किया जाएगा। वही उन्होंने कहा कि यहाँ पर रियायती दरों पर मोतियाबिंद का ऑपरेशन, चश्मे एवं दवाईयां भी मिलेगी। उधर झुमावती अस्पताल के प्रबंधक राजेश सिंह ने इस नेत्र जांच शिविर में अधिक से अधिक लोगो से भाग लेने की अपील की है।

कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालय का कल्याण पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

साहिबगंजः उपायुक्त हेमंती सती के निर्देश पर शुक्रवार को जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद आनंद ने बरहेट प्रखण्ड अंतर्गत कल्याण विभाग द्वारा संचालित कल्याण आवासीय विद्यालय, अरगोरी, बरहेट का औचक निरीक्षण किया। जहां निरीक्षण के क्रम में छात्रों से बातकर उनको मिलने वाली सुविधा के बारे में जानकारी ली एवं छात्रों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया। इस दौरान सभी छात्रों के स्वास्थ्य को लेकर दिए उचित दिशा निर्देश भी दिए गए। वही छात्रों को दी जाने वाली भोजन की शुद्धता एवं गुणवत्ता का भी जायजा लिया गया। उधर जिला कल्याण पदाधिकारी ने भंडार गृह का निरीक्षण करते हुए खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की जांच एवं उनके माप की जांच की। वही उन्होंने उपस्थित शिक्षकों को निर्देश दिया कि बच्चों की पढ़ाई, विद्यालय परिसर की सफाई एवं बच्चों को मिलने वाली सुविधा में कोई कोताही न बरते। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

कनेल का बीज खाने से महिला हुई मूर्छित, सदर अस्पताल में चल रहा इलाज

साहिबगंजः तालझारी थाना क्षेत्र के महाराजपुर मोती झरना में आपसी विवाद में एक महिला ने गुस्से में आकर कनेल का बीज खा लिया जिसके कारण वो मूर्छित हो गई। उधर परिजनों की मदद से मूर्छित हुई महिला को आनन फानन में बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जहां चिकित्सकों की देखरेख में इलाज किया जा रहा है। वही महिला की पहचान लाली मोसमात पति स्व. सुखदेव राम के रूप में हुई है फिलहाल महिला खतरे से बाहर बताई जा रही है।

महावीर मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

हिरणपुर(पाकुड़)ः महावीर मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शुक्रवार को दुलमिडांगा गांव में कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में काफी संख्या में शामिल कन्याओं व श्रद्धालुओ द्वारा नगर परिक्रमा किया गया। इसके बाद पण्डित जनार्दन उपाध्याय के द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूजन कार्य प्रारम्भ की गई। वही संकीर्तन का भी आयोजन किया गया ।मंदिर कमिटी के अनुसार पूजन के बाद हवन यज्ञ होगी। इस अवसर पर संजय भंडारी, मिथिलेश भंडारी, विप्लब दे, भोला शंकर साहा, विक्रम भंडारी आदि उपस्थित थे।

27 अप्रैल को विशेष लोक अदालत को लेकर बैठक

पाकुड़ः आगामी 27 अप्रैल को होने वाली विशेष लोक अदालत को लेकर की अहम बैठक की गई। यह बैठक झालसा रांची के निदेर्शानुसार शुक्रवार को अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम सह प्रभारी अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ राकेश कुमार के कक्ष में इलेक्ट्रिसिटी से संबंधित विशेष लोक अदालत का आयोजन को लेकर अहम बैठक की गई। बैठक में आगामी 27 अप्रैल को विशेष लोक अदालत का आयोजन होना है। जिसमें बिजली सबंधित समेत अन्य वादों को निष्पादन किया जाना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के सचिव अजय कुमार गुड़िया की अध्यक्षता में इलेक्ट्रिसिटी पदाधिकारी के साथ हम बैठक की गई। जिसमें सुलह समझौता को लेकर मामले को अधिक से अधिक निष्पादन करने हेतु चर्चा की गई मौके पर अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम राकेश कुमार सचिव अजय कुमार गुड़िया इलेक्ट्रिसिटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

आजसू जिला अध्यक्ष आलमगीर आलम ने अग्नि पीड़ित परिवारों को पहुंचाई राहत सामग्री

पाकुड़ः मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत नवादा पंचायत के हरिहरा गांव में बीते कल अनवर शेख, मोसारफ शेख, अशरफ शेख, याफोस शेख तथा हब्बूल शेख के घर में अचानक आग लग जाने से मकान सहित अन्य घरेलू सामान जल कर राख हो गया था।

आजसू जिला अध्यक्ष आलमगीर आलम के नेतृत्व में आजसू प्रतिनिधि मंडल ने अग्नि पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री चावल, सब्जी, डाल आटा सहित वस्त्र पोशाक जैसे साड़ी, लूंगी और अन्य घरेलू सामान उपलब्ध कराया। साथ ही विभागीय अधिकारियों से संपर्क कर सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। मौके पर जिला मीडिया प्रभारी अहमदुल्ला, सोफीकुल, रिजाउल करीम पंचायत अध्यक्ष, सफीकुल शेख पंचायत अध्यक्ष, बारीउल शेख, मौलवी अब्दुल अजीम, अब्दुल्ला शेख, नूर इस्लाम, अंसारूल, सरवर आलम, डॉ अंसारुल सहित दर्जनों कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

शांतिपूर्ण एवं सौहार्द वातावरण में विसर्जित हुई मां दुर्गा की प्रतिमा

चैती दुर्गा पूजा समिति के विसर्जन जुलूस में भारत माता की प्रतिमा आकर्षक का केंद्र रही

उज्जवल दुनिया संवाददाता

साहिबगंजः शहर के सकरोगढ़ चैती दुर्गा पूजा समिति, रसूलपुर दहला चैती दुर्गा पूजा समिति, चौक बाजार दुर्गा मंदिर व जिरवाबाड़ी छोटा पचगढ़ तुरी टोला दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन जुलूस शुक्रवार को 11 बजे तक सभी पूजा समिति के लोगों के द्वारा भव्य तरीके से गाजे बाजे के साथ सजाते हुए विसर्जन करने के लिए निकाल दिया गया था। जहां अधिकतर विसर्जन जुलूस दोपहर तीन बजे तक एलसी रोड क्रॉस कर चुकी थी। जहां शाम के 6 से 7 बजे तक सभी पूजा समिति के प्रतिमाओं का विसर्जन स्थानीय गंगा नदी के तट पर जिला प्रशासन की ओर से तय समय सीमा पर करवा दिया गया। वही सकरोगढ़ चैती दुर्गा पूजा समिति के विसर्जन जुलूस में भारत माता की प्रतिमा आकर्षक का केंद्र रही। उधर मां दुर्गा की प्रतिमा रथ को भक्त खींचते हुए ले जाते दिखें। जहां विसर्जन जुलूस के अखाड़े में पारंपरिक हथियार से युवकों की टोली करतब दिखाते नजर आए। उधर जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने विसर्जन जुलूस को लेकर पहले से ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे जहां अतिसंवेदनशील इलाकों में जगह जगह पर बेरिकेटिंग, मंच, सीसीटीवी कैमरा व ड्रोन कैमरे से हर गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। वही स्पेशल पुलिस फोर्स एसएसबी को सुरक्षा व्यवस्था में लगाया गया था। उधर सुबह से ही जुलूस मार्ग व उससे सटे गली कूचे और छतों, रेलवे क्षेत्र में ड्रोन उड़ाकर निगरानी की जा रही थी। उधर विसर्जन जुलूस को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए थाना प्रभारी सहित मजिस्ट्रेट व वरीय अधिकारियों को प्रतिमा विसर्जन में जगह-जगह पर लगाया गया था। उधर शहर के एलसी रोड में एसडीओ अंगारनाथ स्वर्णकार व एसडीपीओ किशोर तिर्की पूरे दलबल के साथ चप्पे चप्पे पर नजर बनाए हुए थे। जहां उपायुक्त हेमंत सती व पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव पल पल की जानकारी ले रहे थे और संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दे रहे थे।

मतदान केंद्र एवं वज्रगृह की सुरक्षा को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

उज्जवल दुनिया संवाददाता

साहिबगंजः लोकसभा आम चुनाव 2024 के परिपेक्ष्य जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में मतदान केंद्र एवं वज्रगृह की सुरक्षा को लेकर बैठक आयोजित की गई।

इसको लेकर उपायुक्त ने बताया जिला में कई मतदान बूथ संवेदनशील एवं अति संवेदनशील हैं जिनमें सुरक्षा की आवश्यकता है एवं इन सभी बूथों में पांच जवानों को प्रतिनियुक्त करने की आवश्यकता है। आगे उन्होंने बताया कि जिला के सारे प्रखण्ड विकास पदाधिकारी से संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील बूथों की सूची के आधार पर उन बूथों पर एवं उनके मार्गों पर आवश्यक सुरक्षा दी जाएगी ताकि मतदान कर्मियों एवं मतदान करने आए लोगों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

उधर बैठक में वज्रगृह एवं मतगणना केंद्र की सुरक्षा को लेकर भी विचार विमर्श किया गया। वही सीआरपीएफ के कंपनी कमांडर सह नोडल पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार ने बताया कि अभी ऐसी कोई सूची प्राप्त नहीं हुई है कि जिला में कितनी कंपनियां की तैनाती होगी। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू एवं अन्य उपस्थित थे।

अधिग्रहित जमीन का पैसा न मिलने पर रैयतों ने रोका फोरलेन रोड का काम, कहा– मुआवजा के नाम पर मिला सिर्फ आश्वासन

अमित कुमार साहा

राजमहलः प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत एनएच फोरलेन सड़क निर्माण कार्य को अधिग्रहित जमीन का पैसा नही मिलने पर शुक्रवार को कई रैयतों ने काम को बंद करवा दिया। जहां रैयतों के द्वारा सड़क जाम कर गाड़ी आवागमन रोका गया और बताया कि तुतीपुर के दर्जनों रैयतों का एनएच फोरलेन सड़क निर्माण के लिए 5 बीघा 14 कट्ठा जमीन अधिग्रहण किया गया है जिसका मुआवजा राशि लाभुकों को अभी तक नहीं मिलने के विरोध में कार्य बाधित किया गया। वही पीड़ित रैयत भू अर्जन कार्यालय का चक्कर लगाते लगाते थक हारकर यह कदम उठाने को मजबूर हैं। वही अधिकारी से मिलते मिलते चक्कर लगाते लगाते परेशान हो गए हैं मगर उनलोगों को अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है परन्तु मुआवजा कुछ नहीं मिला। वही जब तक मुआवजा राशि नहीं मिलेगा सड़क कार्य बाधित रहेगा अब आश्वासन से काम नहीं होगा।

रैयतों ने जमीन पर लाल फीता बांधकर शुरू किया विरोध प्रदर्शन

वही फोरलेन सड़क निर्माण कार्य में जिन रैयतों का जमीन अधिग्रहण करने के बाद जमीन पर पिलर देकर जमीन के समतलीकरण का काम शुरू हो चुका है लेकिन अधिग्रहित जमीन का मुआवजा नहीं मिलने पर रैयतों ने फोरलेन निर्माण कार्य पर रोक लगा दी। वही निर्माण कार्य पर रोक लगाने के साथ रैयतों ने अपनी जमीन पर लाल फीता बांधकर विरोध प्रदर्शन भी शुरू कर दिया है।

आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला

इसको लेकर जमीन के रैयतों ने कहा कि फोरलेन से जुड़े पदाधिकारी की ओर से बार बार आश्वासन दिया जाता है लेकिन अभी तक आपत्ति का जवाब नहीं दिया गया है और ना ही जमीन के बदले भू अर्जन मुआवजा का भुगतान ही किया गया है। वही मोहनपुर मौजा में फोरलेन निर्माण कार्य बाधित है और रैयत अपनी जमीन पर अड़े हैं। इस मौके पर पीड़ित रैयत एतवा उरांव, बुचना उरांव, कैला उरांव, बैजू उरांव, श्रीलाल उरांव, कर्मा उरांव, छदवा उरांव, विनय उरांव, बेला उरांव सहित अन्य उपस्थित थे।

दसवीं की बोर्ड परीक्षा में ए वन ट्यूशन सेंटर के छात्रों ने लहराया परचम

बरहरवाः ग्वालखोर में जनता हाई स्कूल के सामने स्थित ए वन ट्यूशन सेंटर के छात्र छात्राओं ने दसवीं की बोर्ड परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन किया है जिसको लेकर कोचिंग संचालक ने जानकारी देते हुए बताया कि इस संस्थान से लगातार पांचवीं साल शत प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए है। जिसमें आशुतोष घोष 452 अंक लाकर अपने विद्यालय में टॉपर रहा साथ ही अकरम अली 448 अंक लाकर अपने विद्यालय में दूसरे स्थान हासिल किया। वही दोनों छात्रों ने अपने सफलता का श्रेय अपने माता पिता, अपने विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं अपने कोचिंग के शिक्षकों को दिया। उधर कोचिंग संचालक मो. जौहर आलम एवं आलमगीर आलम ने बताया कि पिछले 5 साल से लगातार इसी संस्थान के विद्यार्थी अपने विद्यालय में टॉपर रहा है इसके साथ ही सभी शिक्षक अपने बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

प्रतिमा विसर्जन के साथ हुई चैती दुर्गा पूजा संपन्न

कोटालपोखरः- मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के साथ शुक्रवार को चैती दुर्गा पूजा संपन्न हो गया। जहां कोटालपोखर क्षेत्र व आसपास गाजे बाजे के साथ नाचते गाते हुए श्रद्धालुओं ने मां दुर्गे की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इससे पूर्व श्रद्धालु महिलाओं ने मां दुर्गे की खोईछा भराई व सिंन्दुर लगाने की रस्म को पूरा किया। इस दौरान महिलाओं ने सिंदूर की होली भी खेली। उधर जीवनपुर के श्री श्री चैती दुर्गा पूजा समिति ने चैती दुर्गा मंदिर से रवाना होकर कोटालपोखर गांधी मोहल्ला व देहात क्षेत्र होकर मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन शुक्रवार को किया गया। कोटालपोखर क्षेत्र में पहली बार चैती मां दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया था। जीवनपुर से गांधी मोहल्ला होते हुए श्रद्धालुओं ने मां दुर्गे की प्रतिमा का विसर्जन मांझी पोखर में किया। उधर प्रतिमा विसर्जन के दौरान मां दुर्गे को अंतिम विदाई देने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। वही नम आंखों से भक्तों ने मां दुर्गे को विदाई दी। इस दौरान पुलिस के जवान भी मौजूद थे।

शिव प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली कलश यात्रा

- प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया जाएगा आज

उज्जवल दुनिया संवाददाता

मंडरोः प्रखंड क्षेत्र के सीमावर्ती राजगांव अराजी पंचायत स्थित उपरबंधा गांव में नवनिर्मित शिव मंदिर में भगवान शिव प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शुक्रवार की सुबह श्रद्धालुओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली। जहां पीले वस्त्र धारण कर महिलाएं व कुंवारी कन्याओं ने सिर पर कलश लेकर हर हर महादेव की गूंज के साथ कलश यात्रा नवनिर्मित मंदिर से उपरबंधा, गोखला, पहाड़पुर होते हुए उपरबंधा चौक पर पहुंची। वही गांव में कई जगह पुष्प वर्षा से कलश यात्रा का स्वागत किया गया। इस कलश यात्रा में 501 कन्याओं एवं महिलाओं ने हिस्सा लिया। उधर आयोजक कमिटी उपरबंधा के द्वारा मीडिया को बताया गया कि तीन दिवसीय शिव प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा सह उद्घाटन कार्यक्रम के पहले दिन शुक्रवार को कलश यात्रा, दूसरे दिन शनिवार को प्रतिमा का नगर भ्रमण, तीसरे दिन रविवार को प्राण प्रतिष्ठा व हवन पूजन व प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इधर कलश यात्रा में सेवानिवृत्त सूबेदार सह समाजिक कार्यकर्ता विजय पंडित, नवल पंडित, तेजूलाल पंडित, अनील साह, नकूल साह, विनय पंडित, अजय पंडित, घनश्याम पंडित, जितेंद्र पंडित, डॉ कन्हैया पंडित, रामदेव पंडित, बिरेन पंडित, रामानंद पंडित, गंगाधर पंडित, सुरेश पंडित, अजय कुमार साह, पंचायत समिति सदस्य संजय कुमार साह, कुमोद पंडित, कालीचरण पंडित, गोपाल चौधरी, बालदेव पंडित, राजेन्द्र साह, पितांमबर पंडित, दिपक पंडित, हरिहर पंडित, प्रीतम पंडित, अरूण पंडित, बास्की भगत, टुनटुन पंडित, अजय भगत उर्फ लड्डू भगत समेत दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

जनता दरबार का आयोजन कर उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं

- उपायुक्त ने दिए समस्याओं के जल्द समाधान करने का आश्वासन
- अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों की जांच कर उचित कार्रवाई करने का दिया निर्देश

उज्जवल दुनिया संवाददाता



पाकुड़ः उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन कर लोगों की समस्या से अवगत हुए। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समास्याओं से अवगत कराते हुए समाधान हेतु अनुरोध किया। उपायुक्त महोदय ने प्राप्त समास्याओं का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में जमीन, माइनिंग से संबंधित प्रधानमंत्री आवास योजना के अलावा विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त महोदय ने सभी आवेदनों का बारीकी से अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को जांच कर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें। जिससे शिकायत के रूप में मिले आवेदन का समाधान जल्द किया जा सके।

मैट्रिक की परीक्षा में सुजल ने राज्य और दामिनी ने जिला का नाम रौशन किया

- मैट्रिक की परीक्षा में 485 अंक प्राप्त कर सुजल ने राज्य में 10वां स्थान और दामिनी ने 472 अंक प्राप्त कर चौथा स्थान हासिल किया है

उज्जवल दुनिया संवाददाता

पाकुड़। जिले के आर. के +2 उच्च विद्यालय अमड़ापाड़ा के छात्र सुजल कुमार ने मैट्रिक की परीक्षा में 485 अंक प्राप्त कर राज्य में 10वां स्थान हासिल किया है. वही पूरे पाकुड़ जिले का भी मान बढ़ाया है. उन्होंने अपनी इस कामयाबी का श्रेय अपने माता-पिता व विद्यालय के शिक्षकों को दिया. वही सुजल ने यह भी बताया कि आगे चलकर कॉमर्स लेकर सीए बनने के लिए पूरी लगन से मेहनत करूँगा। वही हिरणपुर में मैट्रिक परीक्षा में हिरणपुर बाजार के दामिनी कुमारी ने जिले में चौथा स्थान हासिल किया। मॉडल प्लस टू विद्यालय हिरणपुर की छात्रा दामिनी ने मेट्रिक में 472 अंक प्राप्त किया है। इसको लेकर पिता राजेश कुमार साहा व माँ सहित परिजन काफी हर्ष महसूस कर रहे है। दामिनी ने बताई की इस सफलता में माता पिता सहित विद्यालय के शिक्षकों का अहम सहयोग रहा। आगे जाकर चिकित्सक बना चाहूंगा।

रामनवमी पर हिरणपुर में निकाला गया भव्य शोभा यात्रा व अखाड़ा

- धूप और गर्मी को झेलते हुए भी हजारो की संख्या में लोग हुए शामिल

उज्जवल दुनिया संवाददाता

हिरणपुर(पाकुड़)ः रामनवमी के अवसर पर शुक्रवार को हिरणपुर बाजार में बजरंगबली मंदिर कमिटी द्वारा भव्य शोभा यात्रा व अखाड़ा निकाली गई। तपती धूप में भी हजारों की संख्या में महिला पुरुष इसमें शामिल हुए। सरकारी मवेशी हाट स्थित पूजा स्थल से निकाली गई इस शोभा यात्रा में सभी महिला पुरुष श्रद्धालु परम्परागत गेरुआ वस्त्र धारण किये हुए थे। जो महावीरी ध्वज टांगे जयश्री राम की गगनभेदी उद्घोष करते हुए बाजार का परिक्रमा किया। शोभा यात्रा में शामिल लोग रामधुन से थिरक उठे। शोभा यात्रा सुभाष चौक होते हुए रानीपुर पेट्रोल पंप तक पहुंची। इसके बाद नामोपाड़ा श्रीकृष्ण मंदिर होते हुए लक्ष्मी मंदिर सुंदरपुर, हाईस्कूल मोड़ होते हुए वापस लौटा। गर्मी के बावजूद काफी उत्साह से लोगो ने इसमे भाग लिया। इस दौरान गाजे बाजे सहित ढोल नगाड़े की मधुर ध्वनि से पूरा बाजार भक्तिमय बना रहा। उधर आदिवासियों द्वारा परम्परागत नृत्य की प्रस्तुति से सबका मनमोह लिया। यात्रा में राम, सीता व हनुमान की आकर्षक झांकी की भी प्रस्तुति की गई। वही इस दौरान काफी संख्या में लोगो ने लाठी का अनुपम करतब दिखाया। यात्रा के दौरान अनेक जगहों पर स्थानीय लोगो द्वारा शीतल पेयजल का व्यवस्था किया गया था।

शोभा यात्रा में पुलिस हर पल रहे मुस्तैदी से तैनात

शोभा यात्रा के दौरान थाना प्रभारी नवीन कुमार सहित सभी पुलिस पदाधिकारी व जवान मुस्तैदी से तैनात रहे। वही बीडीओ टुडू दिलीप व अंचलाधिकारी मनोज कुमार भी शामिल रहे। जो शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए यात्रा के साथ रहे। इस दौरान पुलिस ने वाहनों की आवागमन व्यवस्था को भी पूरी तरह दुरुस्त रखा। थाना प्रांगण में भी पेयजल की व्यवस्था किया गया था। उधर एसडीपीओ डीएन आजाद थाना में रहकर हर गतिविधियों की जानकारी ले रहा था। बहरहाल काफी सौहार्दपूर्ण रूप से शोभा यात्रा सफल रही।

मारपीट के मामले में 17 लोगों पर मामला दर्ज, एक की मौत

पाकुड़ः वीते गुरुवार को मुफ्फसिल थानान्तर्गत ग्राम चाँचकी में दो पक्षों के बीच आपसी विवाद को लेकर मारपीट की घटना घटना को अंजाम दिया था। इस मार्केट में दोनों पक्षों के कुछ लोग घायल हो गये थे। मुफस्सिल थाना प्रभारी ने बताया कि घायल व्यक्ति को ईलाज हेतु सदर सोनाजोडी भेजा गया था। डॉक्टर के द्वारा घायलों को उच्चतर अस्पताल में बेहतर ईलाज हेतु रेफर कर दिया गया था। घायल व्यक्ति हबिबुर शेख उम्र करीब 36 वर्ष, पिता क्युम शेख, ग्राम चांचकी, थाना पाकुड़ (मु॰) की इलाज के दौरान 19 अप्रैल को मृत्यु हो गयी। हबीबुर शेख की मृत्यु के बाद इस संबंध में मृतक के पिता क्युम शेख के द्वारा आवेदन दिया गया। आवेदन के आधार पर थाना काण्ड संख्या 78/2024, धारा 341/ 342/ 323/ 325/307/302/447/452/42 7/504/120बी भादवि के अन्तर्गत प्राथमिकी के 17 नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध काण्ड दर्ज किया गया है। काण्ड अनुसंधान अन्तर्गत है। काण्ड में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की जा रही है ।वही मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चांचकी गांव में पीट-पीटकर एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई है। यह मामला जमीन विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना गत कल गुरुवार की है। नाजुक स्थिति में घायल व्यक्ति को इलाज के लिए बंगाल ले जाया गया था। आज शुक्रवार को कोलकाता में इलाज के दौरान मौत गई। आक्रोशित लोग आरोपियों के घर के पास जमकर विरोध कर रहे थे। थाना प्रभारी संजीव कुमार झा ने लोगों को समझा बूझाकर शांत कराया और मामले में कड़ा एक्शन लेने का भरोसा दिलाया।

स्वामी वी. आई. इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक विद्या लक्ष्मी द्वारा शिव साई पब्लिकेशन प्रा. लि. , काठी टांड, नियर टेंडर बगीचा, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित एवं एसटी- 663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित , संपादकः मानवेंद्र कुमार सिंह (खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), प्रबंध निदेशक मानवेन्द्र कुमार सिंहः 8709022665, RNI No.-JHAHIN/ 2014/ 59794

लोकसभा चुनाव मैदान में भाजपा के उम्मीदवार अकेले ही दंड बैठक मार रहे: मनोहर लाल

जींद, (एजेंसी)। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भाजपा प्रत्याशियों के हो रहे विरोध के सवाल पर कहा कि कुछ लोग सिरफिरे होते हैं, जो अपनी दबंगई चलाते हैं। पहले दबंगई चल जाती थी, अब नहीं चलती है। उन्होंने कहा कि देखने में आया कि विरोध करने वाले दस व्यक्ति होते हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के दस साल की सफलता और जो देश को दिशा दी गई है, उसके आधार पर तथा भाजपा के संकल्प पत्र के आधार पर आगे बढेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल शुक्रवार को सोनीपत लोस से भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जींद तथा सफीदों कार्यालय में पहुंचे। पदाधिकारियों तथा कार्यकताओं से चुनाव को लेकर बातचीत की।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव मैदान में भाजपा के उम्मीदवार अकेले ही दंड बैठक मार रहे हैं। क्योंकि उनके सामने कोई उम्मीदवार चुनावी मैदान में नहीं आया है। कांग्रेस पार्टी पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों का हालत यह होने वाली है कि जब वे भंडारे के टैंट में पहुंचेंगे तो उन्हें अंदर पूरी नही मिलेगी। जब वे टैंट से बाहर आएंगें तो उन्हें चप्पलें भी नही मिलेंगी। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियों के उम्मीदवार ना आने का भाजपा के उम्मीदवारों को लाभ पहुंच रहा है। चुनाव में मजा तब ही आता है जब सामने उम्मीदवार खड़ा हो। कांग्रेस पार्टी अपने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं कर पा रही है। भाजपा कार्यकर्ता घर-घर

तक पहुंच बना चुके हैं।

पूर्व सीएम मनोहर लाल कैबिनेट के फर्जी लेटर के बारे में पूछे गए सवाल पर कहा कि भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार करने वालों की हर तकनीक को फेल किया गया है। मुलजिम को भी पकड़ा गया है। कोई जमाना था जब ऐसा चल जाता था, अब ऐसा नही चलता है। कोई भ्रष्टाचार करने वाला आता है तो उसको पकड़ते हैं। साइबर क्राइम करने वाले बहुत से लोगों को पकड़ा गया है। चुनाव मुद्दों को लेकर उन्होंने कहा कि वे आज तो सिर्फ कार्यकताओं से मिल रहे हैं। दस वर्ष में पीएम नरेंद्र मोदी ने नई दिशा देश को दी है। इस दिशा को लेकर और आगे बढ़ेंगे। भाजपा ने संकल्प पत्र जारी किया है। सरकार द्वारा विकास की अनेक योजनाएं चलाई गई है। वहां पर सेंकड़ों हमारे साथ पार्टी में जुड? वाले हैं। इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष राजूमोर, महामंत्री डा. राज सैनी, महामंत्री सुखदीप बुआना समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।कांग्रेस पार्टी पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों का हालत यह होने वाली है कि जब वे भंडारे के टैंट में पहुंचेंगे तो उन्हें अंदर पूरी नही मिलेगी। जब वे टैंट से बाहर आएंगें तो उन्हें चप्पलें भी नही मिलेंगी। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियों के उम्मीदवार ना आने का भाजपा के उम्मीदवारों को लाभ पहुंच रहा है। चुनाव में मजा तब ही आता है जब सामने उम्मीदवार खड़ा हो।

बस्तर लोकसभा के भाजपा व कांग्रेस के उम्मीदवारों ने मतदान कर किया जीत का दावा

जगदलपुर,(एजेंसी)। बस्तर लोकसभा क्षेत्र में जारी मतदान के बीच बस्तर लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार महेश कश्यप ने गृहग्राम कलचा के बूथ क्रमांक 30 में कतार में लगकर मतदान किया। मतदान के बाद भाजपा उम्मीदवार ने जीत का दावा करते हुए कहा कि लोगों को प्रधानमंत्री की गारंटी के साथ मुझ पर भरोसा है। वहीं बस्तर लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार व पूर्व मंत्री कवासी लखमा ने पत्नी संग सुकमा जिले के अपने गृह ग्राम में मतदान किया। वोटिंग के बाद की कवासी लखमा ने जीत का दावा किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण देव शांति नगर स्कूल पोलिंग बूथ पर मतदान किया। मतदान के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने भाजपा की जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि बस्तर में भारी बहुमत से जीतेंगे, शांति और सुशासन के लिए बस्तर मतदान करेगा।

छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव सरकार के वन मंत्री केदार कश्यप ने गृहग्राम फरसागुड़ा में कतार में लगकर मतदान किया। मतदान के बाद मंत्री केदार कश्यप ने बस्तर वासियों से अधिक से अधिक मतदान की अपील की।

कांग्रेस के बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि क्षेत्र के मतदाताओं में मतदान को लेकर भारी उत्साह है। हम सभी मतदाताओं से अपील करते है कि मतदान केंद्र पहुंच कर वोट डालें। विक्रम मंडावी ने इस बार वोट का प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद जताई है।

कोंडागांव विधायक लता उसेडी ने सरगीपाल स्थित मतदान केंद्र पर कतार में लगकर मतदान किया। मतदान के बाद उन्होंने कहा कि 400 पर के अभियान में आज हम सब मतदान करने आएं है और विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए मैं सभी मतदाताओं को प्रथम चरण के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी महेश कश्यप को वोट देकर मोदी की गारंटी को पूरा करने में आप सभी का आशीर्वाद चाहिए।

पूर्व मंत्री मोहन मरकाम ने कोंडागांव भेलवापदर स्थित मतदान केंद्र पर मतदान किया। मतदान के बाद मीडिया कर्मियों से उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के पर्व में सबको वोट डालने का अधिकार है। छत्तीसगढ़ में लोकसभा की 11 सीटों पर हम कोशिश कर रहे हैं जीत दर्ज कर सके।

बस्तर कमिश्नर, आईजी, कलेक्टर व एसपी ने कतारबद्ध होकर किया मतदान

जगदलपुर,(एजेंसी)। कमिश्नर बस्तर संभाग श्याम धावड़े और आईजी बस्तर रेंज सुंदरराज पी. ने लोकसभा चुनाव के तहत आज (शुक्रवार) जगदलपुर शहर के शहीद भगतसिंह हाईस्कूल में स्थापित मतदान केन्द्र क्रमांक 75 में तथा कलेक्टर विजय दयाराम के. और पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने भैरमगंज स्कूल स्थित मतदान केंद्र 104 में सपरिवार कतारबद्ध होकर अपने मताधिकार का उपयोग किया। इस दौरान उन्होंने आदर्श मतदान केंद्र परिसर में बनाये गए सेल्फी जोन में सेल्फी भी ली। वहीं मतदान करने के लिए मतदान केंद्र में पहुंचे मतदाताओं का हौसला-अफजाई की। इस अवसर पर कमिश्नर, आईजी, बस्तर कलेक्टर ने बस्तर लोकसभा के सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के इस पर्व में व्यापक सहभागिता निभाने का आग्रह किया।

कमिश्नर श्याम धावड़े ने बस्तर संभाग के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि आज लोकतंत्र का महापर्व है और मतदाता के रूप में हम सभी को बहुमूल्य अधिकार मिला हुआ है इसका उपयोग अवश्य करें। बस्तर के सब मतदाताओं से विनम्र अपील करता हूं कि आप मतदान केंद्र जाएं अपने मताधिकार का उपयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में सहभागी बनें।

आईजी बस्तर रेंज सुंदरराज पी. ने बस्तर अंचल के सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाना हम सब की सयुंक्त जिम्मेदारी है, इस जिम्मेदारी को निभाने के लिए सभी मतदाता अपने घर से निकलकर मतदान केंद्र तक पहुंचे और निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें,ताकि लोकतंत्र के नींव को मजबूत करें और बस्तर क्षेत्र के विकास हेतु शांति एवं सुरक्षा के लिए अपना अमूल्य योगदान निभाएं। इस मतदान केन्द्र पर सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे ने भी कतारबद्ध होकर अपने मताधिकार का उपयोग किया।

स्थानीय शहीद भगतसिंह उच्चतर माध्यमिक स्कूल पथरागुड़ा के परिसर में 04 मतदान केंद्रों मतदान केन्द्र क्रमांक 75,76 तथा 146 एवं 148 को आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया है। जहां बस्तर की पारंपरिक लोक संस्कृति को रेखांकित किया गया है। घासफूस की झोपड़ी के साथ गौरसिंग पहने लोकनर्तक,ग्रामीण महिलाओं को बखूबी प्रदर्शित किया गया है।

जिले का औसत भूजल स्तर सवा दो मीटर गिरा

धमतरी, (एजेंसी)। मई-जून की गर्मी अपैल माह में ही पड़ रहा है। दोपहर का तापमान 41 डिग्री पार कर चुका है। असहनीय धूप, गर्मी और उमस से हर वर्ग व्याकुल है। वहीं गर्मी बढ़ने के कारण जिले का भूजल स्तर अभी से ही औसत दो मीटर गिर चुका है। यही वजह है कि कई हैंडपंप बंद है। बोर पंप हाफने लगा है। धमतरी व मगरलोड ब्लाक की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है।

मार्च माह के अंतिम सप्ताह और अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में ही इस साल मई-जून की गर्मी शुरू हो गई। दोपहर का अधिकतम तापमान 41 डिग्री पार हो चुका था। इस बीच एक सप्ताह से अधिक समय तक बेमौसम बारिश हुई। बादल वाला मौसम बना रहा। वहीं गंगरेल बांध से तालाबों को भरने के लिए निस्तारी पानी रूद्री बैराज से महानदी मुख्य नहर में छोड़ा जा रहा है, लेकिन भू जल स्तर रिचार्ज नहीं हो सका।

पीएचई विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले का औसत भूजल स्तर 17.27 मीटर है, जो वर्तमान में बढ़कर 19.30 मीटर हो चुका है। यह भूजल स्तर अधिक है। औसत भूजल स्तर से दो मीटर अधिक है। यही वजह है कि जिले के कई हैंडपंप व बोरपंप बंद हो चुका है। गांवों के बोर पंप हाफने लगा है। पानी की धार पतली हो गई है, जो लोगों की चिंता बढ़ा दी है। गर्मी ऐसा ही रहा, तो भू जलस्तर के और गिरने की आशंका है। पीएचई विभाग की मानें, तो धमतरी व मगरलोड ब्लाक में भूजल स्तर तेजी से गिरा है। मार्च माह में धमतरी का औसत भूजल स्तर 19.70 मीटर था, जो अब बढ़कर 20.50 मीटर हो चुका है। इस तरह धमतरी में एक मीटर भूजल स्तर गिरा है। वहीं कुरूद का भूजल स्तर मार्च माह में 17.30 मीटर था

गोकुलपुर वार्ड में नाली और पुलिया निर्माण में अनियमितता

धमतरी, (एजेंसी)। निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नगर निगम द्वारा गोकुलपुर वार्ड के भटगांव मोड़ के पास निकासी नाली निर्माण के साथ ही पुलिया भी बनाई जा रही है। निर्माण कार्य अभी जारी है। निर्माण के दौरान सीमेंटीकरण के बाद पानी से तराई की जाती है, लेकिन यहां पर निर्माण होने के कई दिनों बाद भी निकासी नाली और पुलिया के ऊपर पानी से तराई नहीं की जा रही है, जिससे इसकी गुणवत्ता कैसी होगी इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। वार्डवासियों ने गुणवत्तापूर्वक कार्य करने की मांग नगर निगम से की है।

गोकुलपुर वार्ड में भटगांव मोड़ के पास निकासी नाली और पुलिया का निर्माण किया गया है। गोकुलपुर वार्ड के रहवासी ध्रुव कुमार, तीजु यादव, किशोर साहू, अस्मत साहू, राजेंद्र कंवर, मनोज

साहू, महेश साहू, रामकुमार साहू, जीवन साहू ने बताया कि गोकुलपुर वार्ड में नाली निर्माण कराया गया है, साथ ही भटगांव मोड़ चौक के पास पुलिया का निर्माण किया गया है। पुलिया को बने पांच दिन हो गया हैं, पर इस पर एक भी दिन पानी नहीं डाला गया है। पानी नहीं डालने के कारण पुलिया की मजबूती कमजोर हो रही है निर्माण कार्य को देखने नगरनिगम के कर्मचारी भी नहीं पहुंचे हैं।

वार्ड के रहवासी सोमू साहू रामचंद साहू, हीरा साहू ने बताया कि यहां पर सीमेंटीकरण के बाद कई दिनों से पानी भी नहीं डाला गया। कृष्ण साहू, नरेंद्र साहू, बिहारी साहू, कांशी साहू बाबूलाल यदु महेश साहू, हेमू साहू, होमचन्द साहू, भेदू साहू, किशोर साहू, भगवान सिंह यादव, कमलेश ध्रुव, गोपाल साहू ने नगर निगम से संबंधित कार्य करने वाले पर कार्रवाई की मांग की है। गोकुलपुर वार्ड के भूपेंद निर्मलकर, गरीबा साहू लखन साहू ने कहा कि गोकुलपुर भटगांव मोड़ के पास बनाई गई इस निकासी नाली और पुलिया के ऊपर से 40 से 60 तक टन के भारी वाहन गुजरते हैं। यदि निर्माण के दौरान अनियमित बरती जाती है तो आने वाले दिनों में जल्द ही यह पुलिया टूट जाएगी।

वार्ड के लोग जब निर्माण कार्य में गंभीरता बरतने की बात संबंधित से करते हैं तो उस ओर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा। वार्डवासियों ने संबंधित पर कार्रवाई करने की मांग की है।इस संबंध में नगर निगम आयुक्त विनय कुमार पोयाम ने कहा कि संबंधित वार्ड में निगम से इंजीनियर भेजकर जांच करवाता हूं, उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कोरबा: दर्री जोन के कम मतदान वाले क्षेत्र में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

कोरबा,(एजेंसी)। नगर पालिक निगम केरबा के दर्री जोन अंतर्गत विगत चुनाव में मतदान प्रतिशत कम होने वाले क्षेत्र में आज शुक्रवार को मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन निगम द्वारा किया गया। जिसमें काफी संख्या में मतदाताओं ने भाग लिया। निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने उपस्थित मतदाताओं से अपने मताधिकार का उपयोग कर अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील किए जाने के साथ ही उन्हें मतदाता शपथ ग्रहण कराई।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विगत चुनावों में जिन क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत कम रहा है,

उन क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में विशेष फोकस रखते हुए अभियान संचालित हो रहे हैं। इसी कड़ी में आज जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संबित मिश्रा एवं निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के दिशा निर्देशन में नगर पालिक निगम केरबा के दर्री जोनांतर्गत एच.टी.पी.एस. आवासीय परिसर तथा उसके आसपास के क्षेत्रों में मतदाता रैली का आयोजन किया गया ।रैली के माध्यम से मतदाताओं को यह संदेश दिया गया कि वे अपने मताधिकार का उपयोग अनिवार्य रूप से करें।

निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने उपस्थित मतदाताओं को अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से उपयोग करने का संकल्प दिलाया तथा मतदाता शपथ ग्रहण कराई। उपस्थित लोगों ने शपथ लेते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

इस मौके पर निगम के उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, जोन कमिश्नर ए.के.शर्मा, सहायक अभियंता डी.सी.सोनकर जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, उप जोन प्रभारी मनीष ठाकुर, उप अभियंता अनिलकुमार राम, उप राजस्व निरीक्षक महेश्वर सिंह एवं तीजराम पटेल, सहायक राजस्व निरीक्षक रामाधार सागर के साथ-साथ काफी संख्या में मतदातागण उपस्थित थे।

शहर के भूमिगत और सतही जलस्त्रोतों का स्पेस और एआई के माध्यम से होगा सर्वे

रायपुर , (एजेंसी)। रायपुर नगर निगम क्षेत्र के भूमिगत जलस्त्रोतों और सतही जलस्त्रोतों को बचाने तथा संवर्धन के लिए उनका आधुनिक माध्यम जैसे स्पेस और एआई से सर्वे किया जाएगा। इसके लिए शुक्रवार को निगम और नई दिल्ली की एक कम्पनी के साथ एमओयू किया गया।

निगम मुख्यालय भवन व्हाईट हाउस में निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के साथ नई दिल्ली की आर्म्स 4 एआई लिमिटेड के सीईओ और फाउंडर के संचालक जागृति डबास के साथ एमओयू करने के साथ ही इस कार्य को लेकर विस्तृत चर्चा भी की। आर्म्स 4 एआई लिमिटेड स्टार्टअप कम्पनी है। भारत सरकार की शहरी आवास मंत्रालय द्वारा इस प्रकार के कार्यों के लिए परीक्षा ली गई थी। जिसमें जागृति डबास की आर्म्स 4 एआई कम्पनी विजेता चुनी गई थी। ये कम्पनी साल भर तक भूमिजल स्त्रोतों और सतही जलस्त्रोतों का सेटेलाईट और आर्टिफिशयल की मदद से सर्वे करेगी कि किस जगह पर कितना पानी है और उनका संवर्धन कैसे किया जाए तथा इनसे जुड़े अन्य चीजें बताएंगी। ये सभी कार्य भारत सरकार के खर्चे पर होगा। इसके साथ हैदराबाद स्तिथ एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कारपोरेशन ए एस सी आई भी इस कार्य से जुड़ा रहेगा।इस प्रकार निगम में पेयजल के लिए दूसरा मिशन प्रारम्भ हो रहा है। जिसे अमृत मिशन पॉइंट 2 नाम दिया गया है। अमृत मिशन की पहली योजना में शहर में घर - घर पेयजल पहुंचाने का कार्य किया गया। अब अमृत मिशन 2 पाइट ओ में भूमिगत जलस्त्रोतों और सतही जलस्त्रोतों को बचाने और उनके संवर्धन के लिए काम किया जाएगा।

संक्षिप्त खबरें

लोकसभा चुनाव : जांजगीर लोकसभा में अंतिम दिन 17 अभ्यर्थियों ने जमा किए नामांकन

कोरबा/ जांजगीर-चांपा (एजेंसी)। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र जांजगीर-चांपा के लिए नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन में आज शुक्रवार को कुल 02अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिया। 17 अभ्यर्थी द्वारा नामांकन पत्र कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी आकाश छिकारा के समक्ष जमा किया गया।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी ने बताया कि आज दीपक कुमार आजाद समाज पार्टी एवं शैलेन्द्र कुमार बंजारे शक्ति सेना (भारत) ने नाम निर्देशन पत्र लिया। इसके साथ ही आज महेन्द्र कुमार अनंत निर्दलीय, शैलेन्द्र कुमार बंजारे शक्ति सेना (भारत), विजयलक्ष्मी सूर्यवंशी नट असंख्य समाज पार्टी, रोहित डहरिया बहुजन समाजवादी पार्टी, रेवालाल सतनामी निर्दलीय, रामलखन खुंटे अंबेडकर राईट पार्टी ऑफ इंडिया, मनहरण लाल भारद्वाज गोड़वाना गणतंत्र पार्टी, अनिल मनहर हमर राज पार्टी, मंगलूराम सतनामी निर्दलीय, श्रीमती रूखमणी चेलकर सर्वआदी दल, हेमंत कुमार निर्दलीय, विजय कुमार कुर्रे राष्ट्रीय जनसभा पार्टी, सीमा महिलांगे निर्दलीय, कौशल जांगड़े राष्ट्रवादी भारत पार्टी, सुरेश कुमार निर्दलीय, दीपक कुमार आजाद समाज पार्टी, श्रीमती कमलेश जांगड़े भारतीय जनता पार्टी ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया।

कोरबा: प्रेक्षक सहित कलेक्टर की उपस्थिति में प्रशिक्षण आयोजित

कोरबा,(एजेंसी)। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदान दलों को पोलिंग किट का वितरण समय पर सुनिश्चित करने आज शुक्रवार को कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया।

इस अवसर पर प्रेक्षकद्वय प्रेमसिंह मीणा(आईएएस), कैलाश सुखदेव पगारे,कलेक्टर अजीत वसंत, नोडल अधिकारी श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई,जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, सहायक नोडल अधिकारी विकास चौधरी की उपस्थिति में पोलिंग किट तैयार करने वाले कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि किट में निर्धारित सामग्री उपलब्ध हो,ताकि जीरो एरर के साथ मतदान दल रवाना हो सके और मतदान हो।

प्रशिक्षण में बताया गया कि सीईओ कार्यालय से प्राप्त पोलिंग किट में किसी प्रकार की सामग्री की कमी तो नहीं है। कर्मचारियों को सभी सामग्री का मिलान करने के निर्देश दिए गए। इस संबंध में अंतिम जाँच 4 मई को करने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स डॉ बोगी शंकर राव, सुशील गुप्ता आदि उपस्थित थे।

बारात निकलने से पहले दुल्हा ने किया मतदान व विवाह के तुरंत बाद नवदंपत्ती पहुंचे मतदान केंद्र

जगदलपुर, (एजेंसी)। बस्तर लोकसभा चुनाव के पहले चरण में मतदान को लेकर मतदाताओं में काफी उत्साह है। इसी बीच बीजापुर से एक ऐसी तस्वीर सामने आई जिसमें दूल्हा दीपक गुप्ता का बारात निकलने से पहले परिजनों के साथ बीजापुर के मतदान केंद्र क्रमांक 160 राउतपारा में पहुंचा और मतदान किया। दीपक ने कहा कि देश को मजबूत लोकतंत्र देना, हम सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए। वहीं नारायणपुर में दूल्हा देवेश ठाकुर विवाह के तुरंत बाद दुल्हन गंगोत्री ठाकुर के साथ नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 42 गुरिया पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लेना हम सब का कर्तव्य है, इसलिए शादी के बाद पहला काम बूथ पर मतदान करने के रूप में किया।

कवासी लखमा, महेश कश्यप, मंत्री केदार और भाजपा अध्यक्ष किरण देव ने किया मतदान

जगदलपुर/रायपुर, (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में छत्तीसगढ़ की एक मात्र बस्तर सीट में भी सुबह 7 बजे से वोटिंग शुरू हो गई है। संवेदनशील इलाकों में सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक और सामान्य इलाकों में सुबह 7 बजे से 5 बजे तक मतदान होगा। वहीं परिणाम चार जून को घोषित किए जाएंगे। मतदान केन्द्र के बाहर सुबह से ही लंबी-लंबी लाइन दिख रही है।

कांग्रेस उम्मीदवार कवासी लखमा ने परिवार सहित सुकमा में मतदान किया। भाजपा उम्मीदवार महेश कश्यप ने अपने गृहग्राम कलचा में मतदान किया। नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के फरसागुड़ा पोलिंग बूथ में कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मंत्री ने कहा कि पूरे देश का वातारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में नजर आ रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव ने अपने मतदान का प्रयोग किया है। जनप्रतिनिधियों के अलावा बस्तर के अधिकारियों ने भी मतदान कर लोकतंत्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया।

उरला में बिजली ट्रांसफार्मर में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

रायपुर, (एजेंसी)। राजधानी से सटे उरला इलाके में शुक्रवार सुबह भयंकर आग लग गयी। अनुमान लगाया जा रहा है कि तेज गर्मी की वजह से ट्रांसफार्मर में भीषण आग लगी है। जानकारी के अनुसार गणपति इस्पात उरला के परिसर में लगे बिजली ट्रांसफार्मर में आग लग गई, जिसकी सूचना उपस्थित कर्मचारियों ने पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी।

फायर ब्रिगेड द्वारा मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया गया है। फिलहाल फायर ब्रिगेड की सतर्कता से बड़ी घटना टल गई। उल्लेखनीय है कि हाल ही में राजधानी के गुढ़ियारी इलाके में स्थित बिजली गोदाम में आग लग गई थी। आठ हजार ट्रांसफार्मर जलकर राख हो गया था, जिसमें 125 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

राजनीतिक दल के लिए चुनाव प्रचार करने वाले दो कर्मचारी निलंबित

रायपुर / बीजापुर , (एजेंसी)। राजनीतिक दल का प्रचार करने पर कलेक्टर ने दो कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। मामला बीजापुर जिला का है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक बीजापुर कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने प्रकाश कुमार ठाकुर सहायक ग्रेड-3 जनपद पंचायत बीजापुर और सचिव मिरजा खान ग्राम पंचायत बामनपुर जनपद पंचायत भोपालपट्टनम शासकीय सेवक होते हुए सोशल मीडिया में राजनैतिक दलों का प्रचार-प्रसार करने की शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसके बाद कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग पाण्डेय ने जांच के बाद आरोप सही पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। कलेक्टर ने यह आदेश गुरुवार की देर शाम को जारी किया है।

कुमाऊं विवि ने 20 से 25 अप्रैल तक खोला अपना पोर्टल

नैनीताल, (एजेंसी)। कुमाऊं विश्वविद्यालय ने अपने परिसरों एवं महाविद्यालयों के स्नातक पाठ्यक्रम के तहत चौथे व छठे तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के चौथे, छठे, आठवें व दसवें सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए तथा एनईपी यानी नई शिक्षा नीति के अंतर्गत, स्नातकोत्तर व व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के द्वितीय सेमेस्टर के लिए समर्थ पोर्टल को 20 से 25 अप्रैल तक खोल दिया है।

कुमाऊं विवि के परीक्षा नियंत्रक डॉ. महेंद्र राणा ने एनईपी के परीक्षार्थियों से परीक्षा फार्म में अपनी एबीसी आईडी स्पष्ट रूप से अंकित करने को कहा है, ताकि उनके द्वारा अर्जित क्रेडिटों को एबीसी अकाउंट-डिजी लॉकर में भी प्रविष्ट किया जा सके।